हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● शुक्रवार ● 07.11.2025 ● वर्ष : 16 ● अंक : 102 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## बिहार में पहले चरण की वोटिंग संपन्न

## 64.46 फीसदी रहा मतदान प्रतिशत

### 16 मंत्रियों की किस्मत ईवीएम में हुई बंद, लखीसराय में डिप्टी सीएम और राजद एमएलसी के बीच भिड़ंत



### राजद समर्थकों ने घेरी बिहार डिप्टी सीएम की गाड़ी, चप्पलें फेंकीं-लगाए मुर्दाबाद के नारे

**लखीसराय :** पहले चरण की वोटिंग के बीच बड़ी खबर आई है। लखीसराय में बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के बीच बड़ा बवाल देखने को मिला जब राजद समर्थकों ने बिहार के डिप्टी सीएम और बीजेपी उम्मीदवार विजय कुमार सिन्हा की गाड़ी को घेर लिया। गुस्साए कार्यकर्ताओं ने न सिर्फ चप्पलें फेंकीं बल्कि विजय सिन्हा मुर्दाबाद के नारे लगाकर माहौल को तनावपूर्ण बना दिया। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों को भी हालात संभालने में खासी मशक्कत करनी पड़ी। यह घटना उस वक्त हुई जब विजय कुमार सिन्हा लखीसराय में जनसंपर्क अभियान के तहत जनता से मिलने पहुंचे थे। लेकिन जैसे ही उनका काफिला एक गांव के पास पहुंचा, दर्जनों आरजेडी कार्यकर्ता सड़क पर उतर आए और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

एजेंसी

**पटना :** बिहार में विधानसभा चुनाव के तहत पहले चरण का मतदान खत्म हो गया है। शाम पांच बजे तक 18 जिलों की 121 विधानसभा सीटों पर 64.46 फीसदी मतदान हुआ है। पहले चरण के मतदान में कुल 1314 उम्मीदवार मैदान में थे। इनमें 1192 पुरुष और 122 महिलाएं शामिल हैं। पहले चरण की 102 सीटें सामान्य वर्ग के लिए हैं, जबकि 19 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित थी। इस चरण में कुल 3 करोड़ 75 लाख 13 हजार 302 मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए आयोग ने साधन उपलब्ध कराए थे। इनमें 1 करोड़ 98 लाख 35 हजार 325 पुरुष, 1 करोड़ 76 लाख 77 हजार 219 महिलाएं, और 758 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल थे।

मतदान सुबह सात बजे से लेकर शाम छह बजे तक चला। वहीं सुरक्षा कारणों से मुंगेर जिले की तीन सीटें तारापुर, मुंगेर और जमालपुर के अलावा सिमरी बख्तियारपुर, महिषी और सूर्यगढ़ा के 56 मतदान केन्द्रों पर मतदान शाम पांच बजे तक ही हुआ। प्रथम चरण में 1314 उम्मीदवार मैदान में हैं, इनमें सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, तेजस्वी यादव, खेसारी लाल यादव सहित कई दिग्गज नेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है।

साल 2000 के बिहार विधानसभा चुनाव में सबसे ज्यादा वोटिंग हुई थी। आरजेडी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी, लेकिन बहुमत से कुछ सीटें कम रह गईं। जेडीयू और बीजेपी अलायंस में थे। कांग्रेस और कुछ अन्य छोटे दलों को कुछ सीटें मिली थीं। राबड़ी देवी ने बहुमत होने का दावा किया और फिर मुख्यमंत्री बनीं। उनकी सरकार 2005 तक चली, जब राज्य में राजनीतिक अस्थिरता के बाद विधानसभा भंग हुई और दोबारा चुनाव कराए गए।

सम्राट चौधरी ने मतदान के बाद कहा, 121 सीट में से लगभग 100 सीट एनडीए जीत रही है। 2010 के रिजल्ट का रिकॉर्ड तोड़ देंगे। महागठबंधन के मुख्यमंत्री उम्मीदवार तेजस्वी भी चुनाव हार रहे हैं। लालू परिवार का कोई भी व्यक्ति चुनाव नहीं जीत रहा। बिहार में पहले चरण के मतदान में शाम को वोटर्स की लंबी-लंबी कतारें हैं। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के खत्म होने के बाद जनसुराज प्रमुख प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार में बदलाव होने जा रहा है। उन्होंने कहा, पिछले 30 साल में सबसे ज्यादा वोटिंग यह दिखाती है कि बिहार में बदलाव होने जा रहा है। 14 तारीख को नई व्यवस्था बनने जा रही है।

## एक नजर

### दामोदर नदी में डूबे युवकों की तलाश जारी, 4 शव बरामद

**धनबाद :** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार को धनबाद-बोकारो फोरलेन स्थित तेलमोच्चो पुल के नीचे दामोदर नदी में हुए हादसे में मृतकों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। जानकारी के अनुसार अबतक स्थानीय गोताखोरों की मदद से चार युवकों का शव नदी से बाहर निकाला जा चुका, जबकि दो युवकों की तलाश अब भी जारी है। घटना के संबंध में अबतक मिली जानकारी के अनुसार, कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर 10 युवकों की दो अलग-अलग टोली तेलमच्चो स्थित दामोदर नदी में पुण्य स्नान करने पहुंची थी। इसमें पहली टोली बाघमारा स्थित भीमकनाली के युवकों की थी। बुधवार को भीमकनाली से आए 5 युवक नदी में स्नान के लिए नदी में उतरे और अचनाक वे सभी नदी की तेज धारा में बहने लगे तभी वहां मौजूद स्थानीय ग्रामीणों ने किसी तरह उनमें से तीन युवकों को बचाकर नदी से बाहर निकाला। वहीं भीमकनाली के दो युवक सुमित राय (17) और सनी चौहान (21) नदी की तेज धारा में कही गायब हो गए। लापता सुमित राय के पिता दिलीप राय और सनी चौहान के पिता रामाज्ञा चौहान बीसीसीएल कर्मी बताए जाते हैं।

### पलामू में 60 फरार आरोपी गिरफ्तार

**पलामू :** पलामू प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिन्हा के निर्देश पर और पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन के नेतृत्व में 4-5 नवम्बर को जिले में विशेष अभियान चलाकर 60 फरार आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान 61 वारंटों का निष्पादन हुआ, जबकि छह स्थायी वारंटों का निष्पादन किया गया। एसपी ने गुरूवार को बताया कि जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों ने सक्रियता और समन्वय के साथ कार्रवाई की, जिसमें 60 अभियुक्तों की गिरफ्तारी हुई। 61 वारंटों और 6 स्थायी वारंटों का निष्पादन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य न्यायालय से निर्गत वारंट और कुर्की आदेशों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करते हुए अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाना और जिले में विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ करना था। पुलिस अधीक्षक ने अभियान में शामिल सभी पुलिस पदाधिकारियों की सराहना की है। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई जिले में अपराध नियंत्रण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

## घाटशिला का स्वाभिमान 'तीर-कमान', इसे मजबूत बनाना हमारी जिम्मेदारी : कल्पना



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** घाटशिला विधानसभा उपचुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। गुरुवार को घाटशिला प्रखंड के दामपाड़ा स्थित गांधनिया हाट मैदान में झारखंड मुक्ति मोर्चा (गठबंधन) प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन के समर्थन में विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। इस जनसभा में गांडेय विधायक और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

सभा स्थल पर सुबह से ही लोगों की भीड़ उमड़ने लगी थी। जैसे-जैसे दोपहर होती गई, मैदान झंडों, पोस्टरों और झामुमो के नारे तीर-कमान जीत सुनिश्चित से गूंज उठा। मंच पर पहुंचने के बाद कल्पना सोरेन का पार्टी कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। मौके पर उन्होंने कहा कि घाटशिला की धरती हमेशा से झारखंड आंदोलन और उसकी अस्मिता की रक्षा की प्रतीक रही है। उन्होंने कहा कि यह इलाका झारखंड के स्वाभिमान का प्रतीक है। दिशोम गुरु शिबू सोरेन और रामदास सोरेन जैसे आंदोलनकारियों के संघर्ष से ही आज हम झारखंड को अपनी पहचान के साथ देख पा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हम उनके चित्रों पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि तो देते हैं, लेकिन सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब इस उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन को भारी मतों से जीताकर विधानसभा भेजेंगे। घाटशिला का मान, सम्मान और स्वाभिमान तीर-कमान है। इसे मजबूत बनाना हम सबकी जिम्मेदारी है। कल्पना सोरेन ने लोगों से एकजुट होकर गठबंधन उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लगातार काम कर रही है और जनता से मिले विश्वास को कभी टूटने नहीं दिया जाएगा।

इस मौके पर झामुमो के कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, प्रखंड और पंचायत स्तर के कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभा में स्थानीय ग्रामीणों, महिला समूहों और युवा मोर्चा के सदस्यों की उपस्थिति रही।

## स्वदेशी हाइड्रोग्राफिक पोत 'इक्षक' को नौसेना ने अपने युद्धक बेड़े में किया शामिल

### भारत की व्यापक समुद्री सीमाओं की सुरक्षा करने के अपने मिशन को अंजाम देगा



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारतीय नौसेना ने अपनी जल सर्वेक्षण क्षमताओं को और मजबूत बनाने के लिए गुरुवार को कोच्चि के नौसेना बेस पर स्वदेशी हाइड्रोग्राफिक पोत ह्यइक्षकद्ग अपने युद्धक बेड़े में शामिल किया है। दक्षिणी नौसेना कमान का हिस्सा बनने वाला यह सर्वेक्षण पोत समुद्री क्षेत्रों का अन्वेषण करने के साथ भारत की व्यापक समुद्री सीमाओं की सुरक्षा करने के अपने मिशन को अंजाम देगा। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने कमीशनिंग क्रू को बधाई देते हुए कहा कि मुझे विश्वास है कि आप निडर भावना, साहस और दृढ़ता के साथ नाविकों को महासागरों के पार सुरक्षित मार्गदर्शन प्रदान करके 'इक्षक' के आदर्श वाक्य 'निर्भय वीर पथ प्रदर्शक' पर खरा उतरेंगे।

नौसेना के मुताबिक अपनी श्रेणी के तीसरे पोत के रूप में 'इक्षक' का नौसेना में शामिल होना उन्नत, अत्याधुनिक प्लेटफार्मों के निर्माण के प्रति नौसेना की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिससे क्षमता वृद्धि और आत्मनिर्भरता की गति को बल मिलेगा। कोलकाता के गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) लिमिटेड में जहाज उत्पादन निदेशालय और युद्धपोत निरीक्षण दल की देखरेख में निर्मित इक्षक में 80 फीसदी से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है। यह 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान की सफलता के साथ-साथ जीआरएसई और देश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के बीच सशक्त होते सहयोग व तकनीकी सामंजस्य का प्रमाण है।

जहाज का नाम 'इक्षक' इसलिए रखा गया है, क्योंकि इसका अर्थ 'मार्गदर्शक' है। यह नाम जहाज के मिशन का प्रतीक है, जिसका कार्य अज्ञात का पता लगाना, नाविकों के लिए सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित करना और भारत की समुद्री शक्ति को मजबूत करना है।

## बिहार चुनाव में जुटीं अंबा प्रसाद, प्रियंका गांधी के साथ लखीसराय में किया जोरदार प्रचार

एजेंसी

**लखीसराय :** बिहार विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान गुरूवार को पूर्वी चंपारण जिले के गोविंदगंज विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी ई. शशिभूषण राय के पक्ष में एक जनसभा को संबोधित करते कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि अगर बिहार विधानसभा चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से कराए गए तो 20 साल से बिहार के सत्ता पर काबिज एनडीए सरकार की हार तय है। उन्होने कहा कि बिहार की मौजूदा सरकार युवाओं के लिए कोई काम नहीं किया। बिहार में पलायन और बेरोजगारी चरम पर है। उन्होंने एनडीए सरकार पर आरोप लगाते कहा कि देश के विकास में बड़ा योगदान देने वाले बिहार के लोगो के प्रति कोई सम्मान नहीं है।एनडीए विकास के नाम पर नही धर्म के नाम वोट मांग रही है।अब बिहार में ऐसी सरकार की जरूरत है,जो गरीबों, महिलाओं और युवाओं के लिए काम करने वाली हो। प्रियंका गांधी ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी



द्वारा हरियाणा में कथित वोट चोरी को लेकर बुधवार को किए गए खुलासे पर कहा , 'भाजपा ने हरियाणा में पूरी सरकार चोरी कर ली। वहां 25 लाख फर्जी वोट पाए गए। ऐसी वोट चोरी से आपके अधिकार छीने जा रहे हैं और उस संविधान को कमजोर किया जा रहा है,जिसके लिए महात्मा गांधी जी लड़े, मेरे परिवार के लोग शहीद हुए। कांग्रेस सांसद ने महागठबंधन के पोस्टर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बयान पर कहा, 'नरेन्द्र मोदी विपक्षी पार्टियों के पोस्टर में लोगों की फोटो नापते रहते हैं। वह देश के प्रधानमंत्री हैं, क्या उनके पास और कोई काम नहीं है? हम कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता हैं, जिनको महात्मा गांधी जी ने रास्ता दिखाया. महात्मा गांधी जी को ये रास्ता दिखाने वाले चंपारण के आपके पूर्वज थे। बिहार के लोगों को इस देश में अपनी भागीदारी समझनी पड़ेगी। आपको समझना पड़ेगा कि इस देश को बनाने में आपके पूर्वजो ने कितनी बड़ी कुबार्नी दी।

इसी क्रम में उन्होंने लखीसराय विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी अमरेश कुमार अनीश के समर्थन में आयोजित एक विशाल जनसभा में हिस्सा लिया, जहां उन्होंने प्रियंका गांधी के साथ मंच साझा किया। सभा में हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे, जिन्होंने कांग्रेस के पक्ष में नारे लगाए और बदलाव की मांग की। अंबा प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा, सड़कों पर उमड़ा यह जनसैलाब सिर्फ एक भीड़ नहीं, बल्कि परिवर्तन की लहर है। लखीसराय की जनता ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अब बदलाव होकर रहेगा। इस बार कांग्रेस प्रत्याशी अमरेश कुमार अनीश की जीत सुनिश्चित है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने वर्षों से जो उम्मीदें संजोई हैं, अब उन्हें पूरा करने का समय आ गया है। हम सब मिलकर एक ऐसा बिहार बनाएंगे जहां युवाओं को रोजगार मिले, किसानों को उनका अधिकार मिले और महिलाओं को बराबरी का सम्मान मिले, उन्होंने कहा। अंबा प्रसाद ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से भी अपील की कि वे गांव-गांव जाकर पार्टी की नीतियों को लोगों तक पहुंचाएं।

उन्होंने कहा, आपका साथ ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। जनता के भरोसे और कांग्रेस की विचारधारा पर हमें पूरा विश्वास है कि बिहार में बदलाव निश्चित है।

## एनडीए घुसपैठिए को देश से निकालने में तो कांग्रेस और राजद उसे बचाने में लगा है : नरेन्द्र मोदी

एजेंसी

**अररिया :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फारबिसगंज हवाई अड्डा मैदान में नौ विधानसभा के एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में गुरुवार को चुनावी सभा को संबोधित किया। भारी संख्या में उमड़ी भीड़ से गदगद प्रधानमंत्री ने लालू राबड़ी के 15 साल के शासनकाल जमकर प्रहार किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की सबसे बड़ी चुनौती घुसपैठिए है। एनडीए सरकार एक एक घुसपैठियों का पहचान कर उसे देश से बाहर निकालने में लगी है तो कांग्रेस और राजद घुसपैठियों को बचाने के लिए तरह तरह की भ्रांतियां और झूठी बातों को फैला रहे हैं। उन्होंने घुसपैठिए के मामले में कहा कि राजद और कांग्रेस वालों को जब जब मौका



मिला,घुसपैठियों को भारत का नागरिक बनाने में लगे रहे। उन्होंने कहा कि घुसपैठिए देश के नागरिकों के हक पर कब्जा कर रहे हैं।

पीएम ने लालू प्रसाद और राबड़ी देवी के शासन काल पर हमलावर होते हुए कहा कि 15 साल के उस जंगलराज वाले शासनकाल के आंकड़ा शून्य को याद कर लीजिए,जो उसका रिपोर्ट कार्ड है। 1990 से 2005 के शासनकाल में सरकार बनाने के नाम पर बिहार को लूटकर तबाह कर दिया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि 15 साल के जंगलराज में एक्सप्रेस-वे शून्य,15 साल के जंगलराज के शासनकाल में कोसी और गंगा पर पुल शून्य, 15 साल के जंगलराज के शासनकाल में टूरिस्ट सर्किल का विस्तार शून्य,15 साल के जंगलराज में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स शून्य,15 साल के जंगलराज के शासनकाल में मेडिकल कॉलेज शून्य, बिहार में 15 साल के जंगलराज में आईआईटी, आईआईएम, मिशन लॉ यूनिवर्सिटी की संस्था शून्य रही।

उन्होंने कहा कि एनडीए ने बहुत मुश्किल से जंगलराज से बिहार को बाहर निकाला है। आज बिहार में पटना में आईआईटी,बोधगया में आईआईएम, पटना में एम्स, दरभंगा में एम्स का निर्माण प्रगति पर, बिहार में नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, भागलपुर में ट्रिपल आईआईटी, चार सेंट्रल यूनिवर्सिटी स्थापित की गई है। गंगा पर चार पुल बनाए गए हैं। कोसी पर तीन नए पुल बनाए गए और तीन नए पुल बनाने का काम चल रहा है। बिहार में सात एक्सप्रेस-वे में एक का काम पूरा हो गया है। सीमांचल में आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर को विकसित किया जा रहा है। गोरखपुर सिलीगुड़ी एक्सप्रेसवे से इस इलाके की तस्वीर बदलने वाली है। एनडीए की सरकार नागरिकों की बेहतर जिंदगी को लेकर दृढ़ संकल्पित है। गरीबों को पक्का मकान, जरूरतमंदों को मुफ्त अनाज, नल से जल, मुद्रा योजना के तहत स्वरोजगार के लिए बिना गारंटी के मुद्रा लोन दिए जा रहे है। युवाओं को स्वरोजगार के लिए तीन लाख करोड़ मुद्रा लोन दिए गए हैं। कांग्रेस पर हमलावर होते हुए पीएम ने कहा कि कांग्रेस के नामदार को देश की आस्था से कोई मतलब नहीं रह गया है। कांग्रेस के नामदार छठी मईया की पूजा को ड्रामा बताते हैं और यह छठी मईया और आस्था का अपमान हुआ या नहीं।

## एसीबी ने 65 हजार रिश्वत लेते प्रधान सहायक को किया गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**लातेहार :** लातेहार जिला परिषद कार्यालय में कार्यरत प्रधान सहायक संतोष सिंह को गुरुवार को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) पलामू की टीम ने 65 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि संतोष सिंह एक संवेदक से बिल भुगतान के लिए पैसे की मांग कर रहे थे। संवेदक की शिकायत के बाद एसीबी ने कार्रवाई करते हुए प्रधान सहायक को गिरफ्तार किया।


एसीबी से मिली जानकारी के अनुसार जिला परिषद कार्यालय के माध्यम से लातेहार में एक पुल निर्माण का कार्य किया जा रहा था। निर्माण कार्य करने के बाद संवेदक पैसे की भुगतान के लिए पिछले कई दिनों से विभाग का चक्कर काट रहा था। परंतु



भुगतान के लिए संवेदक से पैसे की मांग की जा रही थी। परेशान होकर संवेदक ने पलामू एसीबी की टीम से इसकी शिकायत की। शिकायत के बाद एसीबी की टीम अपने स्तर से पूरे मामले की छानबीन करने के बाद आरोपित को रंगे हाथ पकड़ने की योजना बनाई। योजना के तहत संवेदक ने प्रधान सहायक को 65 रुपये रिश्वत देने पर सहमति जताई और गुरुवार को पैसे लेकर वह प्रधान सहायक के आवास पर पहुंचा। प्रधान सहायक ने जैसे ही पैसे लिए वैसे ही घर के बाहर खड़ी एसीबी की टीम वहां पहुंची और पैसे के साथ संतोष सिंह को हिरासत में ले लिया। पैसे की मिलान करने के बाद संतोष सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके बाद आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी कर पलामू एसीबी की टीम आरोपी को गिरफ्तार कर अपने साथ पलामू ले गई।

## बड़कागांव पुलिस ने अवैध कोयला लदे आठ ट्रैक्टर किए जब्त, सात चालक गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** एसडीपीओ पवन कुमार के नेतृत्व में बड़कागांव पुलिस ने बीती रात 11 बजे अवैध कोयले की कारोबार को लेकर छापेमारी की गई। जिसमें मोतरा घाटी में पुलिस ने 8 अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर को जप्त किया एवं 7 चालकों को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। उक्त आशय की जानकारी बड़कागांव पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी एसडीपीओ पवन कुमार ,थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्ता ने बड़कागांव पुलिस अनुमंडल कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी है। एसडीपीओ पवन कुमार ने बताया कि कई गांव के लोगों के द्वारा गुप्त रूप से अवैध कोयला कारोबार करने की सूचना मिली थी। टीम गठित कर पुलिस के द्वारा कार्रवाई की गई । कार्रवाई में 8 अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर को जप्त किया गया , वही 7 चालक को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। सभी चालक अलग-अलग गांव के हैं। एक चालक अंधेरे का लाभ उठाकर जंगल की ओर फरार हो गया। मामले को लेकर पुलिस ने सभी वाहन मालिक के ऊपर बड़कागांव थाना में मामला दर्ज किया है। सभी जप्त अवैध कोयला लदा ट्रैक्टरों को कटकम दाग थाना में रखा गया है। जेल भेजे गए ट्रैक्टर चालकों में राहुल कुमार उर्फ छोटेलाल कुमार पिता शंकर भुईया हैसालौंग थाना गिद्दी सी जिला हजारीबाग, संतोष भुईया पिता ललवा भुईयाँ अम्बाजीत, गोविन्द गंझू पिता निर्मल गंझू बलोदर, कुलदीप कुमार पिता स्व. रतन साव हरली,अजय कुमार तुरी पिता-स्व० रुपलाल तुरी गोन्दलपुरा सुभाष कुमार पिता नागेश्वर महतो हारम थाना कटकमदाग, सुजीत कुमार पिता बिन्दु राणा ग्राम गोन्दलपुरा का नाम शामिल है। वहीं छापेमारी में मुख्य रूप से बड़कागांव एसडीपीओ पवन कुमार, इंस्पेक्टर ललित कुमार, बड़कागांव थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्ता, पु०अ०नि० अमित कुमार और बडकागाँव थाना रिजर्व गार्ड शामिल थे।

## लखीसराय विस क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में प्रियंका गांधी साथ किया प्रचार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय सचिव बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक अंबा प्रसाद बिहार चुनाव में जोर-शोर से प्रचार कार्य में लगी हुई है। इसी कड़ी में लखीसराय विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी अमरेश कुमार अनीश के समर्थन में प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ अंबा प्रसाद ने रैली एवं मंच में साझा किया। जन समर्थन कार्यक्रम के सफल आयोजन के पश्चात अंबा प्रसाद ने कहा कि सड़कों पर उमड़ा भारी जन-सैलाब सिर्फ एक भीड़ नहीं, बल्कि परिवर्तन की लहर है। लखीसराय की जनता ने स्पष्ट संदेश दे दिया है कि अब बदलाव होकर रहेगा और लखीसराय विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी अमरेश की जीत सुनिश्चित है। अंबा प्रसाद ने बिहार वासियों से कहा कि सभी के सहयोग से हम एक मजबूत, समृद्ध और खुशहाल लखीसराय और खुशहाल बिहार बनाएंगे। आपका साथ ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है।

## समाज कल्याण एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की हुई समीक्षा बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में समाज कल्याण एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं की गहन समीक्षा की गई एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में पोषण ट्रैकर ऐप में लाभार्थियों का आधार सत्यापन एवं फेस ऑथेंटिकेशन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, ओल्ड कैश पेंडेंसी, पोषण अभियान अंतर्गत फेशियल रिकॉग्नाइजेशन सिस्टम की वर्तमान स्थिति, कुपोषित एवं अति गंभीर कुपोषित बच्चों की संख्या, सम्मर अभियान, उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम, आंगनबाड़ी केंद्र भवनों की भौतिक स्थिति, बिजली, गैस, शौचालय एवं पेयजल कनेक्शन की उपलब्धता, सावित्रीबाई फुले एवं मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, तथा आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका चयन की स्थिति पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने बैठक में कम प्रगति वाले प्रखंडों पर असंतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों को तेज गति से लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, एम.टी.सी. में बेड खाली रहने सहित अन्य योजनाओं में कम प्रगति वाले परियोजना से स्पष्टीकरण करते हुए प्रगति बढ़ाने का निदेश दिया। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के संदर्भ में उपायुक्त ने कहा कि योग्य लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें योजना का लाभ सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त ने सम्मर अभियान के कार्यान्वयन पर विस्तृत चर्चा करते हुए पोर्टल पर डाटा अपलोड करने का निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को अपने क्षेत्र में नियमित भ्रमण कर प्रखंड स्तर पर संचालित योजनाओं का निरीक्षण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर कार्य प्रगति धीमी है, वहां नियमित समीक्षा करते हुए समस्याओं का समाधान किया जाए एवं प्रगति में सुधार लाया जाए। बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती शिप्रा सिन्हा, सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका, जिला कार्यालय के अभिषेक कुमार सिंह, अनुभा श्वेता होरो, सतीश कुमार रजक सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## चौपारण में वन भूमि पर अवैध कब्जे की कोशिश नाकाम, अफीम की खेती की साजिश विफल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चौपारण :** प्रखंड के विभिन्न वन क्षेत्रों में लगातार जंगलों को उजाड़कर अवैध कब्जा करने की कोशिशें जारी हैं। इन दिनों कुछ लोग वन भूमि पर तेजी से समतलीकरण और घेराबंदी कर अफीम गांजा जैसे मादक पदार्थो की खेती शुरू करने का प्रयास कर रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को भगहर क्षेत्र से एक बड़ा मामला सामने आया, जिस पर वन विभाग ने त्वरित कार्रवाई की। गुप्त सूचना के आधार पर वन विभाग की टीम ने छापेमारी कर लगभग डेढ़ एकड़ वन भूमि पर की जा रही जुताई और समतलीकरण की गतिविधियों पर रोक लगा दी। मौके पर बांस से की गई घेराबंदी को तुरंत हटाया गया और इस कार्य में संलिप्त लोगों की पहचान शुरू कर दी गई। प्रभारी वनपाल संटू कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया और टीम के साथ मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की गई। इस प्रकरण में चार नामजद और अन्य अज्ञात व्यक्तियों पर वनवाद दायर करने की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि मेरे जॉइनिंग का अभी तीसरा दिन है, लेकिन मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूँ कि यदि किसी ने भी वन भूमि पर अवैध कब्जा किया है, तो उस पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अफीम की अवैध खेती किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सूत्रों के अनुसार, भगहर के कुलदीप दांगी, जीतन दांगी, गोरेलाल दांगी और कपिल दांगी समेत अन्य पर जंगल उजाड़ने और कब्जा करने के आरोप लगाए गए हैं। फिलहाल वन विभाग ने क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी है और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष टीमों को सतर्क कर दिया गया है।

## व्यापारियों की सुरक्षा और सम्मान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है : मुन्ना सिंह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने गुरुवार को हजारीबाग डेली सब्जी मार्केट का दौरा कर हाल ही में हुई आगजनी की घटना से प्रभावित दुकानों का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर पहुँचकर व्यापारियों से संवाद किया और उनकी व्यथा एवं समस्याओं को विस्तारपूर्वक सुना। सिंह ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए वे व्यक्तिगत रूप से हजारीबाग उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह एवं नगर आयुक्त से बातचीत कर आवश्यक पहल करेंगे। उन्होंने कहा कि बाजार परिसर में CCTV कैमरे लगाने और रात्रि सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाएगी, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।इस दौरान उन्होंने सब्जी बाजार के ठेकेदार विनोद कुमार सिंह से भी मुलाकात कर बाजार की समग्र सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा किया। श्री सिंह ने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा और सम्मान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनता की आवाज ही हमारी असली ताकत है, और उनके साथ हर परिस्थिति में खड़ा रहना ही सच्ची जनसेवा है। इस दौरान मौके पर मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी महानगर के अध्यक्ष प्रवेज अहमद, कांग्रेस नेता भैया असीम कुमार, विजय सिंह, मुस्ताक अंसारी व जिला कांग्रेस कांग्रेस कार्यालय प्रभारी अनिल कुमार भुईयां निजी मिडिया प्रतिनिधि विक्की कुमार धान मौजूद थे।

## जूटक्राफ्ट प्रशिक्षण से महिलाओं को मिली आत्मनिर्भरता की राह, 25 दिवसीय कौशल उन्नयन प्रशिक्षण का हुआ समापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के सौजन्य से जन जागरण केंद्र बरही, हजारीबाग द्वारा आयोजित 25 दिवसीय जूटक्राफ्ट कौशल उन्नयन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह बसरिया गांव स्थित बरही सेंटर में आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण 09 सितम्बर से 09 अक्टूबर 2025 तक चला, जिसमें स्थानीय महिलाओं एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं और युवाओं को जूटक्राफ्ट की आधुनिक तकनीकों एवं डिजाइनों का प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार एवं आजीविका सृजन के अवसर प्रदान करना था। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को जूट उत्पादों की डिजाइनिंग, निर्माण, गुणवत्ता सुधार, पैकेजिंग और विपणन से संबंधित व्यावहारिक जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें टूलकिट, प्रिंटिंग मशीन और जूट सिलाई मशीन के उपयोग का प्रशिक्षण भी दिया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड, हजारीबाग के जिला उद्यमी समन्वयक श्रीश त्रिपाठी, जन जागरण केंद्र के निदेशक अजय कुमार सिंह, बसरिया मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, प्रखंड उद्यमी समन्वयक सुरेश चंद्र महतो, मास्टर ट्रेनर मोहम्मद ऐहसान, जैनुल तथा केंद्र के बरही कोऑर्डिनेटर चितरंजन उपस्थित थे। मुखिया प्रतिनिधि ने कहा कि जूटक्राफ्ट प्रशिक्षण से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। पारंपरिक कला को आधुनिक तकनीक से जोड़कर अब ग्रामीण महिलाएं घर बैठे स्वरोजगार स्थापित कर सकती हैं। यह प्रशिक्षण महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के साथ क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी सशक्त करेगा। प्रशिक्षण उपरांत सफल प्रतिभागियों को प्रशिक्षण एजेंसी द्वारा वर्क ऑर्डर दिया जाएगा और उन्हें विभिन्न मेलों में अपने उत्पाद प्रदर्शित करने का अवसर भी मिलेगा। साथ ही मुख्यमंत्री लघु कुटीर बोर्ड के सहयोग से बरही में जूटक्राफ्ट की लघु उत्पादन इकाई स्थापित की जा रही है, जिसमें प्रशिक्षित महिलाएं जूट उत्पादों का निर्माण कर आत्मनिर्भर बनेंगी। इस प्रशिक्षण से जुड़ी पहल ने साबित किया है कि कौशल विकास और स्थानीय संसाधनों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण और रोजगार सृजन के नए द्वार खोले जा सकते हैं।

### एक नजर

## स्कूटी सवार को कार ने मारी टक्कर, दो घायल

**बरही :** बरही हजारीबाग रोड स्थित युवराज होटल के नजदीक हुई सड़क दुर्घटना में दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में नारायण रविदास उम्र करीब 60 वर्ष पिता स्व काली रविदास बरही बाराटांड़ एवं लखन रविदास उम्र करीब 65 वर्ष चौपारण थाना क्षेत्र के ब्रह्मोरिया निवासी के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों व्यक्ति करसो स्थित नदी से दसवां का घाट स्नान करने गए थे, जहां से स्कूटी से बाराटांड़ वापस लौट रहे थे। इसी क्रम में बरही से रांची की ओर तेज गति से जा रही स्विफ्ट कार जिसकी संख्या जेएच01डीआर 6949 ने अपने चपेट में ले लिया। जिसमें स्कूटी सवार दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों के मदद से दोनों घायलों को बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

## बिजली उपभोक्ताओं के लिए बिजली विभाग का शिविर आठ को

**बरही :** बरही अनुमंडल के सभी प्रखंडों के बिजली उपभोक्ताओं के लिए बिजली विभाग ने 8 नवंबर को शिविर का आयोजन किया है। शिविर में बिजली उपभोक्ताओं का मोबाईल नंबर और प्रतिभूति राशि अपडेट किया जाएगा। सहायक अभियंता और सभी कनीय अभियंताओं ने प्रखंडों के सभी विद्युत उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि शिविर में पहुंच कर अपना अपना मोबाईल नंबर एवं प्रतिभूति राशि अपग्रेडेशन का कार्य अवश्य करवा लें। 8 नवंबर को बरही प्रखंड के उपभोक्ताओं के लिए विद्युत कार्यालय न्यू कॉलोनी बरही में शिविर का आयोजन होगा। चौपारण के उपभोक्ताओं के लिए प्रखंड भवन चौपारण में। पदमा के लिए प्रखंड भवन पदमा में। बरकट्ठा प्रखंड का शिविर प्रखंड भवन बरकट्ठा में लगाया जाएगा और चलकुशा प्रखंड का शिविर प्रखंड भवन चलकुशा में 8 नवंबर को लगाया जाएगा।

## विष्णुगढ़ के स्वर्ण व्यवसायी का जेवरात भरा बैग ले उड़े अपराधी

**विष्णुगढ़ :** प्रखंड में एक स्वर्ण व्यवसायी से जेवर से भरा बैग को अपराधी छीनकर फरार हो गए। घटना विष्णुगढ़ थाना से करीब 100 मीटर की दूरी पर हुई। भुक्तभोगी विष्णुगढ़ के बोलियागंज निवासी मेहुल कुमार पिता सुरेंद्र प्रसाद ने घटना को लेकर थाने में शिकायत दर्ज कराया है। जिसमें कहा है कि मेरी दुकान टाटीझरिया चौक में मां काली ज्वेलर्स के नाम से संचालित है। प्रतिदिन की तरह दुकान बंद कर बाइक से अपने घर विष्णुगढ़ आ रहे थे। इसी बीच विष्णुगढ़ के सातमील चौक से गोमियां रोड की ओर बढ़ने पर बाइकसवार दो लोग मेरी बाइक को धक्का देकर गिरा दिया। गिरने के बाद बाइक की हैंडल में टंगे जेवर से भरा बैग को लेकर बगोदर रोड की ओर भाग निकले। कहा है कि बैग में एक मोबाइल और 40 ग्राम वजन के सोने का जेवरात जिसमें मंगलसूत्र, कान का बाली, अंगूठी, लॉकेट, कान का टॉप्स, सोना का बॉल तथा लगभग 3 किलोग्राम वजन के चांदी का जेवरात थे। इसके दो माह पूर्व विष्णुगढ़ के अन्य स्वर्ण व्यवसायी बबलू कुमार वर्मा के साथ भी इसी तरह की घटना हुई थी। स्वर्ण व्यवसायियों का कहना है कि स्वर्ण व्यवसायी बड़ी दुविधा में है। दुकान में जेवर छोड़े तो चोरी का डर तथा घर लेकर आने पर छिनतई की घटना हो जाती है। इन घटनाओं से विष्णुगढ़ के स्वर्ण व्यवसायी काफी डरे-सहमे हैं। विष्णुगढ़ पुलिस ने शीघ्र घटना का उद्भेदन करने की बात कही है।

### संक्षिप्त खबरें

## कुंडवा में आईसीएआर द्वारा रबी बीज वितरण एवं जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**बरही :** भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर) नई दिल्ली के तत्वावधान में जनजातीय उपयोजना ( टीएसपी) के अंतर्गत बरही प्रखण्ड के ग्राम कुंडवा में रबी बीज वितरण सह जनजातीय गौरव दिवस जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन परिसर प्रभारी डॉ. एस.के. महंता की देखरेख में किया गया। इस अवसर पर लगभग 100 अनुसूचित जनजाति किसानों के बीच रबी फसल हेतु उन्नत बीज का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने की जानकारी देना और कृषि उत्पादकता में वृद्धि सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम में मुख्य रूप से टीएसपी की नोडल अधिकारी डॉ. शिल्पी केरकेट्टा, वैज्ञानिक डॉ. साहेब पाल, डॉ. प्रीति टिग्गा, डॉ. अनीमा महतो, बादल कुमार और एफपीओ सदस्य संजय साव उपस्थित थे। विशेषज्ञों ने किसानों को रबी फसलों की उन्नत किस्मों, खेत की तैयारी, जल प्रबंधन, पोषक तत्व प्रबंधन और जैविक खेती के लाभों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही जनजातीय गौरव दिवस के महत्व पर भी प्रकाश डालते हुए किसानों को अपनी संस्कृति, परंपरा और पहचान के संरक्षण हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और वैज्ञानिकों से संवाद कर खेती से जुड़ी कई समस्याओं का समाधान पाया। यह आयोजन न केवल कृषि विकास को प्रोत्साहित करने वाला रहा, बल्कि जनजातीय समुदायों के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।

## चलकुशा में मार पीट मामले में एक की मौत, एक गिरफ्तार

**चलकुशा :** हजारीबाग थाना क्षेत्र के ग्राम चलकुशा में जमीन विवाद में हुई मार पीट में चलकुशा निवासी प्रसादी साव उर्फ भगत साव पिता नारायण साव उम्र लगभग 57 वर्ष का रांची रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक कि पत्नी ने थाना में आवेदन दी है चलकुशा थाना प्रभारी सुर्यकांत कुमार ने इस मामले में थाना कांड संख्या 71/25 बीएन एस के तहत धारा 191 (2) 191(3) 190,115 (2)126 (2)109,103(1)352 के तहत मामला दर्ज किया गया। जिसमें आठ नामदज अभियुक्त बनाया गया है। जिसमें थाना प्रभारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हेमंती देवी पति अर्जून साव को गिरफ्तार कर न्याय हिरासत में भेजा गया। वहीं पीड़ीत परिवार का रो रो कर बुरा हाल है।

## राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में नीरज कुमार ने दिखाई प्रतिभा, विनर डिफेंस एकेडमी ने किया सम्मानित



**हजारीबाग :** खेलो इंडिया के तहत विनर डिफेंस अकादमी के छात्र नीरज कुमार राज स्तरीय प्रतियोगिता में परचम लहराया और अपना डिफेंस एकेडमी का नाम रोशन किया। केरेडारी प्रखंड के बेंगवरी गांव के रहने वाले है। उन्होंने हजारीबाग में विनर डिफेंस एकेडमी में तैयारी के लिए हमेंशा जुड़े रहे। खेलो इंडिया के तहत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 100 मीटर – सिल्वर मेडल, 200 मीटर – ब्राउनंज मेडल, रिले रेस में ब्राउन मेडल लाकर परचम लहराया। अब नीरज कुमार को राष्ट्रीय खेल के लिए राज्य स्तरीय में ट्रेनिंग दिया जाएगा। मौके पर समाजसेवी राकेश गुप्ता, विनर डिफेंस अकादमी के कोच अनुज कुमार, कौशल कुमार ने प्रशंसा करते हुए बधाई दिया और मिठाई खिलाया और आशीर्वाद दिया कि राष्ट्रीय खेल में भी अवश्य परचम लहराएंगे। मौके पर समाजसेवी राकेश गुप्ता ने राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में चयनित नीरज कुमार को बधाई देते हुए कहा कि संस्थान के साथ– साथ समस्त हजारीबाग जिलावासियों के लिए काफी गौरान्वित का विषय है। मेरी शुभकामनाएं इनके साथ है। उन्होंने कहा कि नीरज राष्ट्रीय खेल में अवश्य परचम लहराएंगे एवं अपना हजारीबाग जिला का नाम रौशन करेंगे।

## रॉयल कार एसेसरीज शोरूम का विशेश्वर नाथ चौबे ने फीता काटकर किया उद्घाटन

**बड़कागांव :** रॉयल एसेसरीज शोरूम का उद्घाटन पूर्व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे ने फीता काटकर किया। यह शोरूम नियर एनटीपीसी आफिस छोटका बर हजारीबाग बड़कागांव मैन रोड के समीप खोला गया है। विशेश्वर नाथ चौबे ने कहा कि इस शोरूम के खुल जाने से क्षेत्र की जनता को अब स्थानीय स्तर पर कार वाहन से संबंधित एसेसरीज का सारा सामान इस दुकान पर उपलब्ध हो गई है जिससे लोगों को काफी सहूलियत होगी। वहीं शोरूम के प्रोपराइटर अखतर आलम ने कहा कि यहां अच्छे क्वालिटी एवं उचित मूल्य पर कार वाहन से संबंधित सारी प्रकार की एसेसरीज उपलब्ध है अब क्षेत्र के लोगों को दूर शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं है। इस मौके पर मुख्य रूप से कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, पंचायत समिति सदस्य सुरेश चौधरी, नेशनल हॉस्पिटल बड़कागांव के संचालक रणजीत पंडित, नौशाद आलम, मोहम्मद नासिर हुसैन, समाजसेवी विनोद यादव, मोहम्मद कलाम, गौतम कुमार, सुरेश प्रजापति, नौशाद मिस्त्री, तैयब मिस्त्री, शाहबाज, आरिफ, संतोष राणा, मोहम्मद फहीम, मोहम्मद जमीरउद्दीन सहित अन्य कई लोग शामिल थे।

## झारखंड विधि महाविद्यालय में संस्थापक सदस्यों को दी गई श्रद्धांजलि, अनीश पंकज की प्रतिमा स्थापित

**बरही :** झारखंड विधि महाविद्यालय आश्रम रोड झुमरी तिलैया, कोडरमा में विधि महाविद्यालय के संस्थापक सदस्यों के सम्मान में श्रद्धांजलि सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता झारखंड विधि महाविद्यालय के सचिव धमार्नंद मिश्रा एवं संचालन प्रोफेसर इंचार्ज आत्मानंद कुमार पांडे ने किया । मौके पर बतौर मुख्य अतिथि विनोबा भावे विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार सादिक रज्जाक मुख्य रूप से मौजूद रहे। महाविद्यालय परिवार की ओर से मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र, पुष्प कुछ एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके बाद विधि महाविद्यालय के संस्थापक सदस्य स्व अनीश पंकज की प्रतिमा स्थापित कर उनके परिजन के द्वारा पूजा अर्चना की गई। इसके साथ ही उसी स्थापित प्रतिमा के पास ही संस्थापक सदस्यों की स्मृति पट्ट लगाकर उनका अनावरण मुख्य अतिथि सादिक रज्जाक, डीएन मिश्रा, गणेश स्वर्णकार, कला देवी, आत्मानंद कुमार पांडेय, सहित कई गणमान्य लोगों ने की। जिनका स्मृति मरणोपरांत लगाई गई उनमें स्व ललन कुमार मिश्रा, स्व सरगुन देवी, स्व अनूप कुमार, स्व छोटेलाल सिंह, स्व पुरूषोतम सलूजा, स्व अमरनाथ पांडेय, स्व पन्नालाल जोशी, स्व विजय कुमार पोद्दार, स्व सुखदेव चौधरी आदि शामिल है। उक्त स्थल को प्रेरणा स्थल नाम दिया गया।

# हजारीबाग जेल से सस्पेंड दिनेश वर्मा को बनाया गया बिरसा मुंडा कारा का नया सहायक जेलर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा (होटवार जेल) में सहायक जेलर के पद पर नियुक्ति की गई है। हाल ही में जेल के अंदर से एक आपत्तिजनक वीडियो वायरल होने के बाद सहायक जेलर देवनाथ राम के निलंबन के बाद अब दिनेश कुमार वर्मा को बिरसा मुंडा जेल का नया सहायक जेलर बनाया गया है।




### निलंबन मुक्त कर मिली नई पोस्टिंग

यह नियुक्ति इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि दिनेश वर्मा को मात्र एक माह पहले ही हजारीबाग जेपी केंद्रीय कारा में लापरवाही और जेल की गोपनीयता भंग करने के गंभीर आरोप में निलंबित किया गया था। गृह, कारा और आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि दिनेश कुमार वर्मा, जो कि निलंबित सहायक कारापाल थे, उन्हें कार्यहित में तत्काल प्रभाव से निलंबन मुक्त करते हुए बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार जेल में सहायक कारापाल के पद पर पदस्थापित किया जाता है।
अधिसूचना में यह भी स्पष्ट किया गया है कि उनके विरुद्ध पहले से संचालित विभागीय कार्यवाही के नतीजे पर इस नए पोस्टिंग आदेश का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। यानी उन पर लगे आरोपों की जांच जारी रहेगी।

### वीडियो वायरल होने पर हुई थी पूर्व सहायक जेलर पर कार्रवाई

राज्य सरकार के गृह विभाग ने रांची के बिरसा मुंडा जेल से एक आपत्तिजनक वीडियो वायरल होने के बाद बीते बुधवार को तत्कालीन सहायक जेलर देवनाथ राम और जमादार विनोद कुमार यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था।
वीडियो में झारखंड के सबसे बड़े जेल में बंद शराब घोटाले के आरोपी विधु गुप्ता और जीएसटी घोटाले के आरोपी विक्की भलोटिया कथित तौर पर डांस करते नजर आ रहे थे।

## भैरव सिंह को चुटिया केस में उच्च न्यायालय से मिली जमानत



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड उच्च न्यायालय ने हिंदूवादी नेता भैरव सिंह को बड़ी राहत दी है। गुरुवार को भैरव सिंह की जमानत याचिका पर सुनवाई के बाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस अम्बुज नाथ की अदालत ने जमानत दे दी है। भैरव सिंह को 20-20 हजार के दो निजी मुचलके जमा करने की शर्त पर जमानत दी गई है।
भैरव सिंह को आज जिस मामले में जमानत मिली है, वह रांची के चुटिया थाना में हुए विवाद से जुड़ा है। इस संबंध में चुटिया थाना में कांड संख्या 125/2025 दर्ज की गई है। रांची सिविल कोर्ट ने 13 अगस्त को इस केस में भैरव सिंह को जमानत देने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद उसने उच्च न्यायालय में जमानत याचिका दायर की थी। भैरव सिंह की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार ने अदालत से समक्ष पक्ष रखा।
दरअसल, यह मामला नगर निगम के टेंडर विवाद से जुड़ा है। पहले भैरव सिंह का टेंडर का काम चलता था, लेकिन फिर दूसरे लोगों के टेंडर का काम चलने लगा। भैरव सिंह पर आरोप है कि उनके तरफ से पैसे की मांग की गयी और नहीं देने पर मारपीट किया गया था।

## सीयूजे में 'हंगरी में गौरव यात्रा और राजनीतिक गतिशीलता' पर विशेष व्याख्यान आयोजित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) के अंतर्राष्ट्रीय संबंध विभाग द्वारा आयोजित विशेष व्याख्यान श्रृंखला के तहत आज 'हंगरी में गौरव यात्रा और राजनीतिक गतिशीलताः अधिकार, विरोध प्रदर्शन और उनका वैश्विक प्रभाव' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभाग के शोधार्थी ऋषि मरांडी ने मुख्य वक्ता के रूप में हंगरी में एलजीबीटीक्युए+ समुदाय की पहचान, उनके अधिकारों की लड़ाई, सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्यों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि यूरोप में विशेष रूप से हंगरी में गौरव यात्राएं सामाजिक स्वीकृति और अधिकारों की मांग का प्रतीक बन चुकी हैं।



ऋषि ने कहा कि वर्तमान में विक्टर ओर्बन के नेतृत्व वालीफिडेज पार्टी की सरकार ने पारंपरिक मूल्यों के नाम पर समलैंगिक समुदाय के अधिकारों पर कई प्रतिबंध लगाए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि यह प्रवृत्ति केवल हंगरी तक सीमित नहीं है, बल्कि दुनिया के कई देशों में दक्षिणपंथी राजनीति के उभार के साथ इस तरह की नीतियां देखने को मिल रही हैं।
व्याख्यान के दौरान विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ अपर्णा, डॉ अशोक निमेष, डॉ बिभूति भूषण बिस्वास, डॉ सुभाष कुमार बैठा, तथा विभागाध्यक्ष डॉ आलोक कुमार गुप्ता सहित अनेक शिक्षक, शोधार्थी और छात्र उपस्थित रहे।

## प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महासचिव शिव की हुई घर वापसी, फिर से थामा कांग्रेस का दामन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** गुमला जिला कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व प्रदेश महासचिव शिव कुमार भगत ने गुरुवार को अपने समर्थकों के साथ फिर से कांग्रेस का दामन थाम लिया। कांग्रेस भवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने सभी पार्टी की सदस्यता दिलाई। केशव महतो कमलेश ने कहा कि राहुल गांधी का वोट चोरी रोकने के अभियान से प्रेरित हो युवा वर्ग पार्टी से जुड रहे हैं। कांग्रेस ने पिछड़े और कमजोर तबके की आवाज को जिस प्रकार उठाया और जननायक उस पर संघर्ष कर रहे हैं ये अब लोगों को समझ आ रहे हैं। केशव महतो ने कहा कि पिछले 11 सालों से संविधान को बदलने की सोच के साथ देश के संवैधानिक संस्थाओं पर दबाव बनाया जा रहा है उसके खिलाफ अब युवा भी लड़ाई लड़ने के लिए तैयार खड़ी हो गई है। यह उसी का परिणाम है कि आज सैकड़ों की संख्या में नये युवाओं ने भी कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।
समाज का वंचित वर्ग जब राजनीत में आता है तो निश्चित रूप से एक नई सोच, एक नई ऊर्जा के साथ काम करता है। भाजपा की कार्यशैली और उनकी नेताओं की सोच के कारण ही आज हर तबके के लोग उसका प्रतिकार कर रहे हैं। कांग्रेस इस देश में मजलूमों वंचितों की आवाज है और इस आवाज को दबाने की कोशिश भाजपा द्वारा की जाएगी उसे करारी शिकस्त दी जाएगी।

## अभ्यर्थियों का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा राजभवन, सौंपा ज्ञापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग जेएसएससी परीक्षा पेपर लीक प्रकरण को लेकर राज्यभर के अभ्यर्थियों में रोष बढ़ता जा रहा है। इसी कड़ी में आज अभ्यर्थियों का एक प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल महोदय से राजभवन में भेंट कर इस प्रकरण से संबंधित कई गंभीर मुद्दों पर विस्तृत ज्ञापन सौंपा।
अभ्यर्थियों ने राज्यपाल से मुलाकात के दौरान पेपर लीक मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि इस मामले ने न केवल राज्य की भर्ती प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि हजारों युवाओं के भविष्य को भी प्रभावित किया है। इस मामले की सुनवाई 3 नवंबर को की गई थी। जिसका फैसला न्यायालय ने फिलहाल रिजर्व रखा है। अभ्यर्थियों को उम्मीद है कि आने वाला निर्णय उनके पक्ष में जाएगा। याचिकाकर्ता राजेश प्रसाद ने मीडिया से बातचीत में कहा कि हम छात्रों ने जो आरोप लगाए थे, वे अब सच साबित हो रहे हैं। लगभग हर जांच एजेंसी ने हमारे दावों को सही माना है।
जो शिक्षक हमें इस पूरे आंदोलन में मार्गदर्शन दे रहे हैं, उन्हें बार-बार नोटिस भेजा जा रहा है। हमने यह बात महामहिम के समक्ष रखी, जिस पर उन्होंने नाराजगी जताई और हमें कहा कि अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उचित कार्रवाई करें। राजेश प्रसाद ने आगे बताया कि राज्यपाल महोदय ने आश्वस्त किया है कि न्यायालय के निर्णय में वे अभ्यर्थियों के साथ रहेंगे। हमने सीबीआई जांच की मांग को लेकर रिट दायर की है और हमें भरोसा है कि न्याय मिलेगा।

# रसूखदारों के लिए जेल में अय्याशी की पूरी व्यवस्था करा रही सरकार : बाबूलाल मरांडी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने जेल में रसूखदार कैदियों की अय्याशी पर राज्य सरकार को निशाने पर लिया है। कहा कि वायरल वीडीओ कोई मयखाना या डांस बार का नहीं, रांची होटवार सेंट्रल जेल का है। जेल में रसूखदार कैदियों के लिए अलग नियम है। क्योंकि, जेल में बंद रसूखदार कैदियों को पैसे के बल पर सभी तरह की सुविधाएं मिलती हैं। जेल में रसूखदार कैदियों के लिए कई खास वार्ड बने हुए हैं, इन वार्डों में रहने के लिए एंट्री फीस देनी पड़ती है।
प्रत्येक माह तय रकम खर्च करने पड़ते हैं। कुछ नामचीन कैदी जेल विभाग के पदाधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से जेल में ऐशो-अय्याशी की पूरी व्यवस्था चलाते हैं। पैसे लेकर हर तरह के वैसे काम किए जाते हैं, जो जेल मैनुअल का उल्लंघन करते हों।

### जेल में गैर कानूनी काम बंद नहीं हुए

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इन गतिविधियों के बारे में सरकार को कई बार आगाह भी किया था, लेकिन जेल में गैर कानूनी काम बंद नहीं हुए, बल्कि "वीआईपी कैदियों" की "विशेष मेहमाननवाजी" से इनकार कर इन पर अंकुश लगाने की कोशिश करने वाले एक अधिकारी रॉबर्ट निशांत बेसरा का ही तबादला कर दिया गया था। वीडियो वायरल होने पर दो कर्मचारियों को निलंबित कर खानापूर्ति कर ली गई है। लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि हजारीबाग जेल में बंद विनय सिंह को विशेष सुविधाएं देने के नाम पर जिस कारापाल दिनेश वर्मा को बीस दिन पहले संस्पेंड कर वहां से हटाया गया था, उसे ही निलंबन मुक्त कर एक तरह से पुरस्कार देते हुए अब बिरसा मुंडा जेल का प्रभारी कारापाल बना दिया गया है। चर्चा है कि इसके लिए वर्मा का अच्छा दोहन किया गया है।



जेल आईजी पर भी उठाए सवाल
जेल आईजी से ये पूछा जाना चाहिए कि जो हजारीबाग में गंभीर गड़बड़ी करने के लिए अभी-अभी निलंबित हुआ उसने "कौन सी जादू की छड़ी" चला दी कि उसे तुरंत निलंबन मुक्त कर बिरसा मुंडा जेल में तैनाती का इनाम दिया गया? जेल का ये गंदा खेल अकेले छोटे-मोटे कर्मचारियों के बस की बात नहीं। बिना उच्चाधिकारियों की अनुमति, सहमति एवं हिस्सेदारी के ये कैसे हो सकता है? इसके लिए सीधे जेल आईजी जिम्मेदार हैं, इसलिए निलंबन की कार्रवाई तो आईजी पर होनी चाहिए।

### आईजी बताएं, किसके आदेश पर ये सब धंधा करवा रहे थे

आईजी को ये बताना चाहिए कि किसके आदेश पर वे जेल में ये सब धंधा करवा रहे थे? शराब घोटाले के जिस हाईप्रोफाइल कैदी की जेल में डांस करते और वीडियो बनाते तस्वीर वायरल हुई है, इसमें एक वही व्यक्ति है जिसे चार्जशीट समय पर दाखिल न कर जमानत पर निकलवाने की सुविधा एसीबी सह सीआईडी के पूर्व डीजीपी ने प्रदान करवाई है और जेल आईजी सीआईडी के भी आईजी हैं। लगता है ये सारे लोग आपस में मिलजुलकर ये सब गोरखधंधा चला रहे हैं।
बाबूलाल ने झारखंड हाई कोर्ट से राज्य के जेलों में हो रहे गैरकानूनी कार्यों पर संज्ञान लेने का अनुरोध किया। कहा कि हाई कोर्ट के सिटिंग जज के नेतृत्व में "जेल में चल रहे खेल" एवं उच्चाधिकारियों के संलिप्तता एवं उनके मनमाने कार्यों की जॉच करायें ताकि लोगों की पता तो चले कि आखिर ये हो क्या रहा है?

## एक नजर

### रिम्स निदेशक ने खुद संभाली ओपीडी

**रांची :** रिम्स निदेशक प्रो. डॉ राज कुमार ने ओपीडी के समय न्यूरोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र कुमार की अनुपस्थिति पर कड़ा रुख अपनाते हुए उन्हें शो-कॉज नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है। जानकारी के अनुसार, निदेशक डॉ राज कुमार बुधवार को न्यूरोसर्जरी ओपीडी में चिकित्सकीय परामर्श के लिए जा रहे थे। इस दौरान उन्होंने देखा कि न्यूरोलॉजी ओपीडी के बाहर बड़ी संख्या में मरीज डॉक्टर के इंतजार में बैठे हैं। जांच करने पर पाया गया कि डॉ सुरेंद्र निर्धारित समय पर ओपीडी में उपस्थित नहीं थे। बाद में वे करीब 12:30 बजे पहुंचे और निदेशक से बातचीत के दौरान असंवेदनशील व अनुचित व्यवहार करते हुए कहा कि हम लोग मेहनत करते हैं और आप केवल परेशान कर रहे हैं, मैं बर्दाश्त नहीं करूंगा।
निदेशक ने इस घटना को अत्यंत गंभीर मानते हुए कहा कि मरीजों के हित से जुड़ी किसी भी अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने डॉ सुरेंद्र के खिलाफ शो-कॉज नोटिस जारी करने और ड्यूटी के दौरान अनुपस्थित रहने पर कड़ी चेतावनी देने का निर्देश दिया है। कई बार मिल चुकी हैं शिकायतें विदित हो कि पूर्व में भी डॉ सुरेंद्र के ओपीडी समय में अनुपस्थित रहने की शिकायतें सामने आ चुकी हैं। निदेशक ने कहा कि यदि इस बार भी संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं मिलता है, तो विभागीय स्तर पर विधिवत कार्रवाई की जाएगी।
निदेशक ने मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्वयं न्यूरोलॉजी ओपीडी के मरीजों को परामर्श दिया। यह पहली बार नहीं है, जब डॉ राज कुमार ने डॉक्टर की अनुपस्थिति में खुद ओपीडी संभाली हो।

### पाहन के साथ मारपीट व धान काटने को लेकर 10 आरोपियों पर केस दर्ज

**रांची:** बुढ़मू थाना क्षेत्र के बड़का साड़म गांव में पाहन के साथ मारपीट और धान काट कर ले जाने के विवाद ने अब तूल पकड़ लिया है। आरोपियों को गिरफ्तारी को लेकर पुलिस शिकंजा कसने जा रही है। पुलिस ने मुख्य आरोपी सुभाष खलखो पिता बंधु उरांव, आशिष उरांव पिता मंगरा उरांव, प्रमोद उरांव पिता मुन्ना उरांव, देवनाथ टाना भगत पिता रामकिशुन टाना भगत, शनिचरवा उरांव पिता स्व सोमा उरांव, विश्वनाथ उरांव पिता लिटू उरांव, सुनिल उरांव पिता स्व ढूपा उरांव, चुमनु उरांव पिता रामजीत उरांव, विश्वनाथ उरांव पिता स्व बिगा उरांव समेत अज्ञात लोगों पर केस किया गया है। यह घटना 27 अक्टूबर की है, जब आरोपियों ने पाहन के खेत में घुसकर धान काट लिया और विरोध करने पर उनके परिवार के साथ बर्बर मारपीट की गई थी। दस दिन बीत जाने के बाद भी बुढ़मू पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नही कर सकी है।

### घाटशिला उपचुनाव : विजय शंकर नायक ने जनता से की अपील

**रांची :** आगामी घाटशिला विधानसभा उपचुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने गुरुवार को घाटशिला की जनता के नाम एक अपील जारी की। श्री नायक ने कहा कि यह उपचुनाव किसी एक सीट का चुनाव नहीं, बल्कि आदिवासी-मूलवासी स्वाभिमान का महासंग्राम है। उन्होंने कहा, यह चुनाव स्वर्गीय रामदास सोरेन जी की विरासत को बचाने का अवसर है। भाजपा के कॉरपोरेट लूटतंत्र के खिलाफ जनता को एकजुट होना होगा। उन्होंने झामुमो प्रत्याशी सोमेश सोरेन, जो स्वर्गीय रामदास सोरेन के पुत्र हैं, को समर्थन देने की अपील की। नायक ने कहा, सोमेश सोरेन घाटशिला की नई आशा हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### रांची जिला खो-खो चैंपियनशिप कल से



**रांची :** रांची जिला खो-खो संघ के तत्वावधान में आठ और नौ नवंबर को 14वीं रांची जिला खो-खो चैंपियनशिप 2025 का आयोजन किया जा रहा है। रांची जिला खो-खो संघ के अध्यक्ष संतोष प्रसाद ने गुरुवार को बताया कि यह प्रतियोगिता पुराने झारखंड विधानसभा स्थित जगन्नाथपुर थाना मैदान में होगी। जिला स्तर पर आयोजित इस चैंपियनशिप में रांची जिले के सभी इच्छुक विद्यालय, क्लब या प्रखंड की टीमें भाग ले सकती हैं।

### सरकार के खिलाफ प्रदेश भाजपा जारी करेगी आरोप पत्र, सात सदस्यीय समिति गठित

**रांची :** हेमन्त सरकार पार्ट 2 के एक वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश भाजपा राज्य सरकार के खिलाफ आरोप पत्र जारी करेगी। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने इस संबंध में आरोप पत्र तैयार करने के लिए सात सदस्यीय आरोप पत्र समिति का गठन किया है। जिसमें – झारखंड विधानसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक विधायक नवीन जायसवाल,प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही,पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी,प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक,सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह,पूर्व सांसद एवं प्रवक्ता गीता कोड़ा तथा अंत्योदय के संपादक रविनाथ किशोर शामिल हैं। समिति की घोषणा करते हुए प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सांसद आदित्य साहू ने कहा कि जनता हेमंत सरकार की वादा खिलाफी, भ्रष्टाचार,ध्वस्त विधि व्यवस्था से त्रस्त है। प्रदेश भाजपा आरोप पत्र के माध्यम से हेमंत सरकार की नाकामियों को उजागर करेगी। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि हेमंत सरकार एक बार फिर किसान विरोधी फैसला लेने की तैयारी में है। धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर दिए जाने वाले बोनस में कटौती की योजना बनाई जा रही है। सरकार बार-बार किसानों के साथ विश्वासघात कर रही है। चुनाव से पहले हेमंत सरकार ने 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदने का वादा किया था, लेकिन वास्तव में 2400 रुपये प्रति क्विंटल की दर से ही खरीद हुई। अब उसमें भी 19 रुपये प्रति क्विंटल की नई कटौती का प्रस्ताव लाया गया है। उन्होंने सीएम से कहा कि अन्नदाता किसानों के हक पर चोट करना छोड़ दीजिए। अगर एक पैसे की भी कटौती की गई तो भाजपा आपकी सरकार का दाना-पानी बंद कर देगी। किसानों के हक से कोई समझौता नहीं होगा।

### झारखंड सरकार ने आत्मसमर्पण करने वाले 23 नक्सलियों को दी आर्थिक सहायता


**रांची :** झारखंड सरकार ने आत्मसमर्पण करने वाले 23 नक्सलियों और उग्रवादियों को राज्य की आत्मसमर्पण नीति के तहत आर्थिक सहायता राशि प्रदान की है। गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग की सचिव ने राशि आवंटन को लेकर आदेश दिया है। सरकार का यह कदम राज्य में नक्सलवाद को समाप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। सरकारी प्रयासों और आत्मसमर्पण नीति की सफलता के कारण झारखंड में नक्सलवाद की समस्या 95 प्रतिशत तक खत्म हो चुकी है। अब राज्य में केवल पांच जिले ही नक्सल प्रभावित रह गए हैं, जिनमें गिरिडीह, गुमला, लातेहार, लोहरदगा और पश्चिमी सिंहभूम शामिल हैं। पूरे देश के पांच राज्यों के 12 सबसे अधिक नक्सल प्रभावित जिलों की सूची में झारखंड का केवल एक जिला (पश्चिमी सिंहभूम) शामिल है।

### ब्रह्माकुमारी संस्थान में मना रानी बहन का स्मृति दिवस



**रांची :** ब्रह्माकुमारी संस्थान पूर्व संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी रानी बहन की गुरूवार को विद्यालय सत्संत सभागार में स्मृति दिवस मनाया गया। मौके पर रानी बहन की तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए स्मृति दीप प्रज्ज्वलित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर संस्थान की संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा कि संस?थान की सेवाएं शुरू होने के शुरूआति दिनों में ही रानी बहन को अमृतसर पंजाब से ईश्वरीय संदेश मिला था। उस समय ईश्वरीय विश्व विद्यालय एक पौधे सदृश था, जो अब अनेक टहनियों वाला विशाल वृक्ष बनकर विश्वईभर के विभिन्न भागों में आध्यात्मिक सेवा प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि अपने जीवन काल के अंतिम दिनों तक रानी बहन ने रांचीवासियों का आध्यात्मिक ज्ञान मार्गदर्शन किया। मौके पर रांची विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ रानी प्रगति ने भी विचार व्यक्त किया। मौके पर मारवाड़ी युवा मंच, समर्पण शाखा के अध्यक्ष पूजा अग्रवाल सहित अन्य ने भी विचार प्रकट किया।

### सड़क दुर्घटनाओं में रील्स न बनाएं, दें मानवता का परिचय : गौरव



**रांची :** परिवहन विभाग, झारखंड सरकार के निर्देश पर सप्ताहित जागरूकता कार्यक्रम के तहत सामाजिक संस्था समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से गुरूवार को सड़क सुरक्षा पर सेमिनार का आयोजन हुआ। बरियातू रोड स्थित सेंट्रल एकेडमी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला सड़क सुरक्षा अभियंता गौरव कुमार ने विद्यार्थियों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमारा जीवन अनमोल है। हमें सड़क दुर्घटनाओं पर रील्स नहीं बनाना चाहिए। गौरव ने कहा कि मानवता का परिचय देते हुए तुरंत मददगार बनना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि हादसे में शिकार व्यक्ति को हॉस्पिटल पहुंचाएं और एक नेक नागरिक का परिचय दें। उन्होंने छात्रों को बताया कि वे वाहन चलाते समय निश्चित रूप से ट्रैफिक नियमों का पालन करें। हेलमेट और सीट-बेल्ट लगाना न भूलें। समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी आनंद केडिया ने कहा कि 18 वर्ष के कम आयु के विद्यार्थियों को वाहन चलाना दंडनीय अपराध है। इसके लिए बच्चों और उनके अभिभावकों के लिए भी आर्थिक दंड के साथ कारावास का प्रावधान है। मौके पर विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा संबंधित पुस्तिका का वितरण भी किया गया। सेमिनार में अभय कुमार, प्राचार्या सुतापा भट्टाचार्य, ट्रस्टी आनंद केडिया, उमेश केडिया, स्मिता केडिया, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, नटराज योग संस्थान के निदेशक आर्य प्रहलाद सहित अन्य मौजूद थे।

## एक नजर

### दामोदर नदी में बड़ा हादसा, तीन युवकों के शव बरामद

**बोकारो** : कार्तिक पूर्णिमा पर बुधवार को आस्था के स्नान ने एक दर्दनाक मोड़ ले लिया, जब बोकारो फोरलेन स्थित तेलमोच्चो पुल के नीचे दामोदर नदी में भीमकनाली के पांच युवक स्नान करने के दौरान तेज धार में बह गए। सूचना मिलते ही जिला प्रशासन ने आपदा प्रबंधन विभाग की टीम को मौके पर भेजा।जिला प्रशासन के निर्देश पर आपदा प्रबंधन विभाग के प्रभारी जिबराईल अली के नेतृत्व में गोताखोरों की टीम ने देर शाम तक तलाशी अभियान चलाया। कड़ी मशक्कत के बाद तीन युवकों के शव नदी से निकाल लिए गए, जबकि दो की तलाश जारी है। घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, हादसा उस समय हुआ जब युवक नदी के बीच तक चले गए और तेज धार में फंस गए। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि धार्मिक अवसरों पर जलाशयों या नदियों में उतरते समय सुरक्षा के प्रति सतर्कता बरतें।

### पूर्व बार्ड सदस्य मंटु दास का निधन, लोगों ने किया शौक व्यक्त

**बोकारो** : चंदनकियारी प्रखण्ड के पंचायत बाटबिनोर के अलुवारा गाँव निवासी काग्रेस पंचायत उपाध्यक्ष सह पुर्व बार्ड सदस्य मंटु दास का बुधवार को तवीयत विगड़ने से इलाज के दौरान निधन हो गया। निधन की खबर सुनकर गाँव समाज व मित्र अलुवारा पहुँच कर श्रद्धांजलि दिया। मृतक का अंतिम संस्कार दामोदर नहीं किया गया। मृतक पत्नी सरिता देवी व दो पुत्र परिवार छोड़ कर गया है। परिजन का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। परिवार में मंटु दास एकमात्र कमाऊ था। दैनिक कार्य कर परिवार का भरणपोषण करता था। निधन का खबर सुनकर गुरुवार को बोकारो जिला वीससुत्री उपाध्यक्ष देवाशीष मंडल जिप सदस्य अंबिका देवी पहुंचे तथा परिवार को संत्वाना दिये। मृतक के पत्नी सरिता देवी ने श्री मंडल को अपनी समस्या को बताते हुए कहा कि मईया योजना के आवेदन स्वीकृति हुआ है लेकिन मेरा बैंक एकाउंट में नहीं आकर दुसरे के एकाउंट पैसा चला जाता है। श्री मंडल ने आश्वासन दिया कि एक सप्ताह में जांच कर सुधार किया जायेगा। मौके जिपस प्रतिनिधि रामपद दास, पंचायत अध्यक्ष परमेस्वर दास बोष्णव, सब्बीर अंसारी, निताई दास, सुनीलतिवारी, लक्ष्मीनारायण सिंह, दुखन दास कार्यकर्ताओं सहित ग्रामीण आदि उपस्थित थे।

### उपेंद्र कुमार बने भुरकुंडा ओपी थाना प्रभारी, दिया योगदान

**रामगढ़** : भुरकुंडा ओपी थाना प्रभारी के रूप में उपेंद्र कुमार ने गुरुवार को अपना योगदान दिया। इसके पूर्व पुअनि उपेंद्र कुमार के थाना पहुंचने पर थाना के अन्य पुलिस अधिकारियों ने बूके देकर स्वागत किया। तत्पश्चात पुअनि उपेंद्र कुमार को थाना के निवर्तमान थाना प्रभारी निर्भय कुमार गुप्ता ने विधिवत पदभार सौंपते हुए उन्हें बधाई दी। और पुलिस अधिकारियों ने बधाई दी। भुरकुंडा ओपी थाना में इनकी पदस्थापना हुई। इनकी कार्यकुशलता से प्रभावित होकर जिले के पुलिस कप्तान अजय कुमार ने इन्हें भुरकुंडा ओपी थाना प्रभारी नियुक्त किया। भुरकुंडा ओपी थाना में थाना प्रभारी का पदभार ग्रहण करने के पश्चात उन्होंने कहा कि पुलिस-पब्लिक संबंध को प्रगाढ़ कर क्षेत्र में अमन, चैन, शांति स्थापित करना, पुराने अपराधियों पर नकेल कसना चोरी की घटनाओं पर रोक लगाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे निर्भीक होकर अपनी समस्याओं को लेकर थाना आएं, नशाखोरी पर भी विराम लगेगा।

# अवैध टिम्बर मिल पर वन विभाग की छापेमारी, भारी मात्रा में लकड़ी जब्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** गोपनीय सूचना के आधार पर वन विभाग की टीम ने गुरुवार की सुबह बोकारो जिले के जरीडीह ब्लॉक अंतर्गत तांड मोहनपुर स्थित एक अवैध आरा मिल पर छापा मारकर भारी मात्रा में लकड़ी जब्त की। यह कार्रवाई वन प्रमंडल पदाधिकारी श्री विकास पालीवाल के निर्देश पर की गई। सुबह लगभग 7 बजे बोकारो वन प्रमंडल की टीम ने विश्वकर्मा टिम्बर मिल पर छापा मारा, जो अशोक शर्मा और मोहन शर्मा के संचालन में बिना वैध लाइसेंस के चल रही थी। टीम को वहां सागवान, सखुआ एवं अन्य प्रजातियों की लगभग 25-30 घन मीटर लकड़ियाँ मिलीं। साथ ही एक दोपहिया वाहन और आरा मशीन को मौके पर ही जप्त कर सील कर दिया गया। विभागीय कर्मियों ने आरा मशीन को मौके पर खोलकर जब्त किया ताकि दोबारा अवैध संचालन न हो सके। सूत्रों के अनुसार, यह आरा मिल संरक्षित वन क्षेत्र से मात्र 5 किमी की दूरी पर स्थित है, जोकि झारखंड आरा मिल विनियमावली और भारतीय वन अधिनियम के तहत पूर्णतः अवैध है। टीम ने मौके से विश्वकर्मा टिम्बर और मोहन टिम्बर नाम से जारी विक्रय रसीदें भी बरामद कीं। हालांकि छापेमारी के दौरान मिल मालिक मौके से फरार हो गया, लेकिन साइट पर ताजे कटान और भारी वाहन के निशान मिलने से यह साफ जाहिर होता है कि हाल ही में अवैध लकड़ी का परिवहन किया गया था।घटना की सूचना स्थानीय जरीडीह थाना को दी गई थी और पुलिस बल ने मौके पर सहयोग किया। वन विभाग ने इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। विभागीय सूत्रों ने बताया कि दोषियों की पहचान कर शीघ्र कानूनी कार्रवाई की जाएगी।छापेमारी दल में संदीप शिंदे, भा.व.से. (संलग्न पदाधिकारी, बोकारो वन प्रमंडल), मोहम्मद तौहीद अंसारी, सुरेश तुड्डू, विजय कुमार, अरुण कुमार बाओरी (वनरक्षी, पेटरवार रेंज), शशिकांत महतो और रतन राय (वनरक्षी, चास वन क्षेत्र) शामिल थे। वन विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी अवैध आरा मिल या अवैध लकड़ी कटाई की जानकारी मिलने पर निकटतम वन कार्यालय या वनकर्मियों को तुरंत सूचित करें, ताकि ऐसे अपराधों पर समय रहते रोक लगाई जा सके और वनों की रक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## बोकारो आरपीएफ की छापेमारी में दो युवक रेलवे संपत्ति के साथ गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : आरपीएफ पोस्ट बोकारो और सीआईबी आरपीएफ आद्रा की संयुक्त टीम ने गुरुवार को सैटेलाइट डिपो बोकारो के पास छापेमारी कर दो युवकों को रेलवे संपत्ति की चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया। कार्रवाई आरपीएफ पोस्ट कमांडेंट संतोष कुमार की देखरेख में की गई। गिरफ्तार युवकों की पहचान शंकर कुमार उर्फ छोटू (पुत्र सुधाकर दास, निवासी बियाडा बाजार, थाना बालीडीह) और राज कुमार उर्फ चूहा (पुत्र स्वर्गीय मंगल मुंडा, निवासी केबिन टोला, थाना बालीडीह) के रूप में हुई है। दोनों की उम्र लगभग 25 वर्ष बताई गई है। टीम ने आरोपियों के पास से रेलवे की दो लोहे की हैंड ब्रेक व्हील और दो एडॉप्टर सामग्री बरामद की। वैध दस्तावेज मांगने पर दोनों कोई भी कानूनी प्राधिकरण या चालान प्रस्तुत नहीं कर सके। पूछताछ में उन्होंने स्वीकार किया कि उक्त रेलवे सामग्री उन्होंने अपने निजी लाभ के लिए बोकारो यार्ड क्षेत्र से चोरी की थी। सभी कानूनी औपचारिकताओं के बाद आरपीएफ पोस्ट बोकारो में मामला संख्या 22/25 दिनांक 06.11.25, यू/ एस 3(ए) आरपी (यूपी) अधिनियम के तहत दर्ज किया गया है। दोनों आरोपियों को शुक्रवार को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए एआरजेएम धनबाद की निचली अदालत में प्रस्तुत किया गया।

## चास में अजय कुमार उर्फ सोनू हत्याकांड का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : बीते 25 अक्टूबर को चास के गायघाट में हुई आईआरबी अजय कुमार उर्फ सोनू की हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों बलराम तिवारी और पप्पू उर्फ सूरज को गिरफ्तार किया है। चास एसडीपीओ प्रवीण सिंह ने बताया कि हत्या का कारण छठ घाट में हुआ मामूली विवाद था, जिसने बाद में गंभीर रूप ले लिया। घटना के बाद पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह के निर्देश पर एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया था। इस एसआईटी में चास थाना प्रभारी सुषमा कुमारी, पिंडराजोड़ा थाना प्रभारी अभिषेक रंजन, चीरा चास थाना प्रभारी चंदन दूबे सहित चास थाना की पुलिस टीम शामिल थी। लगातार छापेमारी के बाद टीम ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों के पास से एक 7.65 एमएम का पिस्टल, तीन जिंदा कारतूस और घटना में प्रयुक्त पल्सर बाइक भी बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार, छठ घाट में अंकित मंडल और बलराम तिवारी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इसी बीच बीच-बचाव करने पहुंचे अजय राय उर्फ सोनू ने बलराम तिवारी को थप्पड़ मार दिया। इसी बात से नाराज होकर आरोपियों ने अजय कुमार की हत्या की योजना बनाई और घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और जल्द ही पूरे मामले का चार्जशीट दाखिल किया जाएगा।

## बीएसएल के सिन्टर प्लांट ने रिकॉर्ड उत्पादन कर रचा नया इतिहास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** बोकारो इस्पात संयंत्र के सिन्टर प्लांट ने अपने उत्कृष्ट संचालन कौशल, सुदृढ़ टीम भावना और सतत प्रयासों के बल पर दैनिक एवं मासिक उत्पादन के नए रिकॉर्ड बनाए हैं। उल्लेखनीय है कि 5 नवम्बर 2025 को टीम सिन्टर प्लांट ने मात्र 2.5 मशीनों के संचालन से 19,088 टन ग्रॉस सिन्टर का उत्पादन कर अब तक का सर्वोच्च दैनिक उत्पादन रिकॉर्ड स्थापित किया। इससे पूर्व, 28 फरवरी 2020 को इसी क्षमता के साथ 19,039 टन का उत्पादन दर्ज किया गया था। गौरतलब है कि पर्यावरणीय मानकों में और अधिक सुधार के उद्देश्य से सिन्टर प्लांट के चार बैटरी-साइक्लोन को नवीनतम इलेक्ट्रोस्टैटिक प्रीसिपिटेटर (एरढ) से प्रतिस्थापित किया जा रहा है। इस दिशा में मशीन #1 के बैटरी-साइक्लोन #1 का प्रतिस्थापन 10 सितम्बर 2025 से किया जा रहा है। इस कारण सिंटर प्लांट में वर्तमान में 2.5 मशीनों का परिचालन ही हो रहा है। इन सीमित परिचालन परिस्थितियों के बावजूद, टीम सिन्टर प्लांट ने अपनी उत्कृष्ट कार्यक्षमता बनाए रखते हुए अक्टूबर 2025 माह में 2.5 मशीनों से सर्वाधिक 5,01,078 टन ग्रॉस सिन्टर का मासिक उत्पादन कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया था। इससे पूर्व मार्च 2020 माह में इसी क्षमता के साथ 4,72,245 टन उत्पादन दर्ज की गई थी। ज्ञातव्य है कि सिन्टर, इस्पात निर्माण प्रक्रिया का एक अत्यंत महत्वपूर्ण कच्चा माल है, जिसका उपयोग ब्लास्ट फर्नेस में हॉट मेटल के उत्पादन के लिए किया जाता है। सिन्टर न केवल ब्लास्ट फर्नेस की उत्पादकता बढ़ाने में सहायक है, बल्कि ईंधन की बचत, स्थिर धातुकर्म संतुलन, लागत नियंत्रण, ऊर्जा दक्षता और पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस उपलब्धि के पीछे टीम सिन्टर प्लांट के कर्मठ कर्मचारियों, अधिकारियों एवं ठेका श्रमिकों के परिश्रम,बेहतर समन्वय, संचालन में उत्कृष्टता और गुणवत्ता के प्रति सतत प्रतिबद्धता रही है।

## रफ्तार घटाओ, सुरक्षा बढ़ाओ अभियान के तहत निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**ईचागढ़** : जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के अनुग्रह नारायण प्लस टू उच्च विद्यालय पिलीद में गुरुवार को जिला परिवहन विभाग कि ओर से सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम को लेकर बच्चों के बीच नीबंध व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कृत किया गया। वहीं जिला परिवहन पदाधिकारी गिरजा शंकर महतो ने बच्चों को जागरूक करते हुए सड़क सुरक्षा के नियमों, दंडात्मक कार्रवाई आदि के संबंध में जानकारी दिया। उन्होंने रफ्तार घटाओं सुरक्षा बढ़ाओ नारे को आत्मसात कर अपने और अन्य को सुरक्षित करने का सुझाव दिया। जिला परिवहन पदाधिकारी ने नाबालिग बच्चों को वाहन नहीं चलाने का अपील किया। उन्होंने लाइसेंस और आवश्यक कागजात के साथ वाहन चलाने, हेलमेट पहनकर बाइक चलाने व चार पहिया वाहनों में सीट बैल्ट पहनकर चलाने का अपील किया। उन्होंने बच्चों को सड़क सुरक्षा अधिनियम के संबंध में भी जागरूक किया। मौके पर प्राचार्य मीताली, सड़क सुरक्षा से कुंदन कुमार, आषुतोष कुमार, मानवाधिकार परिषद के जिला अध्यक्ष अरुण कुमार माझी,शिक्षक राहुल देव महतो, चन्द्र प्रकाश यादव, राकेश भरद्वाज, श्वेता खलको, संस्कृति कुमारी लज्या, किशोर कुमार आदि उपस्थित थे।

## 'चोर मचाए शोर' की मिसाल बने बेरमो विधायक : ढुल्लू महतो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बोकारो :** भारतीय जनता पार्टी के बोकारो जिला कार्यालय में गुरुवार को आयोजित प्रेस वार्ता में धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो ने बेरमो विधायक जय मंगल सिंह पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार और वंशवाद के दलदल में फंसे जय मंगल सिंह अपने सहयोगियों से झूठे आरोप लगवाकर चोर मचाए शोर की कहावत को सच साबित कर रहे हैं। महतो ने खुली चुनौती देते हुए कहा, वह जहां चाहें–सार्वजनिक मंच या जांच एजेंसी के माध्यम से–सत्यापित कर लें। यदि मुझ पर लगाए आरोप साबित होते हैं तो मैं राजनीति से संन्यास ले लूंगा, और यदि झूठे निकलें तो जय मंगल सिंह को त्यागपत्र देना चाहिए। अगर उनमें हिम्मत है, तो मंच से इसका ऐलान करें। सांसद ने कहा कि जिन मामलों में अदालत ने उन्हें निर्दोष घोषित किया है, उन्हीं मुद्दों को सोशल मीडिया के माध्यम से फैलाकर उनकी छवि खराब करने की कोशिश की जा रही है। यह, विधायक की ओछी राजनीति और निम्न सोच का प्रमाण है। उन्होंने आरोप लगाया कि बेरमो विधायक कोयला और लोहा के अवैध कारोबार में लिप्त हैं, जबकि जनता के हितों से उनका कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने कहा, जो चोरी करते हैं, वही सीन चोरी करने का दुस्साहस कर रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ता अब चुप नहीं बैठेंगे। महतो ने मुख्यमंत्री से अपील की कि वे ऐसे नेताओं से दूर रहें जो अपने स्वार्थ के लिए सरकार को बदनाम कर रहे हैं। कहा, झारखंड की जनता ने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए हेमंत सरकार को चुना था, लेकिन जय मंगल सिंह जैसे विधायक इन्हीं संसाधनों की बिक्री में जुटे हैं। सांसद ने बोकारो गुडसाइड बालीडीह क्षेत्र में चल रहे कोयले के कथित अवैध कारोबार की जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि जनता के आशीर्वाद और प्रभु श्रीराम की कृपा से वे हिम्मत के साथ हर साजिश का पदार्फाश करेंगे। राजनीतिक भविष्य और चुनावी बयान बिहार विधानसभा चुनाव पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि एनडीए के पक्ष में एकतरफा लहर है, और दो-तिहाई बहुमत से सरकार बनेगी। वहीं, झारखंड की घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन की भारी जीत का विश्वास जताया। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष जयदेव राय, सांसद प्रतिनिधि मुकेश राय, परिंदा सिंह, वीरभद्र प्रसाद सिंह, मंटू राय, बिनेश नायक, लालजी महतो, एंजेला सिंह, विक्की राय, अमर स्वर्णकार, अरविंद दुबे, विकास माता, त्रिपुरारी नाथ तिवारी, ब्रज दुबे, संजय रजक, विक्रम महतो, डी.के. मिश्रा, संदीप कुमार, टुना, प्रदीप कुमार सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### डीपीएस बोकारो में दृश्य-कला प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**बोकारो** : दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) बोकारो में अंतर-सदन दृश्यकला (विजुअल आर्ट) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के सभी छह सदनों के विद्यार्थियों ने अलग-अलग स्पधाओं में विभिन्न विषयवस्तुओं पर अपनी रचनाधर्मिता और कलात्मकता का सुंदर प्रदर्शन किया। रंगों से उन्होंने अपनी रचनात्मक प्रतिभा बिखेरी। किसी ने रंगों से फेस पेंटिंग कर अपनी अंतःभावना चेहरे पर दिखाई, तो किसी ने रंगोली, चित्रकला, मूर्तिकला और फूल-फल व सब्जियों की सजावट के साथ अपने भीतर छिपी प्रतिभा प्रदर्शित की। सीनियर इकाई में प्रतिभागी बच्चों ने हृदयरक्षा, साइबर सुरक्षा,उत्सव, नशामुक्ति, विविधता में एकता, जनजातीय संस्कृति आदि विषयों को अपनी प्रस्तुतियों के जरिए बखूबी प्रदर्शित किया। इस दौरान अभिभावकों ने भी अपने कलात्मक कौशल का प्रदर्शन किया। इंटर हाउस पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में केयरिंग हार्ट्स, तो सीनियर वर्ग में साइबर सुरक्षा विषयवस्तु बच्चों ने आकर्षक पोस्टर बनाए। ऑन स्पॉट पेंटिंग में बच्चों ने सेलिब्रेशन (उत्सव) और से नो टू ड्रग्स विषय पर अपने मनोभाव कागज पर उकेरे। रंगोली के जूनियर वर्ग में बच्चों ने अंडर वाटर वंडर्स, तो सीनियर वर्ग में रामायण-महाभारत कथानक विषय पर अपनी कलाकृति प्रस्तुत की। फेस पेंटिंग के जूनियर वर्ग में प्रतिभागियों ने भारत की विविधता में एकता को चेहरों पर रंगों से उकेरकर सबका मन मोह लिया, तो सीनियर में जनजातीय संस्कृति को प्रदर्शित किया। क्ले मॉडलिंग के जूनियर वर्ग में प्रतिभागियों ने उम्मीदों के हाथ बनाए, तो सीनियर कैटेगरी में जीवन-वृक्ष की शिल्पकारी कर उन्होंने अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। सुलेख (कैलिग्राफी) में भी बच्चों ने अपने हुनर दिखाए। इधर, प्राइमरी विंग में विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे शिल्प कार्य और सौंदर्यपूर्ण ढंग से सजाए गए फूलों के प्रदर्शन के माध्यम से अपनी कलात्मक प्रतिभा और अभिनव विचारों का प्रदर्शन किया। चित्रकला प्रतियोगिता की थीम जंगल में जीवन थी, जहां बच्चों ने सुंदर रंगों और स्ट्रोक्स के साथ वन्यजीवों और हरियाली की सुंदरता को चित्रित किया। वहीं, समृद्ध भारतीय सांस्कृतिक विरासत की थीम पर आधारित रंगोली प्रतियोगिता ने भी आयोजन में चार चांद लगा दिए, जिसमें छात्रों ने जटिल और रंगीन पैटर्न के माध्यम से भारत की परंपराओं और विविधता को दर्शाया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने बारीकी से सभी प्रस्तुतियों का अवलोकन कर बच्चों की प्रतिभा को सराहा। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा उजागर होती है और उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होता है। उन्होंने अधिकाधिक विद्यार्थियों को ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने की प्रेरणा दी।

### 20वां चैंपियंस ट्रॉफी: सत्यारी टोली व भगत इलेक्ट्रोनिक्स जीता




**अनगड़ा** : 20वां चैंपियंस ट्राफी फुटबाल टुर्नामेंट में गुरूवार को हाथुखेदा सत्यारी टोली व भगत इलेक्ट्रोनिक्स पारेपाट की टीम विजयी रही। अनगड़ा स्टेडियम लुपुंग में खेले गए पहले मुकाबले में सत्यारी टोली ने बेहद रोमांचक मुकाबले में केपीएल पेरतोल को 2-1 गोल से पराजित किया। टुर्नामिंट का सबसे तेज गोल पहले मिनट में ही सत्यारी टोली के आदित्य लकड़ा ने दागा। 19वें मिनट में पेरतोल के फिलिप्स ने गोल दाग का मुकाबला को बराबरी पर लाया। 44वें मिनट में आदित्य लकड़ा ने अपना दूसरा गोल दागते हुए टीम को जीत दिला दी। दो गोल करनेवाले आदित्य लकड़ा को प्लेयर आफ मैच का पुरस्कार मुख्य अतिथि सेवक ब्रिक्स के ओनर अमर केसरी, विशिष्ट अतिथि घासी नायक समाज युवा कल्याण संगठन झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष टाईगर संदीप नायक व कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश नायक ने प्रदान किया। दूसरे मैच बेहद रोमांचक रहा। भगत इलेक्ट्रोनिक्स पारेपाट ने जशपुरिया बीएड कालेज को 1-0 गोल से हराया। खेल के 23वें मिनट में संजीव खोड़ा ने गोल दागा। इस गोल से पिछडने के बाद जशपुरिया बीएड कालेज की टीम ने कई अटैक किया। तीन अटैक तो गोल बार से टकराकर वापस हो गया। डिफेंस में विपक्षी टीम का कई हमला नाकाम करनेवाले अभी मंडल को प्लेयर आफ मैच का पुरस्कार मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव सह पूर्व खिजरी प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने किया। 7 नवंबर को पहला क्वाटरफाइनल मैच अंश क्लब कांके व दीपक ब्रदर्श रांची तथा दूसरा मैच हाथुखेदा सत्यारी टोली व भगत इलेक्ट्रोनिक्स पारेपाट के बीच खेला जाएगा। इस अवसर पर इस अवसर पर सुरेश महतो, जयशंकर पाहन, अजय राज, राजेश लोहरा, राजन महतो, शिवशंकर केसरी, रामपोदो महतो, सौरव कुमार, संजय नायक, शिवदास गोस्वीमी, आतिश महतो, प्रकाश यादव, रंजीत महतो, आशाराम महतो, जीतवाहन महतो, अनुज महतो, प्रवीण महतो आदि उपस्थित थे।

### डीएवी सेक्टर-4 की शगुन एवं आराध्या ने अंतरराष्ट्रीय कला सांस्कृतिक महोत्सव में मचाई धूम




बोकारो : डीएवी सेक्टर-4 की शगुन एवं आराध्या ने मथुरा,वृंदावन (उत्तर प्रदेश )के बी एस ए इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी कॉलेज परिसर में श्री नृत्यांजलि संगठन द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय श्री कृष्ण कला सांस्कृतिक महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा नौवीं की छात्रा शगुन ने जूनियर वर्ग की कत्थक नृत्य में लगभग 960 प्रतियोगियों के बीच प्रथम स्थान पाकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। गौरतलब है कि इसी विद्यालय के तीसरी कक्षा की छात्रा आराध्या ने भी दूसरा स्थान प्राप्त कर सबको आश्चर्यचकित कर दिया। देश के कोने कोने से आए कलाकार और नृत्य के विविध रूपों का प्रदर्शन इतना मोहक ढंग से बच्चों के द्वारा किया गया कि उपस्थित जन सैलाब तालियों की गूंज से उनका भरपूर स्वागत किया इतनी सारी प्रतिभाओं के बीच में बोकारो के डीएवी सेक्टर-4 के इन दोनों बच्चों के द्वारा प्रथम एवं द्वितीय स्थान पाना अकल्पनीय था। विशेष प्रार्थना सभा में विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए हैं विद्यालय के प्राचार्य एस के मिश्रा ने कहा कि होनहार बिरवान के होत चिकने पात कहावत को चरितार्थ कर दिखाया शगुन एवं आराध्या ने। बचपन से ही स्टेज पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन बेहतरीन ढंग से करती रही विद्यालय में आयोजित अनेकानेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेकर सभी को मंत्रमुग्ध करना उनके कठिन परिश्रम को दशार्ता है। निरंतर अभ्यास संयम से ट्रॉफी प्राप्त करके शगुन एवं आराध्या ने अपने विद्यालय का नाम तो रौशन किया ही साथ ही साथ बोकारो के नाम में भी चार चाँद लगा दिया।

**एक नजर**

### कुआं में गिरने से ठाकुरबाड़ी के महंत का निधन

**सरिया :** सरिया ठाकुरबाड़ी टोला स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर के महंत अर्जुन दास का मंदिर परिसर में बने कुआं से पानी निकालने के दौरान मौत की घटना सामने आया है। घटना को लेकर बताया गया कि गुरुवार को लगभग 3 :30 बजे मंदिर परिसर में पूजा पाठ के लिए परिसर में बने कुआं से ही पानी निकालने के क्रम में पैर फिसलने से कुआं में गिर गए, इसकी जानकारी अन्य लोगों को होने के बाद उन्हें कुआं से निकालने का प्रयास के बाद उन्हें सरिया के देवकी अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। महंत के निधन की सूचना पर सरिया बाजार और आस पास के इलाके में शोक की लहर दौड़ गया। सभी लोग उनके अंतिम दर्शन को लेकर काफी भीड़ इकट्ठा हो गया था। बताते चले कि अर्जुन दास सरिया स्थित ठाकुरबाड़ी टोला में मुख्य पुजारी के रूप में कई वर्षों से रहे थे।वहीं स्वजनों के द्वारा बताया गया कि शुक्रवार को उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार बनारस में किया जाएगा। शोक व्यक्त करने वालो में कोडरमा के पूर्व सांसद डॉक्टर रविन्द्र कुमार राय, आशीष तरवे, विष्णु राय, आदित्य सिंह, एल एन पाण्डेय समेत कई लोग।

### राजाडेरा में रास जतरा मेला धूमधाम से हुआ संम्पन



**अनगड़ा :** राजाडेरा रास जतरा मेला में साड़हा नाच आकर्षक का केंद्र रहा जो पूरा टीम चन्दनकियारी से आकर अपना संस्कृति प्रस्तुत किये इसके साथ ही साथ अलग अलग गाँव से खोड़ा नाच वाले अपनी संस्कृति वेश बुसा के साथ अपनी परम्परिक नाच गान कर मेला का सोभा बढ़ाये कार्यक्रम के मुख्य अतिथि :-पारसनाथ उरांव ने कहा रास जतरा मेला आपसी प्रेम सम्बन्ध को बढ़ाकार समाज में पूजा पाठ, आस्था, के प्रतिक को जोर देता है जो हमारे पूर्वज के द्वारा पूजा पाठ करते आ रहें हैं उस विश्वास को कायम रखने के लिए ये रास जतरा का आयोजन परसों से किया जाता है मौके पर मुखिया -सीमा देवी, जानकी देवी, मेला समिति के अध्यक्ष संदीप सिंह, सचिव -दीपक महतो,बालेश सिंह,प्रकाश सिंह,रामपोदो सिंह, रमेश महली, महावीर महतो, मोतीराम मुंडा, जनक महतो, प्रकाश सिंह,जागेश्वर सिंह, पवन सिंह, मुकेश महतो, अछए सिंह, भरत लोहरा, सुबोध आदि मेला समिति के लोग मौजूद रहें।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में डीएमएफटी न्यास परिषद की बैठक संपन्न

## जनप्रतिनिधियों ने रखी क्षेत्रीय विकास की मांगें, शिक्षा, स्वास्थ्य, जलापूर्ति और आधारभूत संरचना पर हुई विस्तृत चर्चा

प्रत्यूष नवबिहार संवादाता

**रामगढ़ :** गुरुवार को जिला समाहरणालय सभाकक्ष, रामगढ़ में उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में डीएमएफटी के न्यास परिषद की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान माननीय विधायक रामगढ़ ममता देवी, माननीय विधायक बड़कागांव रोशन लाल चौधरी, माननीय विधायक मांडू निर्मल महतो, सांसद प्रतिनिधि हजारीबाग राजीव जायसवाल, जनप्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारी समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक में उपस्थित हुए वहीं विभिन्न पंचायतों के मुखिया व अन्य



जनप्रतिनिधि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में उपस्थित रहे। बैठक के दौरान विधायक एवं उपायुक्त सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न विभागों से प्राप्त प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ जिले के सभी पंचायत में विद्यार्थियों को शिक्षा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लाइब्रेरी स्थापित करने को लेकर चर्चा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान विधायकों के द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में सड़क निर्माण, जलापूर्ति योजनाएं सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को लेकर चर्चा की गई। न्यास परिषद की बैठक में स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, जलापूर्ति, स्किल डेवलपमेंट एंड लाइवलीहुड जेनरेशन, फिजिकल इंफ्रास्ट्रक्चर सहित अन्य क्षेत्र के तहत विकास कार्यों एवं ली जाने वाली योजनाओं पर सभी के साथ विस्तृत चर्चा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इन सबके अलावा बैठक के दौरान विभिन्न योजनाएं जो डीएमएफटी के प्रबंधकीय समिति से अनुमोदित हैं उनके न्यास परिषद से अनुमोदन हेतु योजनाओं पर माननीय विधायकों, उपायुक्त एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा चर्चा के क्रम में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए वहीं बैठक के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों ने भी विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों की मांग को सभी के समक्ष रखा। बैठक के दौरान उपरोक्त के अलावा वन प्रमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## मजदूरों का शोषण बर्दाश्त नहीं कराएंगे प्राथमिकी दर्ज : अजय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**ठेठईटांगर :** प्रखंड अंतर्गत कोनपाला पंचायत के सर्पलाता गांव में ग्रामीणों को फरवरी महीने से नहीं मिली है मजदूरी। ग्रामीणों के शिकायत पर ठेठईटांगर पश्चिमी जिप सदस्य अजय एक्का ने क्षेत्र दौरा कर ग्रामीणों के समस्याओं से अवगत हुए, ग्रामीणों ने बताया कि कोनपाला संपलाता में पुलिया निर्माण का कार्य जनवरी के महिने से ही शुरू हुई है जिसमें गांव के ही लोग दैनिक मजदूर के रूप में काम कर रहे थे लेकिन ठेकेदार ने फरवरी से जून महीने तक की मजदूरी दिया ही नहीं और जो पहले दिया वो भी संतोषजनक नहीं है अब पुलिया निर्माण कार्य भी अधुरा है और फोन करने से भी बात नहीं करता है, ग्रामीणों ने यह भी बताया कि पुलिया निर्माण अधुरा होने के कारण आवागमन में काफी मुश्किल होती है। ग्रमीणों ने जिप सदस्य के पास लिखित आवेदन देकर बकाया भुगतान की मांग की है। मौके पर ठेठईटांगर पश्चिमी जिप सदस्य अजय एक्का ने कहा कि मजदूरों का शोषण किसी भी किमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा जिले के अधिकारियों से बात कर मजदूरी भुगतान में अनियमितता पर कार्रवाई की मांग करेंगे तथा ठेकेदार पर भी कार्रवाई की मांग करेंगे। विभागीय लापरवाही के कारण निर्माण कार्य अधुरा रह गया है इसपर भी जांच की मांग करेंगे। मौके पर अंथ्रेस केरकेट्टा, चमरू प्रधान, रोहित प्रधान, भूषण केरकेट्टा, रसाल खलखो, बसंती देवी सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## ऑपरेशन नारकोस के तहत आरपीएफ मुरी ने चार किलोग्राम गांजा किया बरामद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मुरी :** रेलवे सुरक्षा बल मुरी ने ऑपरेशन नारकोस के तहत मुरी रेलवे स्टेशन से 4 किलोग्राम गांजा बरामद किया। चूंकि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुए आरपीएफ पोस्ट प्रभारी संजीव कुमार के नेतृत्व में आरपीएफ पोस्ट मुरी के सतर्क अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उड़न दस्ता रांची के साथ मिलकर बुधवार के दिन गहन और सुव्यवस्थित जांच अभियान चलाया गया। इसी क्रम में प्लेटफार्म संख्या एक पर पुराने माल शेड की ओर पिट्ठू बैग लावारिस और संदिग्ध अवस्था में पाया गया। पुलिस ने वहां मौजूद यात्रियों और रेलवे कर्मचारियों से पूछताछ कर बैग का असली मालिक का पता लगाने का प्रयास किया परंतु कोई दावेदार नहीं



मिला। तुरंत मामले की सूचना आरपीएफ के उच्च अधिकारी को दिया गया जो मौके पर पहुंचकर आवश्यक कानूनी औपचारिकताओं को पूरा करते हुए उचित गवाहों के बीच बैग को सावधानीपूर्वक खोला तो उसमें भूरे रंग की 1 किलोग्राम की चार पैकेट बरामद हुई, जिसका डीडी किट का उपयोग कर परीक्षण किया गया तो उसमें गांजा होने की पुष्टि हुई। गांजे की कीमत लगभग 40000 रुपये आंकी गई। पुलिस ने सभी कानूनी प्रक्रियाओं को पूरा कर गांजे को जप्त कर सुरक्षित तरीके से राजकीय रेल थाना मुरी को सौंप दिया जहां पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है। इस अभियान में रेलवे सुरक्षा बल के अवर निरीक्षक पवन कुमार, रवि शंकर, सहायक अवर निरीक्षक अजीत कुमार एवं उड़न दस्ता रांची के विश्राम लाल मीणा शामिल रहे।

## जैनसन पेट्रोल पंप के पास खड़े वाहनों से फिर हादसा, जागरण कलाकार की मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कुजू :** ओपी क्षेत्र के डटमा मोड़ जैनसन पेट्रोल पंप और गैरेज के सामने खड़ी बड़ी वाहनों के कारण एक सप्ताह के अंदर दूसरी घटना में एक युवक की मौत हो गई। पहली घटना में कुजू निवासी विवेक उर्फ निक्की जिंदगी और मौत से लड़ रहा है। वही दूसरी घटना में बुधवार की रात्रि पदमा हजारीबाग के रहने वाले वर्तमान में मुरपा बस्ती निवासी सुबोध कुमार रजक (34 वर्ष) पिता स्वर्गीय जानकी रजक की मौत हो गयी। वह बुधवार की रात्रि पथलगढ़ा चतरा से जागरण कार्यक्रम करके अपने टीम के सदस्यों व परिजनों के साथ खुद टेंपो संख्या जेएच 01 एफ क्यू-1835 को ड्राइव कर एक बजे रात्रि घर लौट रहे थे। इसी बीच जैनसन पेट्रोल पंप के समीप अज्ञात ट्रक से टक्कर हो गयी। जिसमें सुबोध



कुमार रजक की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि पत्नी ममता देवी (28 वर्ष), पुत्र मयंक कुमार (10), पुत्र अंश कुमार (7 वर्ष) व पुत्री मिस्टी कुमारी (5 वर्ष) सहित जागरण टीम के रामगढ़ निवासी एक युवक व दो महिला कलाकार घायल हो गये। जिसमें पत्नी, पुत्र मयंक व एक अन्य युवक की स्थिति गंभीर बनी हुई है। जो सभी इलाजरत है। इधर घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में अंत्यपरीक्षण कराने के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं परिजनों व ग्रामीणों द्वारा मुआवजा व सड़क किनारे खड़े वाहनों को हटाने की मांग को लेकर शव के साथ नयामोड़ फोरलेन चौराहा को करीब आधे घंटे के लिए जाम कर दिया। जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारे लग गयी। बाद में कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह द्वारा परिजनों व ग्रामीणों को समझाने के बाद जाम को हटाया गया। वहीं कुजू ओपी परिसर में परिजनों, जन प्रतिनिधि, अंचलाधिकारी, पुलिस अधिकारी के साथ वार्ता किया गया। वार्ता में मांडू अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजूर, मांडू इंस्पेक्टर रजत कुमार, कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह, कुजू दक्षिणी पंचायत मुखिया राकेश मेहता रॉक, पश्चिमी पंचायत मुखिया जय कुमार ओझा, रजक समाज के जिलाध्यक्ष प्रदीप रजक शामिल रहे।

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में मनाया गया जनजातीय गौरव पखवाड़ा




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पतरातु :** गुरुवार को जन जातीय गौरव पखवाड़ा पीएम श्री केंदीय विद्यालय पतरातु के प्रांगण में मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में श्री कुमेल उरांव, जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति DISHA को विद्यालय के कुमार मयंक, टीजीटी समाज अध्ययन ने बुके एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कुमेल उरांव जी ने झारखंड की कला संस्कृति, उनके जीवन यापन एवं रहन सहन से संस्कृति को संजो कर रखने की सीख दी आदिवासियों के प्रमुख आंदोलनकारी बिरसा मुंडा का जीवन संघर्ष और देश की आजादी में उनके योगदान को बच्चों के मध्य साझा किया। उन्होंने बच्चों को अनुशासित में रहकर अपने विद्यार्थी जीवन का सही सदुपयोग करने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों को बताया कि अनुशासित जीवन शैली द्वारा सफलता तक कैसे पहुंचा जा सकता है, इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक/शिक्षिका एवं छात्र/छात्राएं शामिल हुए।


## भव्यता और अनुशासन का अद्भुत संगम बना प्रथम राजकीय रामरेखा महोत्सव



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर सिमडेगा स्थित ऐतिहासिक रामरेखा धाम में आयोजित प्रथम राजकीय रामरेखा महोत्सव 2025 भव्यता और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। राजकीय रामरेखा महोत्सव 2025 में झारखंड, छत्तीसगढ़ और उड़ीसा सहित अन्य राज्यों के पर्यटक श्रद्धालु शामिल हुए। उपायुक्त कंचन सिंह और पुलिस अधीक्षक एम अर्शी के कुशल नेतृत्व एवं प्रबंधन में इस महोत्सव ने जिले में आस्था, संस्कृति ,प्रकृति और अनुशासन का अनोखा विहंगम समन्वय प्रस्तुत किया। लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने इस आयोजन को यादगार और ऐतिहासिक बना दिया। महोत्सव के दौरान स्थानीय से लेकर वैश्विक स्तर के प्रसिद्ध कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच पर नन्ही कलाकार नैना कुमारी ने अपनी अद्भुत प्रस्तुति से सबका दिल जीत लिया। पूरे आत्मविश्वास के साथ झूमते हुए इस छोटी बच्ची ने ऐसा प्रदर्शन किया कि उपायुक्त कंचन सिंह ने स्नेहपूर्वक उसे गोद में उठा चूम लिया। उपस्थित सभी लोगों ने नैना को खूब प्यार और आशीर्वाद दिया। उपायुक्त सिमडेगा के नेतृत्व में प्रशासनिक तैयारियों ने राजकीय रामरेखा महोत्सव को सुचारू, शांतिपूर्ण और सुरक्षित रूप से संपन्न किया। उप विकास आयुक्त दीपांकर चौधरी ने नोडल पदाधिकारी के रूप में अपनी कार्यकुशलता का परिचय देते हुए ऐसी व्यवस्था बनाई जहाँ उत्साह, उमंग, श्रद्धा ,भक्ति और शांति के साथ मनोरंजन का समन्वय दिखाई दिया।

## जिले भर में झारखंड ई-शिक्षा महोत्सव के तहत ICT चैंपियनशिप का आयोजन




**रामगढ़ :** बुधवार को जिले भर के सभी प्रखण्ड गोला, चितरपुर, दुलमी, रामगढ़, पतरातु और मांडू में झारखंड ई शिक्षा महोत्सव 2025 के तहत ICT चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 09 से 12 तक के अध्ययनरत छात्र छात्राओ ने भाग लिया। वहीं जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम ने कहा है कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र छात्राओं को कम्प्यूटर डिजिटल शिक्षा से जोड़ते हुए डिजिटली दक्ष बनाना है। वही एडीपीओ नलिनी रंजन ने कहा कि ICT चैंपियनशिप के माध्यम से बच्चे डिजिटल शिक्षा के महत्व को बेहतर जान पाए और अपने दैनिक जीवन में और आगे बढ़ पाए। मौके एपीओ कुमार राज, इप्शिता तिर्की, सहायक कंप्यूटर प्रोग्रामर विप्लव रंजन, कंप्यूटर ऑपरेटर राजेश कुमार पासवान आदि कई अन्य लोग शामिल रहे।

**कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, गुमला**
Email Id – gumlahorti@gmail.com, Phone No.- 65243 59722

**अति अल्पकालीन निविदा**

**अभिरूचि की अभिव्यक्ति (EOI) निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–02/2025–26**

वित्तीय वर्ष 2025–26 में उद्यान विकास की योजनान्तर्गत उपयोजना "प्रोमोशन ऑफ अरबन फार्मिंग" के तहत् विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति हेतु इच्छुक कार्यकारी संस्था से मुहरबंद निविदा PR No. 363924 Agriculture, Animal Husbandry And Co- opretive Department 2025-26 (D) द्वारा आमंत्रित की गई थी। निविदा निष्पादन के क्रम में तकनीकी बिड में आंशिक त्रुटी पाये जाने के कारण दिनांक 13.11.2025 के मध्याह्न 12:00 बजे तक निविदा आमंत्रित किया जाता है।

| क्र0.सं0. | कार्य अवयव का नाम | मात्रा/सं0 |
|---|---|---|
| 1 | प्रोमोशन ऑफ अरबन फार्मिंग अन्तर्गत विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति | आवश्यकतानुसार |

नोटः–
1. निविदा की सामग्री नियम एवं शर्तो की पूर्ण विवरणी कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, गुमला से प्राप्त किया जा सकता है।
2. इच्छुक निविदादाता दिनांक 13.11.2025 के मध्याह्न 12:00 बजे तक कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, गुमला में व्यक्तिगत रूप/डाक से मुहरबंद निविदा दे सकते हैं।
3. प्राप्त मुहरबंद द्विलिफाफा को परियोजना निदेशक, आई0टी0डी0ए0, गुमला के कार्यालय प्रकोष्ठ में दिनांक 13.11.2025 के अपराह्न 04:00 बजे क्रय समिति के समक्ष खोला जाएगा तथा निविदा निष्पादन किया जायेगा। निविदा खोलते समय निविदादाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि अनिवार्य रूप से उपस्थित होंगे।

जिला उद्यान पदाधिकारी, गुमला।

PR 365362 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department) 25-26 (D)

**NETARHAT AWASIYA VIDYALAYA NETARHAT**
**P.O- NETARHAT, VIA-GUMLA, DISTRICT- LATEHAR**
(An Autonomous Institution under Societies Reg. Act 1860, Ministry of School Education & Literacy Dept. Govt. of Jharkhand)
E-mail:principal.netarhat@gmail.com
Website:www.netarhatvidyalaya.com

**NOTICE INVITING RE-TENDER**

Re-Tender No.-373 Dated - 06. 11. 2025

Sealed Re-Tender's / Quotations are invited from reputed Suppliers / Publishers / Authorized Distributors / Authorized Dealers for the Supply of different kinds of News Papers, Magazines, and Circulars for the Library at Netarhat Aawasiya Vidyalaya, Netarhat.

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Tender | Supply of different kinds of News Papers, Magazines and Circulars for the Library at Netarhat Aawasiya Vidyalaya, Netarhat. |
| 2. | Scope of Work | Supply of News Papers, Magazines, Circulars on weekly, fortnight, monthly and quarterly basis . (Hindi & English) |
| 3. | Name and Address of the Office Inviting Tender | Principal, Netarhat Aawasiya Vidyalaya, Netarhat, P.O - Netarhat, Via-Gumla, District- Latehar.(JHARKHAND) PIN -835 218. |
| 4. | Date of Publication of Tender on Website | 07.11.2025 at 10 A.M |
| 5 | Last Date and Time for receipt of Bids | 25.11.2025 at 10.30 A.M |
| 6 | Date of Opening of the Tender | 25.11.2025 at 11.10 A.M |

Further details can be seen on our school's website www.netarhatvidyalaya.com

Sd/-
Principal
Netarhat Aawasiya Vidyalaya
Netarhat

PR 365381 Human Resource Developement(25-26)#D

**कार्यालय, जिला बाल संरक्षण इकाई, सिमडेगा**

(धारा 106, सहपठित नियम 85, किशोर न्याय (बालकों के देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 के अन्तर्गत संचालित जिला बाल संरक्षण कार्यालय, पता सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय सिमडेगा
Email/dcpssimdega@gmail.com
पत्रांक– DCPU/SDG/ ............./............./ दिनांक.......................

**आवश्यक सूचना**

बाल कल्याण समिति सिमडेगा के पत्रांक 222/CWC/sdg /24-25 द्वारा बालक अनिश इन्दवार उम्र–10 वर्ष, के बारे में जानकारी दी गई कि एक महिला नाम–तारसीसिया इन्दवार, ग्राम– जामटांड़, पोस्ट– बीरू, थाना–सिमडेगा, निवासी के साथ बाजार टोली, सिमडेगा में रहता था। माह फरवरी 2023 को बालक को तारसीसिया के मकान मालिक के द्वारा बाल कल्याण समिति सिमडेगा के समक्ष प्रस्तुत किया गया तब से बालक बाल कल्याण समिति सिमडेगा के संरक्षण में सहयोग विलेज बालक गृह सामटोली में आवासित है। बालक के माता–पिता या सगे संबंधियों की जानकारी हेतु अखबार में प्रकाशित किया जा रहा है।



बालक का नामः– अनिश इन्दवार
पिताः– अज्ञात
माताः– अज्ञात
उम्रः– 10 वर्ष
वनजः– 26 किलोग्राम
लिंगः– पु0 (Male)
उँचाईः– 128 सें0मी0
रंगः– सांवला
शारीरिक संरचनाः–सामान्य
आँख का रंग :– काला
बाल का रंग :– काला
भाषाः– नागपुरी, हिन्दी

अनिश इन्दवार के जैविक माता–पिता या परिजन की जानकारी/सूचना होने जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी सिमडेगा के सम्पर्क न0–8210698265, बाल कल्याण समिति सिमडेगा के सम्पर्क न0– 7004171753, 8709869285, 7321043179, 9835167403 एवं चाईल्ड लाईन सिमडेगा के मोबाईल नं0–8825287847 पर सम्पर्क कर सकते है।

**नोट :–** प्रेस विज्ञप्ति प्रकाशन करने के 120 दिनों तक बालक के संबंध में दावा प्रस्तुत नहीं होने की स्थिति में दत्तक ग्रहण विनियम, 2022 के अन्तर्गत बाल कल्याण समिति द्वारा बालक को दत्तक ग्रहण हेतु विधिक रूप से मुक्त किया जायेगा।

चाईल्ड हेल्प लाईन (टॉल फ्री नं0 1098)

जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी
सिमडेगा

PR 365382 Simdega (25-26)_D

**उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा**
**सामाजिक सुरक्षा कोषांग**
**(बाल–संरक्षण)**

**आम सूचना**



एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बाल कल्याण समिति, कोडरमा के पत्रांक–758/बा0 क0 स0/2025 दिनांक– 25.10.2025 के आलोक में बालिका–माहिरा खातुन, उम्र–4 वर्ष, माता–काजोल मण्डल, पिता–नामालूम, पता–नामालूम को RPF कोडरमा द्वारा पूर्वाहन में हावड़ा मुम्बई ऐक्सप्रेस (12321) के जेनरल कोच से दिनांक–09.09.2025 को बरामद कर चाइल्ड हेल्प लाइन, कोडरमा को सुपूर्द किया गया, तत्पश्चात् बाल कल्याण समिति, कोडरमा के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बालिका बांग्ला में बात–चीत करती है तथा अपने निवास स्थान का पूरा पता बताने में असमर्थ है। वर्तमान में उक्त बालिका बाल कल्याण समिति, कोडरमा के संरक्षण में है, उक्त बालिका की विवरणी निम्नवत् हैः–

बालिका का नाम – माहिरा खातुन
माता– काजोल मण्डल
पिता–व पता – नामालूम, थाना–सैंथिया, जिला बीरभूम, पश्चिम बंगाल, उम्र – 4 वर्ष लगभग, रंग–गेहुआं, लम्बाई– 3 फीट लगभग,

उक्त बालिका के माता–पिता की खोज–बीन जारी है। बालिका के परिवार व रिश्तेदार के सम्बंध में किसी भी व्यक्ति को कोई जानकारी प्राप्त होती है, तो बाल कल्याण समिति अथवा जिला बाल संरक्षण इकाई, कोडरमा (झारखण्ड) से सम्पर्क किया जा सकता है।

सम्पर्क नं0:–
बाल कल्याण समिति, कोडरमा।
8340552130, 7870157568
जिला बाल संरक्षण इकाई, कोडरमा।
8539973546, 9608145888, 8210881013

सहायक निदेशक,
सामाजिक सुरक्षा कोषांग, कोडरमा।

PR 365420 (Women, Child Development & Social Security) 25-26 (D)

**Jharkhand Industrial Area Development Authority (JIADA)**
**(A Govt. of Jharkhand Undertaking)**
Regd. Off: 3rd floor, JIADA building, Namkum Industrial Estate, Namkum, Ranchi, Jharkhand – 834010
E-mail-mdjiada@gmail.com, web-jiada.co.in

Letter No. 1185 Dated:06.11.2025

**Tender Notice**
**NIT No.:-JIADA/**
**Sub: Request For Empanelment of Agencies for Conducting Green Audits in Adityapur Auto Cluster**

JIADA, Ranchi proposes to engage a competent Green Audit Agency to conduct comprehensive environmental assessments within the Adityapur Auto Cluster. The objective is to evaluate and enhance resource efficiency, waste management, and compliance with environmental norms, while promoting sustainable and cleaner production practices. The initiative aims to support industries in meeting statutory requirements, improving environmental per formance, and availing benefits under government programs such as the RAMP Programme, thereby fostering planned, sustainable, and eco-friendly industrial development in Jharkhand.

| S. No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1. | RFP/ Tender Availability | 07.11.2025 |
| 2. | Last date for receiving queries | 19.11.2025 up to 05.00 P.M |
| 3. | Date and time of Pre-Bidding Meeting | 21.11.2025 at 12.30 P.M |
| 4. | Last date of Submission | 02.12.2025 at 05.00 P.M |
| 5. | Technical Proposal opening | 03.12.2025 at 03.30 P.M |
| 6. | Technical Presentation | To be Notified |
| 7. | Cost of Tender | Electronic transfer of INR 11,800/- {including 18% GST(Non-Refundable)} through Jharkhand Tender website- https://jharkhandtenders.gov.in/nicgep/app |
| 8. | Website for downloading Tender Documents | https://www.jiada.co.in/tenders.php. |
| 9. | Contact Details | Secretary, JIADA, 3rd Floor, JIADA Bhawan, Namkum, Lowadih, Ranchi, Jharkhand-834010 Mobile:+91 9835946572 Website: www.jiada.co.in Email: mdjiada@gmail.com |

- JIADA reserves the right to change any schedule of bidding process. Please visit JIADA website mentioned in document regularly for the same.
- JIADA reserves the right to terminate the bid process at any time without assigning any reason.
- Proposals must be received not later than time, and date as mentioned above. Proposals that are received after the last date and will not be entertained.

(By the order of MD, JIADA)
Sd/-
Secretary, JIADA

PR.NO.365386 RIADA (JIADA)(25-26):D

## शिशु सुरक्षा के लिए उठाने होंगे ठोस कदम

हर साल 07 नवम्बर को शिशुओं के स्वास्थ्य और कल्याण की सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए शिशु सुरक्षा दिवस मनाया जाता है। यह दिवस प्रारंभिक स्वास्थ्य देखभाल, पोषण, टीकाकरण और माता-पिता की शिक्षा को बढ़ावा देकर शिशु मृत्यु दर को कम करने पर केंद्रित है। दुनिया भर में लाखों शिशु अभी भी संक्रमण, कुपोषण और चिकित्सा सुविधा की कमी जैसे रोकथाम योग्य कारणों से मर जाते हैं। यह दिवस समाज और सरकारों को यह याद दिलाता है कि वे हर बच्चे के जीवन में एक स्वस्थ शुरूआत के अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए और अधिक ठोस कदम उठाएँ।

भारत और कई अन्य देशों में शिशु संरक्षण दिवस मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़ी पहलों को बढ़ावा देने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। जननी सुरक्षा योजना और पोषण अभियान जैसे कार्यक्रम शिशुओं की प्रारंभिक देखभाल में सुधार के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। यह दिवस माता-पिता को स्वस्थ विकास सुनिश्चित करने के लिए उचित आहार, स्वच्छता और टीकाकरण के नियमों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित करता है। नवजात शिशुओं की उचित सुरक्षा ना हो पाने के कारण दुनिया में बहुत सारे बच्चे मौत के आगोश में चले जाते है। हालांकि सरकार ने इसे रोकने कि दिशा में सार्थक प्रयास किये है। जिनकी बदौलत देश में शिशु मृत्यु दर में कमी आयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया के अनुसार देश 2030 तक सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) प्राप्त करने की दिशा में बढ़ रहा है। भारत में नवजात बच्चों की मौतों के मामलों में सरकार के लिए बीते 77 साल बड़ी चुनौती भरे रहे हैं। हालांकि इसमें लगातार कमी आ रही है।

देश में शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) और शिशु जन्म दर में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। 2023 की नमूना पंजीकरण प्रणाली (एसआरएस) रिपोर्ट के मुताबिक देश में शिशु मृत्यु दर न्यूनतम 25 पर आ गई है। 2013 में 40 के मुकाबले इसमें 37.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। वहीं, शिशु जन्म दर में पिछले 10 साल में 14 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई है। 2013 में ये दर 21.4 प्रतिशत थी अभी ये 18.4 प्रतिशत है। आइएमआर एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य संकेतक है, जिसे एक वर्ष से कम आयु के पैदा होनेवाले प्रति 1,000 शिशुओं पर होनेवाली मौतों की संख्या के रूप में परिभाषित किया जाता है। यह संख्या जितनी कम होगी स्वास्थ्य सेवा की पहुंच उतनी ही बेहतर मानी जाएगी।

एसआरएस रिपोर्ट के मुताबिक 1971 में शिशु मृत्यु दर के मुकाबले 2023 में 80 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा बाल मृत्यु दर प्रति हजार पर 37 दर्ज की गई है। वहीं, मणिपुर में ये आंकड़ा तीन का है। 21 राज्यों में केरल ही एकमात्र ऐसा प्रदेश है, जहां शिशु मृत्यु दर इकाई में दर्ज की गई है। राज्य में ये आंकड़ा 5 का है और मणिपुर के बाद ये दूसरे नंबर पर है। रिपोर्ट में ग्रामीण क्षेत्रों में ये आईएमआर 44 से घटकर 28 पर आ गई है। वहीं शहरी इलाकों में 27 से घटकर 18 पर आंकी गई है। इस तरह 10 साल में इस दर में 36 प्रतिशत और 33 प्रतिशत की गिरावट क्रमशः दर्ज की गई है। शिशु जन्म दर में भी गिरावट का रुख रिपोर्ट में शिशु जन्म दर में भी गिरावट का रुख दर्ज किया गया है। ये दर जनसंख्या वृद्धि का एक महत्वपूर्ण निर्धारक है। इसके तहत सालभर में प्रति हजार जनसंख्या पर जीवित शिशुओं की संख्या बताई जाती है। रिपोर्ट के मुताबिक पिछले पांच दशकों में जन्म दर में भारी गिरावट दर्ज की गई है। ये दर 1971 के 36.9 प्रतिशत से गिरकर 2023 में 18.4 प्रतिशत पर आ गई है। इस दौरान ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में शिशु जन्म दर करीब-करीब बराबर हो गई है। पिछले 10 वर्ष में जन्म दर 21.4 प्रतिशत से गिरकर 2023 में 18.4 प्रतिशत पर आ गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले दशक में जन्म दर में लगभग 14 प्रतिशत की गिरावट आई है, जो 2013 में 21.4 से घटकर 2023 में 18.4 हो गई है।

# झारखंड की जनजातीय धरती की खोज में फ्रांसीसी पर्यटक

## राज्य की समृद्ध आदिवासी विरासत को दर्शाने वाली 16 दिवसीय सांस्कृतिक यात्रा

कैलाश कुमार महतो

झारखंड में जनजातीय पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अक्टूबर 2025 में फ्रांस के पर्यटकों का एक दल राज्य की 15 रात 16 दिन की सांस्कृतिक यात्रा पर निकला। यह यात्रा **गो ट्रैवल्स**, राँची द्वारा बुक की गई थी तथा **झारखंड डीएमसी** और **टीम धुमकुड़िया** के संयुक्त प्रयास से सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई।

इस यात्रा ने झारखंड की विविध जनजातीय कला, संगीत, परंपराओं और पारिस्थितिक जीवनशैली को प्रदर्शित किया – जिससे आगंतुकों को भारत की आदिवासी आत्मा को करीब से देखने का अवसर मिला।




**राँची से हजारीबाग तक : सोहराय कला का उत्सव**

यात्रा की शुरूआत राँची से हुई और आगे हजारीबाग की ओर बढ़ी, जहाँ पर्यटकों ने बिरहोर जनजाति के गाँवों का दौरा किया – जो अपनी सादगी और प्रकृति से गहरे संबंध के लिए प्रसिद्ध हैं। फ्रांसीसी पर्यटक गाँव की दीवारों पर बनी सोहराय पेंटिंग्स को देखकर मंत्रमुग्ध हो गए – यह पारंपरिक भित्ति कला है जो फसल कटाई और उर्वरता के उत्सव का प्रतीक है।

उन्होंने बुंडू प्रखंड के चिरुधी गाँव में आयोजित सोहराय महोत्सव में भाग लेकर स्थानीय लोगों के साथ नृत्य, गीत और भोज में शामिल होकर आदिवासी आतिथ्य की गर्मजोशी का अनुभव किया।

बिरहोर जनजातीय गाँव (हजारीबाग) में पारंपरिक सोहराय चित्रकला को देखते फ्रांसीसी अतिथि।

**सरायकेला और चाईबासा की खोज :** राजवंशीय धरोहर और जनजातीय जीवन सरायकेला में दल ने ऐतिहासिक सरायकेला किला देखा और रंगीन पदमपुर मेला में भाग लिया, जहाँ लोकसंगीत, नृत्य और हस्तशिल्प की झलक देखने को मिली।

इसके बाद पश्चिम सिंहभूम के चाईबासा पहुँचे, जहाँ उन्होंने हो जनजाति के लोगों से मिलकर उनके रीति-रिवाज, शिल्पकला और सामुदायिक जीवन के बारे में जाना। रास्ते में उन्होंने खूँटी में मुंडा जनजाति के लोगों से भी भेंट की, जो झारखंड के महान जननायक भगवान बिरसा मुंडा के वंशज हैं।

सिमडेगा और गुमला की कला, संगीत और आध्यात्मिक परंपराएँ सिमडेगा में पर्यटकों ने कलाकार गाँव और चिक बराइक समुदाय का दौरा किया, जो पारंपरिक बुनाई और लोककला के लिए प्रसिद्ध हैं।

इसके बाद वे गुमला पहुँचे, जहाँ उन्होंने सारू गाँव में उराँव जनजाति से मुलाकात की।

उन्होंने लिट्टाटोली में डॉ. कार्तिक उराँव जयंती पर आयोजित स्थानीय जात्रा (लोक मेला) में भाग लिया और फिर सारू गाँव में उन शिल्पकारों से मिले जो प्रसिद्ध मंदर वाद्य (जनजातीय ढोल) बनाते हैं। यात्रा का समापन सिरा सीता नामक उराँवों के पवित्र धार्मिक स्थल पर हुआ।

**नेतरहाट और आगे :** ताना भगत, बिरिजिया और असुर जनजातियाँ

नेतरहाट की ओर जाते हुए दल ने बिशनपुर प्रखंड में ताना भगत समुदाय से भेंट की – जो गांधीजी के सिद्धांतों पर आधारित सादगीपूर्ण जीवन के लिए जाने जाते हैं।

उन्होंने स्थानीय सरकारी विद्यालय का भी दौरा किया और विद्यार्थियों से संवाद किया।

नेतरहाट पहुँचकर उन्होंने बिरिजिया टोली में बिरिजिया जनजाति से और पास के गाँव में असुर जनजाति से मुलाकात की। जो प्राचीन काल से लौह गलन कला में दक्ष माने जाते हैं।

**प्रकृति और इतिहास : बेटला से पलामू तक**

यात्रा के अंतिम चरण में पर्यटकों ने बेतला राष्ट्रीय उद्यान का भ्रमण किया, जहाँ उन्होंने झारखंड की समृद्ध जैव-विविधता को नजदीक से देखा। इसके बाद उन्होंने ऐतिहासिक पलामू किला का दौरा किया – जो मध्यकालीन स्थापत्य का उत्कृष्ट उदाहरण है।

**सांस्कृतिक आदान-प्रदान और सहयोग की मिसाल**

पूरी यात्रा के दौरान दल के साथ सानू (फ्रेंच अनुवादक, दिल्ली), अमित कुमार (गो ट्रैवल्स) और डॉ. शिवशंकर उराँव (टीम धुमकुड़िया) रहे।

पर्यटकों ने आदिवासी व्यंजनों का स्वाद लिया, स्थानीय लोगों से संवाद किया और जय चला एंटरप्राइजेज, राँची द्वारा प्रस्तुत आदिवासी वस्त्रों एवं हस्तशिल्प उत्पादों की खरीदारी कर स्थानीय कारीगरों और महिला उद्यमियों को समर्थन दिया।

**जनजातीय उद्यमिता को सशक्त बनाते प्रयास**

इस यात्रा की सफलता ने यह सिद्ध किया कि जनजातीय पर्यटन झारखंड के युवाओं के लिए आर्थिक सशक्तिकरण का स्थायी मॉडल बन सकता है।

संगठित योजना और समुदाय की भागीदारी से यह क्षेत्र रोजगार के नए अवसर पैदा कर सकता है, साथ ही संस्कृति और परंपरा की रक्षा भी कर सकता है।

यह पहल सुश्री मधु तांबा (संस्थापक, गो ट्रैवल्स) और श्री अजय केरकेट्टा (संस्थापक, झारखंड डीएमसी) – दोनों अनुभवी जनजातीय उद्यमियों के सहयोग से संभव हुई। उनका यह प्रयास इस बात का उदाहरण है कि आदिवासी नेतृत्व किस प्रकार पर्यटन के माध्यम से सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा दे सकता है।

**यात्रा जो केवल भ्रमण नहीं, एक सांस्कृतिक अनुभव थी**

यह अभियान केवल पर्यटन नहीं, बल्कि सम्मान, सीख और सांस्कृतिक जुड़ाव की यात्रा थी। फ्रांसीसी पर्यटक झारखंड की जनजातीय कला, परंपरा, और जीवनदर्शन से गहराई से प्रभावित होकर लौटे।

इस यात्रा ने हमें यह सिखाया कि झारखंड के लोग कितने गहराई से प्रकृति, संस्कृति और समुदाय से जुड़े हुए हैं। एक फ्रांसीसी यात्री ने कहा। 'यह केवल यात्रा नहीं, बल्कि आत्मा को छू लेने वाला मानवीय अनुभव था।'

# अमीरी में अभिवृद्धि विद्रोह एवं संकट का बड़ा कारण

ललित गर्ग

विश्व अर्थव्यवस्था पर किए गए हालिया अध्ययन विशेषकर जी-20 पैनल की रिपोर्ट ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि धन और संपत्ति के वितरण में असमानता अब चरम पर पहुंच चुकी है। रिपोर्ट के अनुसार आज दुनिया की नई बनी संपत्तियों का लगभग तिरेसठ प्रतिशत हिस्सा मात्र एक प्रतिशत अमीर लोगों के पास है जबकि निचले पचास प्रतिशत गरीब लोगों के हिस्से में केवल एक प्रतिशत संपत्ति आई है। यह असमानता केवल आर्थिक नहीं बल्कि नैतिक, सामाजिक और मानवीय संकट का भी संकेत है। यह स्थिति एक आदर्श विश्व संरचना के लिये भी बड़ी बाधा है। यह ऐसी त्रासद, विद्रोहपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण स्थिति है जिसमें एक तरफ लोग मूलभूत सुविधाओं के अभाव में सड़कों पर उतर रहे हैं तो दूसरी ओर अमीर से और अमीर होते लोगों की विलासिता के किस्से तमाम हैं। उदारीकरण व वैश्वीकरण के दौर के बाद पूरी दुनिया में आर्थिक असमानता रूकने का नाम नहीं ले रही है, इससे एक बड़ी आबादी में विद्रोह एवं क्रांति के स्वर उभर रहे हैं।



सन 2000 से 2024 के बीच विश्व अर्थव्यवस्था में अभूतपूर्व वृद्धि हुई, तकनीकी विकास हुआ, उत्पादन बढ़ा और वैश्वीकरण के नाम पर बाजारों का विस्तार हुआ, लेकिन इस विकास का लाभ समान रूप से नहीं बंटा। अमीर और अमीर होते गए, गरीब और गरीब। सन 2000 में जहां विश्व की कुल संपत्ति का पैंतालीस प्रतिशत हिस्सा शीर्ष एक प्रतिशत लोगों के पास था, वहीं 2024 तक यह बढ़कर तिरेसठ प्रतिशत से भी ऊपर पहुंच गया। इसी अवधि में आधी से अधिक आबादी के हिस्से की संपत्ति घटकर केवल एक प्रतिशत रह गई। यह आंकड़े केवल संख्या नहीं, मानवता की दिशा के संकेत हैं कि हम प्रगति के नाम पर असंतुलन का साम्राज्य खड़ा कर रहे हैं। जो विद्रोह का कारण बन रहा है, हिंसा एवं अलगाव का भी कारण बन रहा है।

जी-20 पैनल के अध्ययन के अनुसार, वर्तमान में वैश्विक स्तर पर असमानता भयावह स्तर तक जा पहुंची है। निस्संदेह, भारत भी इस स्थिति में अपवाद नहीं है। देश के सबसे अमीर एक फीसदी लोगों ने केवल दो दशक में अपनी संपत्ति में 62 फीसदी की वृद्धि की है। दुनिया की इस चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में अमीर लगातार अमीर होते जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर गरीब अभाव, तंगी एवं जहालत के दलदल से बाहर आने के लिए छटपटा रहे हैं। इस आर्थिक असमानता का ही नतीजा है कि अमीर व गरीब के बीच संसाधनों का असमान वितरण और बदतर स्थिति में पहुंच गया है। ऑक्सफैम इंडिया की रिपोर्ट बताती है कि देश के शीर्ष दस प्रतिशत लोगों के पास कुल संपत्ति का लगभग सतहत्तर प्रतिशत हिस्सा है जबकि निचले साठ प्रतिशत लोगों के हिस्से में मात्र 4.7 प्रतिशत संपत्ति आती है। बीते दशक में अरबपतियों की संख्या दोगुनी हो गई लेकिन मजदूर, किसान और मध्यम वर्ग की आमदनी स्थिर रही या घटी। एक ओर महानगरों में गगनचुंबी इमारतें, विलासिता और अति उपभोग की चकाचौंध है, तो दूसरी ओर गाँवों और झुग्गियों में रोटी और दवा के लिए संघर्षरत लोग हैं। यही विरोधाभास हमारी विकास यात्रा का सबसे बड़ा प्रश्न बन गया है।

निस्संदेह, पैनल की हालिया रिपोर्ट नीति-निमार्ताओं को असमानता के इस बढ़ते अंतर को पाटने के तरीके तलाशने और नये साधन खोजने के लिये प्रेरित करेगी। पिछले ही हफ्ते, केरल सरकार ने दावा किया था कि राज्य ने अत्यधिक गरीब तबके की गरीबी का उन्मूलन कर दिया है। हालांकि, कुछ विशेषज्ञों ने इन दावों को लेकर संदेह जताया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गरीबी मुक्त भारत के निर्माण का संकल्प भी आश्चर्यकारी सफलता के साथ आगे बढ़ रहा है। करीब 25 करोड़ लोगों को गरीब से बाहर लाया गया है। इस साल की शुरूआत में, विश्व बैंक ने भी बताया था कि भारत 2011-12 और 2022-23 के बीच 17 करोड़ लोगों को गरीबी की दलदल से बाहर निकालने में सफल रहा है। मोदी सरकार के जन-केंद्रित विकास और सामुदायिक भागीदारी के लाभों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। निस्संदेह, इस पहल ने करोडों अत्यंत गरीब परिवारों को भोजन, स्वास्थ्य सेवा और आजीविका के बेहतर साधनों तक पहुंचने में मदद की है। फिर भी देश में धन-संपत्ति की असमानता केवल आर्थिक नहीं, बल्कि असंतोष और हिंसा की जड़ है। जब परिश्रमी व्यक्ति को उसका उचित मूल्य नहीं मिलता, जब समाज में अवसर और सम्मान का समान वितरण नहीं होता, तब भीतर आक्रोश और विद्रोह जन्म लेता है। प्रसिद्ध अर्थशास्त्री थॉमस पिकेटी ने कहा है कि जब पूंजी की आय दर आर्थिक वृद्धि दर से अधिक हो जाती है, तब समाज में असमानता बढ़ती है और लोकतंत्र की जड़ें हिल जाती हैं। आज यही हो रहा है। आर्थिक असंतुलन से सामाजिक असंतुलन उपज रहा है, अविश्वास और द्वेष का वातावरण बन रहा है।

कोरोना महामारी ने इस असमानता को और गहरा किया। जब करोड़ों लोग बेरोजगार और निर्धन हो गए, तब कुछ गिने-चुने उद्योगपतियों और कंपनियों की संपत्ति कई गुना बढ़ गई। इसका अर्थ यह है कि संकट भी अब वर्ग विशेष के लिए अवसर बन गया है। युद्धों, ऊर्जा संकट और बढ़ती महंगाई ने गरीब देशों की स्थिति को और भी कठिन बना दिया। अमीर देशों की बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने इन संकटों से भी मुनाफा कमाया जबकि विकासशील देशों में भोजन, शिक्षा और स्वास्थ्य की उपलब्धता घटती गई। विकास का अर्थ हमने केवल सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि तक सीमित कर दिया है। समाज में नैतिकता, समानता, सहानुभूति और पर्यावरणीय न्याय जैसे तत्व विकास की परिभाषा से गायब हो गए हैं। अमीर देशों की कंपनियां गरीब देशों के संसाधनों का दोहन करती हैं, और गरीब देशों के श्रमिक उनके उत्पादन का आधार बन जाते हैं। यह एक नया आर्थिक उपनिवेशवाद है, जहां अब सत्ता नहीं, पूंजी शासन करती है।

गरीबी उन्मूलन की तस्वीर को केवल संख्याएं ही पूरी तरह नहीं उकेर सकती हैं। गरीबी कम करने के प्रयासों के दावों के मुताबिक जमीनी स्तर पर गुणात्मक बदलाव भी नजर आना चाहिए।

### सूडोकु नवताल- 7606

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7605 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

# राहुल की प्रेस कांफ्रेंस यानी बिहार में हार की पेशबंदी



डॉ. आशीष वशिष्ठ

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बिहार में पहले चरण की 121 सीटों पर मतदान से एक दिन पहले दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुनाव आयोग और भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक हैंडल से ट्वीट कर हरियाणा में डुप्लिकेट वोटर्स से लेकर बल्क वोटर्स तक, कैटेगरी वाइज आंकड़े भी बताए। इससे पहले भी राहुल गांधी वोट चोरी का मुद्दा उठा चुके हैं। लेकिन वो चुनाव आयोग में शपथ पत्र देकर शिकायत और अदालत का दरवाजा नहीं खटखटाते हैं। बस प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से बेबुनियाद आरोप और दावे करते रहते हैं। असल में पटना से करीब 1100 किलोमीटर दूर जब राहुल गांधी हरियाणा विधानसभा चुनाव में फर्जी वोटिंग के किस्से सुना रहे थे तब ऐसा लग रहा था मानो वो बिहार में महागठबंधन की संभावित हार के लिए पेशबंदी कर रहे हैं।

राहुल गांधी के वोट चोरी के आरोपों पर भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। चुनाव आयोग ने भी कहा है कि कांग्रेस को डुप्लीकेट मतदाताओं को हटाने के लिए शिकायत दर्ज करवानी चाहिए थी। मीडिया रिपोर्ट के अनसार हरियाणा राज्य की मतदाता सूची के खिलाफ कोई अपील दायर नहीं की गई थी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार मतदाता सूची के खिलाफ कोई अपील नहीं दायर की गई।

राहुल गांधी के इस दावे को लेकर काफी विवाद हो रहा है। इनमें भी सबसे बड़ा विवाद तो ये है कि राहुल गांधी को ये कैसे पता चला कि जिन 22 वोटर कार्ड पर एक ही मॉडल की तस्वीर है, उन वोटर कार्ड से चुनावों में वोट डाले गए हैं। ये सवाल इसलिए भी उठ रहा है क्योंकि राहुल गांधी जिस वोटर लिस्ट को दिखा कर ये पूरा दावा कर रहे हैं, वो वोटर लिस्ट मतदान के बाद की नहीं बल्कि मतदान से पहले की है। सोचिए मतदान से पहले की वोटर लिस्ट से राहुल गांधी को ये कैसे पता चला कि इन वोटर कार्ड से चुनाव में वोटिंग भी हुई। मीडिया की पड़ताल में राहुल गांधी के दावे झूठे साबित हुए।

सवाल यह भी है कि अगर कोई गड़बड़ी थी तो कांग्रेस के बूथ लेवल एजेंट्स ने संशोधन के दौरान एक ही नाम की एक से अधिक प्रविष्टियों को रोकने के लिए कोई दावा या आपत्ति क्यों नहीं दर्ज की? वहीं अगर कई नामों के दोहराव से बचना था तो संशोधन के दौरान कांग्रेस के बूथ-स्तरीय एजेंटों (बीएलए) ने कोई दावा या आपत्ति क्यों नहीं उठाई?

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बिहार और हरियाणा दोनों में कांग्रेस के बूथ एजेंटों ने संशोधन के दौरान दोहराए गए नामों को लेकर कोई दावा या आपत्ति नहीं दर्ज की। सवाल यह भी है कि वोटर लिस्ट चुनाव से पहले उपलब्ध होती है। अगर कोई नाम छूट गया है तो उसे जुड़वाने की व्यवस्था होती है।

वास्तव में, कांग्रेस और कई विपक्षी दल सत्ता हासिल करने के लिए किसी ने किसी बहाने देश की जनता को संवैधानिक संस्थाओं के प्रति उकसाते रहते हैं। चुनाव आयोग, ईडी, सीबीआई से लेकर तमाम दूसरी संवैधानिक संस्थाओं को कटघरे में खड़ा करते रहते हैं। राहुल गांधी तो चुनाव आयोग के अधिकारियों को खुली धमकी दे चुके हैं कि उनकी सरकार आएगी तो वो जांच करवाएगी। वैसे अब तक चुनाव आयोग और चुनाव प्रणाली को लेकर विपक्ष के आरोप फर्जी और बेबुनियाद ही साबित हुए हैं। प्रेस कांफ्रेंस में राहुल गांधी ने मीडिया का परिचय बिहार के कुछ ऐसे लोगों से भी कराया है, जिनके नाम वोटर लिस्ट से काट दिए गए हैं और इन लोगों का कहना है कि चुनाव आयोग की तरफ से उनके पास कभी कोई आया ही नहीं और बिना बताए उनका नाम वोटर लिस्ट से डिलीट कर दिया गया। अब यहां समस्या ये है कि राहुल गांधी देश को ये बता रहे हैं कि वोटर लिस्ट में क्या त्रुटियां हैं लेकिन चुनाव आयोग जब इन त्रुटियों को सुधारने के लिए वोटर लिस्ट का रिवीजन करना चाहता है तो वे इसका भी विरोध करते हैं। ऐसे में सवाल यह है कि क्या राहुल गांधी एसआईआर का समर्थन कर रहे हैं या इसका विरोध? जिन लाखों वोटरों का वोट कटा है, वो चुपचाप घरों में बैठकर राहुल गांधी की प्रेस कांफ्रेंस का इंतजार क्यों कर रहे थे, उन्हें तो सड़कों पर उतर आना चाहिए था। वास्तव में, राहुल गांधी एक अगंभीर राजनीतिज्ञ हैं। उनकी राजनीति का मकसद सेवा की बजाय मेवा खाना और कमाना है। देश की जनता से जुड़ाव दिखाने के लिए वो किसान, ड्राइवर, कारपेंटर, हलवाई, कुली या पुताई वाले का अभिनय करते दिखते जरूर हैं लेकिन राजनीति और देश को लेकर उनकी समझ अल्प है। वहीं, उनकी एक समस्या यह भी है कि मोदी सरकार के खिलाफ वो जो आरोप लगाते हैं, उनका कोई ठोस आधार या प्रमाण उनके पास नहीं है। इस संबंध में उनके तमाम आरोप और दावे अतीत में गलत साबित हुए हैं। मोदी सरकार के खिलाफ वे पिछले एक दशक में कई आरोप लगा चुके हैं लेकिन चंद दिनों के शोरशराबे के बाद वे कोई नया आरोप लगाने लगते हैं। देश की जनता मोदी और राहुल गांधी के बीच का फर्क सही से समझ रही है इसलिए कांग्रेस सत्ता से दूर है। राहुल गांधी के पास पक्के सुबूत हों तो उन्हें छाती ठोक कर चुनाव आयोग में शपथ पत्र दाखिल कर शिकायत दर्ज करनी चाहिए।

## दैनिक पंचांग

**7 नवम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | तुला में | वृश्चिक | 06.55 ब.से |
| चंद्र | वृष में | धनु | 09.11 बजे से |
| मंगल | वृश्चिक में | मकर | 11.16 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | कुंभ | 13.03 बजे से |
| गुरु | कर्क में | मीन | 14.35 बजे से |
| शुक्र | तुला में | मेष | 16.06 बजे से |
| शनि | मीन में | वृष | 17.46 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मिथुन | 19.44 बजे से |
| केतु | सिंह में | कर्क | 21.58 बजे से |
| राहुकाल | | सिंह | 00.14 बजे से |
| 10.30 से | | कन्या | 02.26 बजे से |
| 12.00 बजे तक | | तुला | 04.36 बजे से |

**शुक्रवार** 2025 वर्ष का 311 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** मृगशीर्ष (दक्षिण भारत में कार्तिक) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** द्वितीया 11.06 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** रोहिणी 00.34 बजे रात्र को समाप्त। **योग** परिघ 22.28 बजे को समाप्त। **करण** गर 11.06 बजे तदनन्तर वणिज 21.17 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 16.5 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 16° 17' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872521 **जूलियन दिन** 2460986.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** जमादि उल्लावल **तारीख** 15 **विशेष** रोहिणी व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से | 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से | 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से | 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से | 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### शराब दुकान में छत काटकर नकदी और महंगी बोतलें ले उड़े चोर

**पश्चिमी सिंहभूम** : जिला के चक्रधरपुर शहीद भगत सिंह चौक स्थित विदेशी शराब दुकान में बुधवार की रात अज्ञात चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने दुकान की छत काटकर अंदर प्रवेश किया और नकदी के साथ-साथ लाखों रुपये की विदेशी शराब की बोतलें लेकर फरार हो गए। घटना का खुलासा गुरुवार की सुबह तब हुआ जब दुकान के कर्मचारी ने दुकान खोली। चक्रधरपुर थाना क्षेत्र के रांची-चाईबासा मुख्य मार्ग (एनएच-75ई) पर स्थित उक्त दुकान में देर रात सेंधमारी की गई। चोरों ने बड़ी चालाकी से दुकान की छत के टिन शीट को काटकर भीतर प्रवेश किया और पहले कैश काउंटर को निशाना बनाया। उसके बाद उन्होंने शराब की महंगी बोतलें समेटी और रात के अंधेरे में फरार हो गए। सुबह जब सेल्समैन दुकान पर पहुंचा, तो अंदर का दृश्य देखकर उसके होश उड़ गए। पूरी दुकान अस्त-व्यस्त थी, सामान बिखरा पड़ा था और नकदी गायब थी। जांच के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि दुकान की छत में बड़ा छेद कर चोरी की गई थी। थाना प्रभारी ने बताया कि चोरी की वारदात पूरी योजना बनाकर की गई है। फिलहाल अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और उनकी तलाश तेज कर दी गई है। चोरी की कुल राशि और शराब की कीमत का आकलन किया जा रहा है।

### बेकाबू सांड़ ने ली महिला की जान

**पूर्वी सिंहभूम** : मानगो क्षेत्र में बेकाबू सांड़ का आतंक गुरुवार को एक और जान ले गया। शंकोसाई के गौड़ बस्ती इलाके में हिंसक सांड़ ने 61 वर्षीय माला सरकार पर हमला कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया। बुधवार को इसी सांड़ ने 15 से अधिक लोगों को घायल कर पूरे इलाके में दहशत फैला दी थी। सूत्रों के अनुसार, बुधवार शाम टाटा जूलॉजिकल पार्क की टीम ने इस उग्र सांड़ को ट्रैंक्यूलाइज कर बेहोश किया था। लेकिन अंधेरा छा जाने के कारण टीम उसे सुरक्षित स्थान पर नहीं ले जा सकी। रातभर सांड़ बेहोश अवस्था में शंकोसाई इलाके में ही पड़ा रहा। गुरुवार सुबह होश आने पर वह फिर हिंसक हो गया और दौड़ते हुए गौड़ बस्ती की ओर बढ़ गया। इसी दौरान उसने सड़क किनारे खड़ी माला सरकार पर हमला कर उन्हें जमीन पर पटक दिया। घायल महिला को तुरंत टाटा मेन हॉस्पिटल (टीएमएच) ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। लोगों ने नगर निगम और प्रशासन की लापरवाही को इस मौत का जिम्मेदार ठहराते हुए विरोध जताया। उनका कहना है कि यदि बुधवार रात ही सांड़ को पूरी तरह नियंत्रित कर ले जाया गया होता, तो यह घटना नहीं घटती। घटना की सूचना पर पुलिस और टाटा जू की टीम फिर मौके पर पहुंची। टीम ने सांड़ को दोबारा ट्रैंक्यूलाइज कर पकड़ा और उसे जू अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है।

### मालगाड़ी से चावल चोरी करने वाला युवक गिरफ्तार

**पश्चिमी सिंहभूम** : चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन क्षेत्र में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने गुरुवार को मालगाड़ी से चावल की बोरियां चोरी करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान दंदासाई निवासी मोहम्मद अशरफ के रूप में हुई है, जबकि उसके तीन सहयोगी फिलहाल फरार बताए जा रहे हैं। आरपीएफ उनकी तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है। घटना दंदासाई इलाके के वेस्ट केबिन आउटर के पास की है, जहां आरोपितों ने एक खड़ी मालगाड़ी को निशाना बनाया था। आरपीएफ के अनुसार, मोहम्मद अशरफ और उसके साथियों ने पहले ट्रेन की रेकी की, फिर वैगन पर चढ़कर दरवाजे की सील तोड़ दी। इसके बाद उन्होंने करीब 20 से 25 बोरी चावल नीचे फेंक दी और उन्हें पास की झाड़ियों में छिपा दिया।

# पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल अंतर्गत योजनाओं की हुई समीक्षा, डीसी ने दिए समयबद्ध कार्य पूर्ण करने के निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : समाहरणालय सभागार में आज डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल अंतर्गत संचालित योजनाओं, जल जीवन मिशन, जिला जल एवं स्वच्छता समिति, एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान डीसी ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल-जल कनेक्शन कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि सभी लंबित कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए ताकि प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। डीसी ने जिले में चल रही प्रमुख योजनाओं – साहिबगंज मेगा जलापूर्ति योजना, साहिबगंज शहरी जलापूर्ति योजना, तालझारी, बोरियो एवं मंडरो पूर्ण कवरेज ग्रामीण पाइप जलापूर्ति योजनाएं, तथा साहिबगंज-गोड्डा-दुमका मल्टी विलेज स्कीम की प्रगति की अद्यतन जानकारी ली। उन्होंने प्रत्येक योजना के अंतर्गत पूर्ण, संचालित, प्रक्रियाधीन एवं अपूर्ण योजनाओं का विस्तृत ब्यौरा मांगा तथा जिन योजनाओं का हैंडओवर शेष है, उन्हें शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि जल जीवन मिशन के तहत अधिकतम हाउसहोल्ड को नल-जल कनेक्शन से जोड़ा जाए, जिससे जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता हो सके। डीसी ने विभागीय अभियंताओं को कार्य की गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का, जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष, जिला पंचायत राज पदाधिकारी अनिल कुमार, नगर प्रशासक अभिषेक कुमार सिंह, सहित सभी सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, जिला समन्वयक (जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन) तथा संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

## डीसी ने ईवीएम वेयरहाउस का किया मासिक निरीक्षण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज** : डीसी हेमंत सती ने समहरणालय स्थित ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस में रखे इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा एवं प्रबंधन का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीसी ने वेयरहाउस में सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से मूल्यांकन किया और सभी आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उनकी सुरक्षा और रखरखाव में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीसी ने वेयरहाउस में फायर सेफ्टी उपकरणों की उपलब्धता और सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता की जांच की। साथ ही, उन्होंने स्टाफ को नियमित अंतराल पर प्रशिक्षण प्रदान करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया के लिए ईवीएम की सुरक्षा प्राथमिकता होनी चाहिए। मौके पर, अपर समाहर्ता गौतम भगत, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कू, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।


## राजमहल में जल सहिया के साथ प्रखंड स्तरीय समीक्षा बैठक सम्पन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : जिला के प्रखंड सभागार राजमहल में जल सहिया के साथ प्रखंड स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी सुर्यनारायण चौधरी ने की। उन्होंने सभी जल सहिया से उनके-अपने क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों की बारीकी से जानकारी ली तथा कार्य प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि जल सहिया का मानदेय कार्य मूल्यांकन के आधार पर प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी जल सहिया अपने दायित्वों का शत-प्रतिशत निर्वहन करें ताकि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएं प्रभावी रूप से धरातल पर उतारी जा सकें। बैठक में मनरेगा बीपीओ गगन बापू ने ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समिति का दायित्व है- जल स्रोतों की नियमित निगरानी, खराब पड़े हैंडपंप व पाइपलाइन की सूचना त्वरित उपलब्ध कराना, साफ-सफाई व स्वच्छता के प्रति समुदाय को जागरूक करना, जल की गुणवत्ता की जांच कर दूषित जल की रिपोर्ट वरीय अधिकारियों तक भेजना। उन्होंने बताया कि इन सभी कार्यों से ग्रामीण स्वास्थ्य सुरक्षा मजबूत होगी तथा बीमारियों के खतरे में कमी आएगी। बैठक में पूनम सिंह, रेखा देवी, सोना मरांडी, सरला देवी सहित अनेक जल सहिया उपस्थित रहीं। सभी ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं और प्रगति से संबंधित जानकारी साझा की।प्रखंड प्रशासन द्वारा इस समीक्षा बैठक को जल एवं स्वच्छता से जुड़ी योजनाओं को और अधिक प्रभावी एवं परिणामकारी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## मर्चेंट नेवी अधिकारी के घर से 60 लाख के गहने और नकद की चोरी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम** : बिरसानगर थाना क्षेत्र के प्रतिष्ठित आवासीय परिसर विजया गार्डन में लैवेंडर-24 टॉवर के फ्लैट नंबर 83 में रहने वाले मर्चेंट नेवी अधिकारी ज्योति सिंह और उनकी पत्नी निधि सिंह, जो टेल्को वैलीव्यू स्कूल में शिक्षिका हैं उनके घर से चोरों ने लाखों रुपये मूल्य के गहने और नगद की चोरी कर ली। घटना गुरुवार की सुबह की है। निधि सिंह रोजाना की तरह सुबह में बच्चों को लेकर स्कूल गई थीं। दोपहर में लौटने पर उन्होंने देखा कि मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ है और घर के सभी कमरे अस्त-व्यस्त पड़े हैं। जब उन्होंने बेडरूम की अलमारी देखी तो उसमें रखे करीब 60 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण और 10 हजार रुपये नकद गायब थे। घटना की सूचना मिलते ही बिरसानगर थाना प्रभारी संतोष कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार से पूछताछ की। पुलिस ने फ्लैट परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने की प्रक्रिया शुरू कर दी है ताकि चोरों की पहचान की जा सके। जांच में यह भी सामने आया कि उसी बिल्डिंग के एक अन्य फ्लैट का ताला भी तोड़ा गया था, लेकिन वहां चोरी नहीं हो पाई। घटना के बाद पूरे आवासीय परिसर में भय और आक्रोश का माहौल है। निवासियों ने कहा कि विजया गार्डन में करोड़ों रुपये कीमत के फ्लैट तो बेचे जाते हैं, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह लचर है। गेट नंबर 2 पर सुरक्षा गार्ड हमेशा मौजूद रहते हैं, फिर भी आठवीं मंजिल तक चोरों का पहुंच जाना गंभीर सवाल खड़े करता है।

## आरपीएफ ने 20 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ दो तस्कर को किया गिरफ्तार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज** : मालदा मंडल के साहिबगंज रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर दो पर गुरुवार को अप रामपुरहाट-गया पैसेंजर में आरपीएफ ने दो तस्कर को अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी भागलपुर के दुर्गा महाल्दार व शशि कुमार भूषण है। एसआई हिमांशु कुमार हेमंत ने बताया कि जांच अभियान के दौरान रामपुरहाट-गया पैसेंजर के सीट के नीचे प्लास्टिक की बोरी पड़ा था। जांच की गई तो उसमें रॉयल स्टेज के 20 बोतल शराब पाया गया। वही शराब की कीमत 16,400 रुपए बताया जा रहा है। वही जब्त शराब को आगे की कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग को भेज दिया गया है। मौके पर कई जवान मौजूद थे।

# श्रद्धालु रेलवे पटरियों पर बैठकर करते हैं ट्रेन का इंतजार, दुर्घटना का बना रहता है खतरा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : जिले के मंडरो प्रखंड अंतर्गत प्रसिद्ध रक्सी स्थान आस्था का प्रमुख केंद्र बन चुका है, लेकिन यहां श्रद्धालुओं की भक्ति के बीच सुविधाओं की भारी कमी साफ झलकती है। हर मंगलवार और शनिवार को हजारों श्रद्धालु माता वनदेवी रक्सी मां के दर्शन के लिए यहां पहुंचते हैं, परंतु रेलवे प्लेटफॉर्म के अभाव में उन्हें जान जोखिम में डालकर ट्रेन से उतरना और चढ़ना पड़ता है। रेलवे पटरियों पर बैठकर ट्रेन का इंतजार करना यहां आम बात बन चुकी है। श्रद्धालु कहते हैं कि मां के दर्शन के लिए तो आना ही पड़ता है, पर डर हमेशा बना रहता है कि कहीं कोई हादसा न हो जाये। मालदा रेल मंडल के अंतर्गत साहिबगंज और मिजाचौकी स्टेशन के बीच स्थित यह धार्मिक स्थल हर सप्ताह हजारों भक्तों से गुलजार रहता है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए ट्रेनों का दो मिनट का ठहराव तो दिया गया है, लेकिन प्लेटफॉर्म का निर्माण अब तक नहीं हुआ। इस कारण महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भक्तों को चलती ट्रेन से उतरने या चढ़ने में अत्यधिक कठिनाई होती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रेलवे प्रशासन को श्रद्धालुओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए तत्काल प्लेटफॉर्म निर्माण कराना चाहिए। सुविधाओं के लिए तरस रहा प्राकृतिक सौंदर्य से घिरा रक्सी स्थान, रक्सी स्थान न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह प्राकृतिक सुंदरता से भी परिपूर्ण है। पहाड़ों और हरियाली से घिरे इस क्षेत्र में वनदेवी रक्सी मां का शक्तिपीठ स्थित है। यहां प्रतिदिन श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं, लेकिन मूलभूत सुविधाओं की कमी उनकी भक्ति को कठिन बना देती है। सड़क और बिजली की व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं है, जिससे आने-जाने में परेशानी बढ़ जाती है। ठहरने के लिए कोई स्थायी व्यवस्था नहीं है, हालांकि ग्राम कचहरी भवन और सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया गया है। पुलिस की गश्ती से व्यवस्था संभलती है, पर स्थायी समाधान जरूरी श्रद्धालुओं की भीड़ और शराब चढ़ाने से होने वाली झड़पों को रोकने के लिए मिजाचौकी पुलिस द्वारा शनिवार और मंगलवार को विशेष गश्ती की जाती है। इसके बावजूद श्रद्धालुओं की सुरक्षा के स्थायी इंतजाम अब तक नहीं हो पाये हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यहां प्लेटफॉर्म, सड़क, बिजली और ठहरने की उचित व्यवस्था की जाये, तो यह क्षेत्र न केवल धार्मिक बल्कि पर्यटन के दृष्टिकोण से भी बड़ा केंद्र बन सकता है। लोगों ने प्रशासन और रेलवे विभाग से मांग की है कि रक्सी स्थान की बढ़ती लोकप्रियता और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए प्लेटफॉर्म का शीघ्र निर्माण कराया जाये, ताकि कोई अनहोनी न हो और श्रद्धालुओं की यात्रा सुरक्षित बने। क्या कहते हैं पदाधिकारी रक्सी स्थान में आने वाले श्रद्धालुओं को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रयास जारी है।

## संक्षिप्त खबरें

### कुरमी को एसटी में शामिल करने की मांग का विरोध, आक्रोश रैली का हुआ आयोजन



**पाकुड़** : जिले के हिरणपुर प्रखंड में गुरुवार को ?एक तीर एक कमान, आदिवासी एक सामान? कुरमी जाति को एसटी सूची में शामिल करने की मांग के विरोध में आदिवासी जन आक्रोश महारैली निकाली गई। महारैली में आदिवासी समाज के महिला पुरुष हाथों में पारंपरिक हथियार, झंडा, तख्ती लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। कुरमी-कुड़मी समाज को आदिवासी बनाये जाने की मांग के विरोध में हजारों की संख्या में आदिवासी आक्रोश महारैली निकाली गई। महारैली हिरणपुर बाजार से सुंदरपुर फुटबॉल मैदान रानीपुर तक रैली निकाली गयी। मौके पर आदिवासियों का हकमारी बन्द करो, कुरमी कुड़मी होश में आओ, संविधान को छेड़ना बन्द करो, एसटी का संवैधानिक अधिकार संरक्षित करो आदि नारे लगा कर विरोध दर्ज किया गया। वहीं सभा की अध्यक्षता रास्का हंसदा एवं किस्टु सोरेन प्रोफेसर निर्मल मुर्मू ने किया। मौके पर जबरदहा मुखिया राजेश हेंब्रम, शिक्षक रोशन मुर्मू सहित अन्य उपस्थित थे।

### बंद पड़े खदान में केज कल्चर से आत्मनिर्भर बने सैमुअल



**पाकुड़** : जिले के सोनाजोड़ी गांव के निवासी सैमुअल मुर्मू ने राज्य सरकार की मत्स्य विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण योजना के अंतर्गत केज निर्माण योजना का लाभ लेकर अपने जीवन में आत्मनिर्भरता और सफलता की नई कहानी लिखी है। विशेष बात यह है कि मुर्मू ने पारंपरिक तालाब की बजाय बंद पड़े खदान में केज कल्चर अपनाया, जिससे उन्होंने अनुपयोगी को आजीविका का साधन बना दिया। वहीं वित्तीय वर्ष 2022-23 में इस योजना के तहत उन्हें 3,58,000 की परियोजना लागत पर 3,22,200 की अनुदान राशि स्वीकृत हुई। इस सहायता से उन्होंने आधुनिक केज प्रणाली का निर्माण कर मछली पालन प्रारंभ किया। वर्तमान में वे प्रतिवर्ष लगभग 5,000 किलो मछली का उत्पादन कर 4 लाख से अधिक की वार्षिक आमदनी अर्जित कर रहे हैं। लाभुक सैमुअल मुर्मू ने बताया कि पहले परिवार की आय सीमित थी, खेती के अलावा दूसरा स्थायी साधन नहीं था। लेकिन राज्य सरकार की योजना से जुड़कर अब आमदनी बढ़ी है और जीवन में स्थायित्व आया है। आज मैं आसपास के ग्रामीणों को भी केज कल्चर से मछली पालन के लिए प्रेरित कर रहा हूँ। जिला मत्स्य पदाधिकारी, पाकुड़ काजल तिर्की ने बताया कि राज्य सरकार की यह योजना ग्रामीण आजीविका को सशक्त करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। सैमुअल मुर्मू ने यह सिद्ध किया है कि खदान में केज प्रणाली से मछली पालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने वाला नवाचार है। उनका प्रयास अन्य मत्स्य पालकों के लिए प्रेरणादायी उदाहरण है।

### तेज रफ्तार हाईवा ने स्कूटी सवार तीन लोगों को टक्कर मार किया घायल, रेफर



**साहिबगंज**: बोरियो थाना क्षेत्र अंतर्गत बोरियो-साहिबगंज मुख्य पथ के मोंगरा पुल के समीप स्कूटी-हाईवा के टक्कर में स्कूटी सवार तीन लोग बुरी तरह घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार फूलभंगा गांव निवासी मंसूर अंसारी (58), रिजवाना खातून (18), रुबीना खातून (20), सभी लोग साहिबगंज से डॉक्टर को दिखाकर स्कूटी पर सवार होकर अपने घर फूलभंगा गांव वापस जा रहा था, जहां रास्ते में कदमा व रक्सो के बीच मोंगरा पुल के पास तेज रफ्तार (हाईवा जेएच 17 एडी 7187) ने स्कूटी सवार तीन लोगों को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे स्कूटी सवार तीनों लोग बीच सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। जहां राहगीरों ने एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज भेज दिया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने तीनों घायलों का प्राथमिक इलाज किया। वही घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने तीनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। परिजनों ने बताया कि रुबीना खातून 6 महीने की गर्भवती थी। घटना की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दे दी गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच कर छानबीन कर हाईवा को जब्त कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

### साहिबगंज गंगा तट पर देव दीपावली पर जलाये 1001 दीपक



**साहिबगंज**: बुधवार को संध्या 6 बजे कार्तिक शुक्ल पक्ष,पूर्णिमा तिथि (देव दीपावली) के अवसर पर मां गंगा सेवा समिति, साहेबगंज द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी साहेबगंज के स्थानीय मुक्तेश्वर धाम,सीढ़ी घाट, गंगा तट पर बड़े धूमधाम, लाइट, बाजा के साथ मां गंगा की भव्य महाआरती की गई। जहाँ 1001 दीप जलाकर सीढ़ी घाट को सजाया गया। वही पंडित धनेश तिवारी के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां गंगा का विधिवत पूजन अर्चन कर मां गंगा की आरती की गई। पुरा गंगा तट दीपों से जगमगा उठा और वहां उपस्थित श्रद्धालुजनों ने हर हर गंगे,जय मां गंगे, हर हर महादेव के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। आरती के पश्चात समिति के सदस्यों ने मिलकर दीप दान कर भक्तों को प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर साहिबगंज मां गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार पाण्डेय, शशि कुमार सुमन, राजीव ओझा, जगन्मय मिश्रा, सुरेश ओझा, आभाष ओझा, संदीप अवस्थी, सिद्धार्थ कुमार आदि उपस्थित थे।

## एमवी फोटोवोल्टिक पावर का आईपीओ 11 नवंबर को खुलेगा

**नई दिल्ली** सौर फोटोवोल्टिक मॉड्यूल एवं सौर सेल बनाने वाली कंपनी एमवी फोटोवोल्टिक पावर लिमिटेड ने अपने 2,900 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 206-217 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी ने गुरुवार को कहा कि उसका आईपीओ 11 नवंबर को अभिदान के लिए खुलेगा और 13 नवंबर का संपन्न होगा। बड़े (एंकर) निवेशक 10 नवंबर को बोली लगा पाएंगे। आईपीओ 2,143.86 करोड़ रुपये के नए शेयर और 756.14 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है। नए निर्गम से प्राप्त 1,621 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का उपयोग कंपनी और इसकी प्रमुख अनुषंगी कंपनी द्वारा लिए गए ऋणों एवं ब्याज के पुनर्भुगतान या पूर्व भुगतान तथा सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। एमवी फोटोवोल्टेइक पावर का शेयर 18 नवंबर को शेयर बाजार में सूचीबद्ध हो सकता है।

## एफएए 40 व्यस्त मार्गों पर उड़ानों में 10 फीसदी की कटौती करेगा

**वॉशिंगटन** संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) ने कहा कि अमेरिका में जारी सरकारी शटडाउन के चलते 40 सबसे व्यस्त हवाई मार्गों पर उड़ानों की संख्या 10 फीसदी घटाई जाएगी। एजेंसी ने बताया कि यह कदम सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है। हवाई यातायात नियंत्रक बिना वेतन काम कर रहे हैं, जबकि कुछ ने काम बंद कर दिया है। इसका परिणाम देशभर में उड़ानों में देरी के रूप में सामने आ रहा है। 1 अक्टूबर से शुरू हुए शटडाउन का कारण है डेमोक्रेटिक पार्टी का वित्तीय पैकेज में 'अफोर्डेबल केयर एक्ट' रियायत की मांग। संसद से मंजूरी न मिलने पर शटडाउन लागू होता है।

## ब्याज दर में हो सकती है कटौती

**मुंबई** रिजर्व बैंक आने वाले महीनों में रेपो रेट में 0.25-0.5 प्रतिशत तक की कटौती का ऐलान कर सकता है। खाने-पीने की चीजों के दामों में कमी और हालिया जीएसटी कटौती के असर से महंगाई में लगातार नरमी बनी हुई है। इसी वजह से आरबीआई को आर्थिक ग्रोथ को सपोर्ट देने के लिए मौद्रिक नीति को उदार बनाने का मौका मिलेगा। कोटक सिक्युरिटीज की रिपोर्ट में यह संभावना जताई गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि टैरिफ और ट्रेड से जुड़ी चुनौतियों के बावजूद, घटती महंगाई आर्थिक गतिविधियों की रफ्तार (ग्रोथ) को बढ़ाने के लिए दरों में कटौती की गुंजाइश बना रही है। खाने-पीने की चीजों की कीमतें घटने से उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित रिटेल महंगाई दर सितंबर में घटकर 1.54 प्रतिशत पर आ गई थी।

## टीवीएस ने अक्टूबर में कुल 5,43,557 वाहनों की बिक्री

**नईदिल्ली** अक्टूबर 2025 में टीवीएस मोटर ने बिक्री के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। टीवीएस कंपनी ने इस महीने कुल 5,43,557 वाहनों की बिक्री दर्ज की, जो पिछले वर्ष की तुलना में 11.15 प्रतिशत की वृद्धि और पिछले महीने की तुलना में 0.46 प्रतिशत की बढ़त को दर्शाती है। बीते साल की तुलना में टीवीएस ने करीब 54 हजार वाहनों की अतिरिक्त बिक्री की। यह प्रदर्शन कंपनी की घरेलू और वैश्विक बाजार में मजबूत पकड़ को दर्शाता है। टीवीएस की सफलता का सबसे बड़ा आधार उसका भारतीय बाजार रहा, जहां उसने 4,21,631 वाहनों की बिक्री की। यह कुल बिक्री का लगभग 80 प्रतिशत है और इसमें वार्षिक तौर पर 9.83 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। वहीं, निर्यात के क्षेत्र में कंपनी ने 1,03,519 वाहनों की बिक्री की, जो कुल बिक्री का करीब 18 प्रतिशत हिस्सा है। मोटरसाइकिल श्रेणी में कंपनी ने 2,66,715 इकाइयाँ बेचीं, जो कुल बिक्री का 51 प्रतिशत हिस्सा है। यह पिछले वर्ष की तुलना में 15.77 प्रतिशत की वृद्धि को दिखाता है। वहीं स्कूटर सेगमेंट में कंपनी ने 2,05,919 यूनिट्स बेचीं, जिनमें से आईक्यूब इलेक्ट्रिक स्कूटर सबसे लोकप्रिय रहा। इस मॉडल की 32,387 इकाइयाँ बिकीं, जिससे यह साबित हुआ कि उपभोक्ता तेजी से इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर बढ़ रहे हैं। कंपनी के तीन पहिया वाहनों ने भी रिकॉर्ड बनाया। अक्टूबर में 18,407 यूनिट्स बिके, जिनमें घरेलू बाजार में 117 प्रतिशत और निर्यात में 52 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

# भारत रूस से कच्चे तेल की सीधी खरीद घटाएगा

### रूस की दो प्रमुख तेल कंपनियों पर लगाए जाने वाले नए आर्थिक प्रतिबंधों के बाद लिया गया फैसला

**नई दिल्ली**

भारत नवंबर के आखिर से रूस से कच्चे तेल की सीधे खरीद में कटौती करेगा। यह निर्णय अमेरिका द्वारा 21 नवंबर से रूस की दो प्रमुख तेल कंपनियों रोसनेफ्ट और लुकोइल पर लगाए जाने वाले नए आर्थिक प्रतिबंधों के बाद लिया गया है। प्रतिबंधों के तहत इन कंपनियों की अमेरिकी संपत्तियों और वित्तीय लेनदेन पर रोक लगेगी। इसके अलावा, अन्य देशों की संस्थाओं पर भी द्वितीयक प्रतिबंध लागू हो सकते हैं, यदि वे इन कंपनियों के साथ बड़े लेनदेन करती हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिकी प्रतिबंधों के पालन में भारतीय रिफाइनरी कंपनियां रोसनेफ्ट और लुकोइल से तेल की सीधी खरीद घटा सकती हैं या पूरी तरह रोक सकती हैं। प्रमुख कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, मंगलौर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स और एचपीसीएल-मित्तल एनर्जी शामिल हैं। हालांकि, नायरा एनर्जी की वाडिनार रिफाइनरी वर्तमान खरीद प्रक्रिया जारी रखेगी। विशेषज्ञों के अनुसार 21 नवंबर के बाद रूसी तेल की खेपों में कमी आएगी। दिसंबर में आपूर्ति में तेज गिरावट होने की संभावना है, जबकि 2026 की शुरुआत तक नए व्यापारिक माध्यम और वैकल्पिक मार्गों के जरिए स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो सकती है।



घटते रूसी आयात की भरपाई के लिए भारत ने पश्चिम एशिया, लैटिन अमेरिका, पश्चिम अफ्रीका, कनाडा और अमेरिका से खरीदारी बढ़ा दी है। उदाहरण के लिए अक्टूबर में भारत ने अमेरिका से प्रतिदिन 5.68 लाख बैरल क्रूड तेल आयात किया, जो मार्च 2021 के बाद सबसे अधिक है। 2025 की पहली छमाही में भारत ने रूस से लगभग 18 लाख बैरल प्रतिदिन क्रूड तेल आयात किया। भारतीय रिफाइनरी कंपनियां अब आपूर्ति में विविधता लाकर अमेरिकी प्रतिबंधों के प्रभाव को कम करने की रणनीति अपना रही हैं।

## 1 जनवरी 2026 से पेन निष्क्रिय, समय रहते लिंक करें आधार



**नई दिल्ली** 1 जनवरी 2026 से उन लोगों का पेन नंबर निष्क्रिय हो जाएगा जिन्होंने 31 दिसंबर 2025 तक पेन और आधार लिंक नहीं किया। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की इस नई प्रक्रिया का पालन न करने पर वित्तीय लेन-देन प्रभावित हो सकते हैं। पेन निष्क्रिय होने पर आप आईटीआर फाइल नहीं कर पाएंगे और रिफंड प्रोसेस भी रुक सकता है। इसके अलावा, सैलरी` सिप निवेश और बैंक ट्रांजैक्शन भी प्रभावित हो सकते हैं। टैक्स बडी के मुताबिक, कई निवेश और बैंकिंग सुविधाओं पर प्रतिबंध लग सकता है। कुछ विशेष श्रेणी के लोग इस नियम से मुक्त हैं, जैसे एनआरआई, 80 साल से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिक और कुछ राज्यों के निवासी। इसके लिए संबंधित व्यक्ति को इनकम टैक्स डिपार्टमेंट से वैरिफिकेशन कराना जरूरी है। पेन को फिर से सक्रिय करने में लगभग 30 दिन लग सकते हैं।

## क्विक कॉमर्स कंपनियों ने अपनाया 'बैचिंग' मॉडल

### कम खर्च में तेज डिलीवरी का नया फॉर्मूला



**नई दिल्ली** तेजी से बढ़ते क्विक कॉमर्स कारोबार में अब कंपनियां खर्च घटाने और मुनाफा बढ़ाने के लिए बैचिंग या क्लबिंग मॉडल अपना रही हैं। इस प्रक्रिया में कंपनियां दो या उससे ज़्यादा ऑर्डर एक साथ पैक करती हैं और एक ही डिलीवरी पार्टनर से ग्राहकों तक भेजती हैं। इससे समय और ईंधन दोनों की बचत होती है, साथ ही कंपनियों की डिलीवरी लागत में कमी आती है। डार्क स्टोर, यानी छोटे वेयरहाउस, जहां ऑर्डर तैयार किए जाते हैं, अब खास सॉफ्टवेयर और एल्गोरिदम का इस्तेमाल कर रहे हैं। ये सिस्टम आसपास के ऑर्डर को पहचानकर डिलीवरी का रास्ता तय करते हैं, ताकि एक ही रूट में कई ऑर्डर पूरे किए जा सकें। जेप्टो के एक अधिकारी ने बताया कि बैचिंग से डिलीवरी पार्टनर का सफर छोटा होता है, जिससे समय बचता है और उन्हें अतिरिक्त इंसेंटिव भी मिलता है। सिर्फ जेप्टो ही नहीं, बल्कि ब्लिंकिट, स्विगी इंस्टालमेंट और बिग बॉस्केट भी यह तरीका अपनाने लगी हैं। फिलपकार्ट मिनट ने अगस्त 2025 से 500 मीटर के दायरे में आने वाले ऑर्डर को जोड़ना शुरू किया है, जिससे भीड़भाड़ या त्योहारों के दौरान भी डिलीवरी पर असर नहीं पड़ता।

# शेयर बाजार के दिग्गज निवेश अधिकारी की चेतावनी

### भारतीय निवेशकों की आंखें खोलने वाली

**नई दिल्ली**

शेयर बाजार के दिग्गज ने भारतीय निवेशकों की आंखें खोलने वाली चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि भारत का पूंजी यानी शेयर बाजार एक नए दौर में प्रवेश कर चुका है। अब जोखिम का पूरा बोझ निवेशकों पर है, न कि बैंकों और संस्थानों पर रह गया है। उनके कहने का साफ मतलब यह है कि अब बाजार का सारा जोखिम सिर्फ निवेशकों के माथे पर है, उससे जुड़ी कंपनियों या संस्थानों पर नहीं।

जानकार ने कहा कि पहले के दौर में पूंजी निवेश का विकास वित्तीय संस्थानों जैसे आईडीबीआई, आईएफसीआई और आईसीआईसीआई की ओर से वित्तपोषित होता था। फिर आया 2007-08 का दौर जहां बैंकों की ओर से इसका वित्तपोषण होता था। अब पूरे निवेशक समुदाय के लिए चुनौती नए दौर में प्रवेश कर चुकी है। अब सारा जोखिम निवेशकों की ओर से

जानकार ने बताया कि आज कोई भी वित्तीय संस्थान खुद जोखिम उठाने को तैयार नहीं और देश के विकास के लिए जोखिम उठाने का काम निवेशकों पर है। निवेशकों को कुछ हद तक राहत पहुंचाने के लिए ही म्यूचुअल फंड्स ने स्मॉल कैप, मिड कैप और मल्टी कैप जैसे सेक्शन बनाए हैं।

बावजूद इसके निवेशकों की बढ़ती डिमांड को देखते हुए फंड प्रबंधकों को अक्सर महंगे स्टॉक्स में निवेश करना पड़ता है।



**बाजार गिरते ही बदल जाता है निवेशकों का मन**

जानकार ने चिंता जाहिर कि कई निवेशक भले ही लंबे समय का लक्ष्य बनाकर चलते हैं, लेकिन जैसे ही बाजार में गिरावट आती है, अपना पैसा निकालने पर मजबूर होते हैं। 20 साल लक्ष्य बनाकर चलने वाले निवेशक भी अक्सर 10 साल तक नहीं टिक पाते हैं। नरेन ने कहा कि निवेशकों की सबसे बड़ी समस्या यह है कि वे सिर्फ इक्विटी पर ही ध्यान देते हैं। उन्होंने कहा कि निवेशकों को अपने पोर्टफोलियो में विविधता लानी पड़ेगी और सिर्फ इक्विटी पर ध्यान देने के बजाय डेट और बैलेंस्ड फंड जैसे विकल्पों को भी शामिल करना चाहिए।

# सरकारी बैंकों का मुनाफा सितंबर तिमाही में बढ़कर 49,546 करोड़ हुआ

### इंडियन ओवरसीज बैंक का मुनाफा सबसे अधिक 58 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली**

एसबीआई की अगुवाई में 12 सरकारी बैंकों ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 की सितंबर तिमाही में **49,546 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया। यह पिछले साल की समान तिमाही (45,547 करोड़ रुपये) की तुलना में 9 फीसदी अधिक है। कुल मुनाफे में वृद्धि 3,909 करोड़ रुपये रही। अलग से देखा जाए तो एसबीआई का मुनाफा 20,160 करोड़ रुपये रहा, जो कुल मुनाफे का 40 फीसदी है। एसबीआई का लाभ सालाना आधार पर 10 फीसदी बढ़ा। बैंक का कुल कारोबार अब 100 लाख करोड़ रुपये के पार है। इंडियन ओवरसीज बैंक का मुनाफा सबसे अधिक 58 फीसदी बढ़ा और 1,226 करोड़ रुपये रहा। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया 33 फीसदी बढ़त के साथ 1,213 करोड़ रुपये का लाभ कमाया। पंजाब नेशनल बैंक और केनरा बैंक का कारोबार क्रमशः 27.86 लाख करोड़ और 26.79 लाख करोड़ रुपये रहा। केनरा बैंक, पंजाब नेशनल बैंक और इंडियन बैंक के मुनाफे में क्रमशः 19, 14 और 12 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। जबकि बैंक ऑफ महाराष्ट्र और पंजाब एंड सिंध बैंक का मुनाफा 23 फीसदी बढ़ा। बैंक ऑफ बड़ौदा और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के मुनाफे में कमी आई; बैंक ऑफ बड़ौदा का लाभ 8 फीसदी घटकर 4,809 करोड़ और यूनियन बैंक का 10 फीसदी घटकर 4,249 करोड़ रुपये रहा। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर 2025) में सरकारी बैंकों का कुल मुनाफा 93,674 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल की समान अवधि (85,520 करोड़ रुपये) की तुलना में करीब 10 फीसदी अधिक है।



## बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी से चिंतित आरबीआई

### आरबीआई बाजार सहभागियों संग कर रहा लगातार बैठकें



**नई दिल्ली** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) सरकारी बॉन्ड यील्ड में लगातार बढ़ोतरी को लेकर चिंतित है। दस साल की परिपक्कता अवधि वाले सरकारी बॉन्ड और अमेरिकी ट्रेजरी के बीच का अंतर लगभग 250 आधार अंक तक पहुंच गया है। इस स्थिति पर चर्चा के लिए केंद्रीय बैंक इस सप्ताह और अगले सप्ताह बाजार प्रतिभागियों से बैठकें कर रहा है। फरवरी से जून के बीच कुल 100 आधार अंकों की रेपो दर कटौती के बावजूद 10-वर्षीय बॉन्ड यील्ड नीतिगत दरों के अनुरूप नहीं घटी। जून के बाद यील्ड में 24 आधार अंकों की वृद्धि हुई है, जबकि इसी अवधि में अमेरिकी 10-वर्षीय ट्रेजरी यील्ड 32 आधार अंक गिरी है। फिलहाल बेंचमार्क बॉन्ड यील्ड 6.53 फीसदी पर है। पिछले सप्ताह सात साल की परिपक्कता अवधि वाले बॉन्ड की नीलामी रद्द करनी पड़ी क्योंकि बाजार ने अधिक यील्ड की मांग की थी। प्रतिभागियों ने आरबीआई से खुले बाजार संचालन के जरिए बॉन्ड खरीद बढ़ाने का अनुरोध किया है, जिससे तरलता सुधर सकती है।

# कर्ज कम करने की दिशा में अस्पष्ट नीति आर्थिक प्रगति पर पड़ सकती है भारी

### आगामी बजट से पहले कर दरों, राजकोषीय घाटे और ऋण लक्ष्यों पर गहराई से विचार करेगी सरकार

**नई दिल्ली**

वित्त मंत्रालय आगामी आम बजट की तैयारियों में जुट गया है, और इसी बीच वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कमी तथा उन्हें युक्तिसंगत बनाने पर विचार किया जा रहा है। मंत्रालय को यह सावधानीपूर्वक आकलन करना होगा कि दरों में कमी से राजस्व संग्रह और आर्थिक वृद्धि पर क्या प्रभाव पड़ेगा। दरों में कमी से अल्पकालिक रूप में राजस्व में गिरावट आ सकती है, लेकिन इससे खपत और निवेश बढ़ने की संभावना भी बनती है, जो दीर्घकाल में अर्थव्यवस्था को गति दे सकती है। वित्तीय बाजारों का ध्यान केवल जीएसटी दरों पर ही नहीं, बल्कि आगामी राजकोषीय ढांचे पर भी है। वर्ष 2024-25 के बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने घोषणा की थी कि 2026-27 से सरकार का लक्ष्य सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की तुलना में ऋण अनुपात में कमी लाने का होगा। 2018 में संशोधित राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन (एफआरबीएम) अधिनियम में ऋण और घाटे दोनों के लक्ष्य तय किए गए थे। हालांकि कोविड-19 महामारी ने इन लक्ष्यों को गंभीर रूप से प्रभावित किया, जिससे वर्ष 2020-21 में राजकोषीय घाटा जीडीपी के 9.2 प्रतिशत तक पहुंच गया था। इसके बाद सरकार ने राजकोषीय सुदृढ़ीकरण की दिशा में सराहनीय सुधार किया है। 2021-22 के बजट में वित्त मंत्री ने 2025-26 तक राजकोषीय घाटा जीडीपी के 4.5 प्रतिशत से नीचे लाने का लक्ष्य रखा था। यह प्रगति पूंजीगत व्यय में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ हासिल की गई है।



## ब्रुकफील्ड रीट खरीदेगी 13,125 करोड़ का कार्यालय परिसर

**नई दिल्ली**

ब्रुकफील्ड इंडिया रियल एस्टेट ट्रस्ट (रीट) ने बेंगलूरु में एक कार्यालय परिसर इकोवर्ल्ड का 13,125 करोड़ रुपये में अधिग्रहण करने के लिए पक्का करार किया है। जेएलएल के पूंजी बाजार प्रमुख ने बताया` कि यह सौदा भारत के रीट इकोसिस्टम की बढ़ती परिपक्कता को रेखांकित करता है। रीट आज सक्रिय रूप से पूंजी लगा रहे हैं और परिसंपत्ति अधिग्रहण में मजबूत प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं जो वाणिज्यिक अचल संपत्ति में संस्थागत भागीदारी की बढ़ती दिलचस्पी का संकेत है। भारत के प्रमुख कार्यालय बाजार बेंगलूरु के सबसे व्यस्त इलाके में 48 एकड़ में बना इकोवर्ल्ड का परिसर आउटर रिंग रोड पर 77 लाख वर्ग फुट क्षेत्र में फैला हुआ है। ब्रुकफील्ड के निदेशक मंडल ने अधिग्रहण के लिए 3,500 करोड़ रुपये की नई ऋण प्रतिभूतियां करने, वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में तरजीही निर्गम से 1,000 करोड़ रुपये की नकद आय और 2,500 करोड़ रुपये की नई इक्विटी जारी करने से प्राप्त रकम का उपयोग करने का प्रस्ताव किया है। एनारॉक समूह ने कहा, ब्रुकफील्ड द्वारा बेंगलूरु में 77 लाख वर्ग फुट के इकोवर्ल्ड ऑफिस परियोजना को 13,125 करोड़ रुपये में खरीदना भारत में अब तक की सबसे बड़ी कार्यालय अचल संपत्ति की बिक्री है। इस तरह ब्रुकफील्ड का सौदा भारतीय अचल संपत्ति के इतिहास में एक ही जगह कार्यालय संपत्ति खरीद का नया रिकॉर्ड है। इस तरह के अन्य बड़े सौदों में 2016 में 12,000 करोड़ रुपये काडीएलएफ-ब्लैकस्टोन मुंबई भूमि सौदा और 2018 में प्रेस्टीज ग्रुप की कार्यालय परिसंपत्तियों में ब्लैकस्टोन का 7,200 करोड़ रुपये का निवेश शामिल है।



## अक्टूबर में म्युचुअल फंड्स का इक्विटी में सबसे कम निवेश




**नई दिल्ली**

अक्टूबर में छह महीने में म्युचुअल फंडों (एमएफ) का इक्विटी बाजार में निवेश सबसे कम रहा जो बाजार में सुधार के बीच इक्विटी एमएफ योजनाओं में नए निवेश में कमी का संकेत है। पिछले महीने अक्टूबर में म्युचुअल फंडों ने इक्विटी में 17,778 करोड़ रुपये का निवेश किया जबकि सितंबर में उन्होंने 46,442 करोड़ रुपये लगाए थे। बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के आंकड़ों से पता चलता है कि अगस्त में म्युचुअल फंडों का इक्विटी बाजार में निवेश 70,534 करोड़ रुपये तक पहुंच गया था। विशेषज्ञों के अनुसार एमएफ इक्विटी निवेश में गिरावट का कारण मुनाफावसूली और बढ़ते मूल्यांकन संबंधी चिंता हो सकती है।

क्योंकि शेयरों की कीमतें रिकॉर्ड उच्च स्तर के करीब पहुंच गई हैं। म्युचुअल फंड मुख्य रूप से ऐक्टिव और पैसिव इक्विटी तथा हाइब्रिड योजनाओं में निवेश और बिकवाली के आधार पर ज्यादातर निवेश का निर्णय करते हैं।

इसके अतिरिक्त नकदी की स्थिति और हाइब्रिड फंडों के इक्विटी आवंटन भी समग्र निवेश स्तर को प्रभावित करते हैं। कुछ फंड मैनेजर इक्विटी योजनाओं में ऊंचे मूल्यांकन पर बाजार में निवेश करने पर अपनी चिंता व्यक्त कर रहे हैमि जुलाई 2025 में 42,702 करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद ऐक्टिव इक्विटी योजनाओं में शुद्ध निवेश में कमी आई है। सितंबर में निवेशकों ने 30,422 करोड़ रुपये का निवेश किया था। निवेश घटने का मुख्य कारण मुनाफावसूली है क्योंकि इक्विटी बाजार मार्च 2025 के निचले स्तर से धीरे-धीरे उबर रहा है। अक्टूबर में भी बाजार में सुधार जारी रहा, जिससे बेंचमार्क सूचकांक अपने सर्वकालिक उच्चतम स्तर के करीब पहुंच गए।

## प्रीमियम एसयूवी इलेवेट के नए एडिशन का टीज़र जारी



**नईदिल्ली**

होंडा कार्स इंडिया कंपनी ने अपनी प्रीमियम एसयूवी इलेवेट के नए एडिशन का टीज़र जारी किया है, जो डिजाइन और फीचर्स के मामले में हयूदै क्रेटा को सीधी चुनौती देने वाली है।

रेड एक्सेंट वाली फ्रंट ग्रिल, ग्लॉस ब्लैक एलॉय व्हील्स और ब्लैक टोन हेडलैंप स्ट्रिप इसके लुक को और दमदार बनाते हैं। सोशल मीडिया पर जारी इस टीज़र में कार का स्पोर्टी और आकर्षक लुक दिखाई देता है, जिसमें ब्लैक और रेड थीम का संयोजन इसे पहले से अधिक प्रीमियम बनाता है। कंपनी ने टीज़र में ÷ए बोल्ड कैंपेनियन फार बोल्ड कैंपेनियन फार द एक्सप्लोरर इन यू÷ टैगलाइन दी है, जिससे संकेत मिलता है कि यह एडिशन इलेवेट एक्सप्लोरर एडिशन नाम से लॉन्च हो सकता है। यह वेरिएंट एडवेंचर और रोमांच पसंद करने वाले ग्राहकों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

नए एडिशन में वही भरोसेमंद 1.5 लीटर, 4-सिलेंडर पेट्रोल इंजन मिलेगा, जो 119 बीएचपी पावर और 145 एनएम टॉर्क जनरेट करता है।

इसमें 6-स्पीड मैनुअल और 7-स्टेप सीवीटी ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन के विकल्प मौजूद रहेंगे, जबकि सीएनजी फिटमेंट डीलर स्तर पर उपलब्ध होगी। सेफ्टी और फीचर्स के मामले में होंडा ने इसे पहले से अधिक एडवांस बनाया है।

कार में लेवल-2 एडीएएस सिस्टम, छह एयरबैग, लेनवॉच कैमरा, हिल स्टार्ट असिस्ट, ट्रैक्शन कंट्रोल और इमरजेंसी स्टॉप सिग्नल जैसे फीचर्स शामिल हैं।

साथ ही, वायरलेस चार्जिंग और कनेक्टेड टेक्नोलॉजी से लैस इंफोटेनमेंट सिस्टम इसे और मॉडर्न बनाता है।

होंडा अपनी इलेवेट के साथ 3 साल या अनलिमिटेड किलोमीटर की स्टैंडर्ड वारंटी दे रही है, जिसे 10 साल तक बढ़ाया जा सकता है।



# बिहार चुनावः बूथों पर उमड़ी भीड़, मतदान के लिए दिखा उत्साह

## आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव परिवार के परिवार के साथ डाला वोट



तेजस्वी यादव ने अपने पिता और आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव समेत परिवार के सदस्यों के साथ पटना स्थित वेटरिनरी कॉलेज के मतदान केंद्र पर वोट डाला। वोट डालने के बाद लालू यादव का परिवार के संग एक समूह चित्र भी सामने आया है। जिसमें उनके परिवार के सभी सदस्य स्याही लगी हुई उंगली दिखाते हुए दिख रहे हैं।

## अपने परिवार के साथ दरभंगा में मुकेश सहनी ने डाला वोट



दरभंगा में वीआईपी प्रमुख और महागठबंधन के उपमुख्यमंत्री उम्मीदवार मुकेश सहनी ने परिवार के साथ बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के पहले चरण में वोट डाला।

## सीएम नीतीश अकेले पहुंचे बूथ पर



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बख्तियारपुर में मतदान किया। वोटिंग करने के बाद अपनी स्याही लगी उंगली दिखाते हुए वोट डालने का संदेश दिया। वहीं उनके मौजूद जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने दावा किया कि NDA की प्रचंड जीत होने जा रही है। सभी मतदाता से अपील है कि वह लोकतंत्र में जरूर भाग लें।

## तारापुर में सम्राट चौधरी ने किया मतदान



बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने अपनी गृह विधासभा क्षेत्र तारापुर में वोटिंग की है। वोटिंग के बाद एक्स पर लिखते हैं कि एक-एक बिहारी का मतदान, राज्य के विकास में योगदान! लोकतंत्र के महापर्व में गृह विधानसभा क्षेत्र तारापुर में मत का प्रयोग किया। आप सभी बढ़-चढ़कर मतदान करिए और एक सशक्त, सुरक्षित, समृद्ध तथा विकसित बिहार के लिए वोट करें।

## आरजेडी कैंडिडेट ने दरोगा को धमकाया- यहीं आग लगा दूंगा, सीपीएम उम्मीदवार की गाड़ी पर हमला



पटना। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले फेज में 18 जिलों की 121 सीटों पर वोटिंग जारी है। शाम 6 बजे तक मतदान होगा। दोपहर 1 बजे तक 42.31% वोटिंग हुई है। गुरुवार को 121 सीटों में 104 सीटों पर सीधा मुकाबला है, जबकि 17 सीटों पर त्रिकोणीय लड़ाई है। बिहार की 243 सीटों पर 2 फेज में चुनाव हो रहे हैं। 14 नंवबर को नतीजे आएंगे। मनेर से आरजेडी प्रत्याशी भाई वीरेंद्र आईडी कार्ड मांगने पर भड़क गए। उन्होंने दरोगा को धमकाते हुए कहा- यहीं आग लगा दूंगा। राजद विधायक का कहना है कि प्रशासन को मतदाता पहचान पत्र चेक करने का अधिकार किसने दिया। इधर, सारण के मांझी सीट से सीपीआई प्रत्याशी सत्येंद्र कुमार की गाड़ी पर हमला हुआ है। पटना में नाक में ऑक्सीजन पाइप लगाकर महिला वोटर बूथ पर पहुंची, लेकिन वोटर लिस्ट में उनका नाम नहीं है। नाराज महिला आयोग के ऑफिस पहुंची है। लखीसराय में बूथ कैपचरिंग की खबर पर पहुंचे SP: डिप्टी सीएम विजय सिन्हा के विधानसभा क्षेत्र लखीसराय के हलसी प्रखंड के खुडयारी गांव की बूथ संख्या 404, 405 पर बूथ कैपचरिंग की खबर पर SP अजय कुमार दलबल के साथ पहुंचे खुडयारी गांव में जवानों ने फ्लैग मार्च किया। हालांकि SP ने कहा, ऐसी कोई बात नहीं है। इधर, लालू यादव ने कहा, तवे पर रोटी पलटनी चाहिए। छपरा में 150 वोटर के नाम लिस्ट से गायबः छपरा विधानसभा के ब्रह्मपुर मोहल्ले के 150 लोगों का नाम वोटर लिस्ट से गायब है। इसे लेकर, लोगों में आक्रोश हैं। वोटर्स इसे साजिश बता रहे हैं।

पहले फेज में 10 हॉट सीटः जिसमें तेजस्वी यादव, तेजप्रताप यादव, सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, अनंत सिंह समेत कई बड़े चेहरों की साख दांव पर है।

पीठासीन अधिकारी की तबीयत बिगड़ीः फतुहा विधानसभा के हाजीपुर गांव स्थित बूथ संख्या 254 पर तैनात पीठासीन अधिकारी की तबीयत खराब हो गई है। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हिरासत में 4 BJP कार्यकर्ताः बिहारशरीफ में मतदान के दौरान पुलिस ने 4 बीजेपी कार्यकताओं को हिरासत में लिया है। पुलिस का कहना है कि ये लोग वार्ड 16 में बूथ संख्या 226 से 232 के पास पर्ची बांट रहे थे। वोटिंग देखने 7 देशों से 16 डेलिगेशन टीम पहुंचीः वोटिंग प्रोसेस देखने के लिए 7 देशों से 16 डेलिगेट्स की टीम बिहार पहुंची है। इनमें इंडोनेशिया, कोलंबिया, फिलीपींस, फ्रांस, बेल्जियम, दक्षिण अफ्रीका और थाईलैंड के प्रतिनिधि आए हैं।

## भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह ने भोजपुर में खेसारी लाल यादव ने सारण में डाला वोट, कहाः मतदान जरूर करें



पटना। भोजपुरी के सिने अभिनेता और भाजपा के स्टार प्रचारक पवन सिंह ने गुरुवार को अपने पैतृक गांव भोजपुर जिले के बड़हरा विधानसभा क्षेत्र के जोकहरी में मतदान किया।

वे सुबह बूथ पर पहुंचे और पंक्ति में लगकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के बाद पवन सिंह ने इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिख, ह्वपहले मतदान, फिर जलपान ह्व उनके मतदान केंद्र पर पहुंचते ही युवाओं में मतदान को लेकर उत्साह दोगुना हो गया। स्थानीय लोगों ने कहा कि पवन सिंह जैसे लोकप्रिय चेहरे का वोट देना युवाओं के लिए प्रेरणा है। उन्होंने सभी से मतदान करने की अपील की। वहीं दूसरी ओर, सारण जिले के एकमा विधानसभा क्षेत्र के रसूलपुर राजकीय बुनियादी विद्यालय बूथ पर भोजपुरी सिनेमा के अभिनेता सह राजद प्रत्याशी खेसारी लाल यादव ने मतदान किया। खेसारी लाल यादव सारण जिले के छपरा विधानसभा सीट से राजद प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। मतदान करने के बाद उन्होंने मतदाताओं से मतदान की अपील की। उन्होंने कहा कि आप अपने बच्चों के भविष्य के लिए वोट करें। मुंबई स्थित उनके घर को मिले नोटिस पर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि, मैंने खून-पसीने की कमाई से मैंने घर बनाया है। मेरे साथ गलत हो रहा है, मैं राजनीति में नहीं आना चाह रहा था लेकिन आया। अब सबकुछ भगवान के भरोसे है, सबकुछ अच्छा होगा। मैं एक बेहतर इंसान बनने की कोशिश करता हूं। इससे पहले केंद्र पर पहुंचे सिने अभिनेता ने पहले मतदानकर्मियों से औपचारिक भेंट की फिर अपना मतदान किया। वहीं उन्हें देखने और उनके साथ फोटो खिचाने के लिए युवाओं में आपाधापी मची रही।

## 'राहुल गांधी ने सिर्फ.सवाल नहीं उठाए, उन्होंने सबूत पेश किए'



बेगूसराय में कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने मतदान किया। इस बीच उन्होंने कहा, "आज लोकतंत्र का महापर्व है, पहले चरण का मतदान हो रहा है, सभी से अपील है कि अपने मुद्दों, अपने बच्चों के भविष्य, रोजी-रोटी, कपड़े, शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क के लिए वोट करें... राहुल गांधी ने सिर्फ.सवाल नहीं उठाए, उन्होंने सबूत पेश किए... चुनाव आयोग के सामने ये तथ्य रखे गए हैं कि आप ठीक से काम नहीं कर रहे हैं...वोट चोरी से बनी सरकार कभी ठीक तरह से काम नहीं करेगी..."।

## सभी लोगों को मत देना चाहिएः तेज प्रताप




दूसरी तरफ लालू-राबड़ी के वोट के बाद तेज प्रताप भी वेटनरी कॉलेज में पहुंचे। उन्होंने भी अपना मतदान किया। इस दौरान उन्होंने ज्यादा कुछ नहीं कहा। उन्होंने कहा कि मैंने वोट दे दिया है। बिहार के सभी लोगों को अपना मत देना चाहिए। जनता मालिक है। अंत में उन्होंने कहा कि हमको जाने दीजिए महुआ निकलना है।

## 'पीएम और सीएम की जोड़ी जनता भरोसा करती है'



भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने मतदान किया। पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार की जनता बड़े उत्साह के साथ मतदान कर रही है। बड़ी संख्या में महिलाओं, माताओं और बहनों का मतदान करना इस बात का संकेत है कि हवा किस तरफ बह रही है और यह ठऊ्अ सरकार द्वारा किए गए कार्यों और बिहार के विकास का नतीजा है। जनता प्रधानमंत्री मोदी और नीतीश कुमार की जोड़ी पर भरोसा करती है।

## तेजप्रताप ने महुआ में बूथ का जायजा लिया

महुआ में बूथ संख्या 69, 70 पर तेजप्रताप यादव ने बूथ का जायजा लिया। जनशक्ति जनता दल के सुप्रीमो तेज प्रताप यादव के सामने इस सीट पर राजद ने मुकेश रोशन को उतारा है। तेजस्वी के महुआ में प्रचार को लेकर उन्होंने कहा, ये अपनी-अपनी पार्टी का मामला है।

## सहरसा में बूथ बदलने से लोग नाराज, वोट बहिष्कार

सहरसा के बनमा ईटहरी के प्रखंड के जमाल नगर गांव में तकरीबन 1500 मतदाताओं ने वोट बहिष्कार किया है। पहले जमाल नगर पंचायत भवन में मतदान केंद्र था, लेकिन बूथ को यहां से परसबन्नी धोबिया टोली शिफ्ट कर दिया गया। जिस कारण ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीण पुराने बूथ पर वोट डालने पर अड़े है। साढ़े 11 बजे तक मतदान नही हो सका।

## पटना में विधानसभा अध्यक्ष की मतदान कर्मी से बहस हुई

पटना साहिब की बूथ संख्या 238 पर बीजेपी विधायक और स्पीकर नंदकिशोर यादव से मतदान कर्मियों की बहस हो गई। नंद किशोर यादव ने विधानसभा स्पीकर का पहचान पत्र दिखाया था लेकिन मतदान कर्मी ने उनसे वोटर आई कार्ड मांग लिया। इसी बात पर विधायक नाराज हो गए। बाद में उन्हें वोटर आइकार्ड देना पड़ा। उसके बाद वोट कर पाए।

## नालंदा के हिलसा में दिव्यांगों के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था नहीं

नालंदा के हिलसा विधानसभा के थरथरी प्रखंड में बूथ संख्या 297 ,298 में दिव्यांगों के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था नहीं की गई है। दिव्यांगों को काफी परेशानी हो रही है।

## वैशाली में भैंस पर बैठकर वोट डालने पहुंचा युवक

वैशाली के भगवानपुर में एक वोटर केदार प्रसाद यादव भैंस पर चढ़कर वोट डालने पहुंचा। केदार यादव ने कहा, गाड़ियां बंद है, इसलिए हम अपनी सवारी भैंस पर चढ़कर आए है। यहां से 2 किलोमीटर दूर मेरा बूथ है, जहां वोट डालने जा रहे हैं।

## फेज-1 में किस पार्टी के कितने उम्मीदवार

पहले चरण में कुल 1314 उम्मीदवार हैं। NDA की ओर से जदयू ने 57, भाजपा ने 48, LJP R ने 13, उपेंद्र कुशवाहा की RLM ने 2 और जीतन राम मांझी की हम ने 1 सीट पर प्रत्याशी उतारे हैं। वहीं, महागठबंधन की तरफ से राजद ने 72, कांग्रेस ने 24, CPI ML ने 14, VIP और CPI ने 6-6 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। उढट ने 3, आईपी गुप्ता की IPP ने दो सीटों पर प्रत्याशी उतारे हैं। 6 सीटों पर फ्रेंडली फाइट है।

## कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने के दौरान दो युवकों की डूबकर मौत,



सिमरी (बक्सर)। कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुधवार को गंगा स्नान के दौरान स्वामी जी के मठिया घाट पर डूबने से दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक को स्थानीय लोगों की सूझबूझ से बचा लिया गया। मृतकों की पहचान छोटका राजपुर निवासी नीलेश कुमार यादव (23 वर्ष) पिता रामाशंकर यादव एवं सिमरी दुधीपट्टी निवासी मुन्ना यादव (24 वर्ष) पिता जगदीश यादव के रूप में हुई है। दोनों युवक सुबह कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर गंगा स्नान करने निकले थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुन्ना यादव अपने ऑटो में सवारियां लेकर बड़का राजपुर से स्वामी जी के मठिया घाट पहुंचा था। वहां अन्य श्रद्धालुओं के साथ स्नान के दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। उसे बचाने के प्रयास में नीलेश भी उसी दिशा में बढ़ा और दोनों गहरे पानी में डूब गए। स्थानीय लोगों ने शोर मचाने पर तीसरे युवक सोनू कुमार को किसी तरह सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन मुन्ना और नीलेश का पता नहीं चला। बाद में गोताखोरों की मदद से दोनों के शवों को बाहर निकाला गया। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष पूजा कुमारी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचीं और आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए बक्सर सदर अस्पताल भेजा। अंचल अधिकारी भगवती शंकर पांडेय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मृतकों के स्वजन को सरकार द्वारा निर्धारित राहत सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

## बिहार चुनाव में नेताजी के भाषण से ज्यादा हेलीकॉप्टर की धूम, आवाज से ही लग जाती है भीड़



गयाजी। चुनाव का मौसम हो और विधानसभा क्षेत्र के आसमान में हेलीकॉप्टर न दिखे, ऐसा तो हो नहीं सकता। जहां भी किसी बड़े नेता की सभा तय होती है, वहां ग्रामीण इलाके के लोगों के बीच सबसे पहले चर्चा उड़ते हुए हेलीकॉप्टर की ही होती है। राजनीतिक भाषणों से पहले लोगों की निगाहें आसमान पर टिकी होती हैं, जैसे सबको उसी क्षण का इंतजार हो जब आसमान में हेलीकॉप्टर मंडराने लगे। वजीरगंज, बेलागंज और बोधगया विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में यही नजारा अक्सर देखने को मिल रहा है। चुनावी सभाओं में शामिल होने आने वाले ग्रामीणों में आधे से अधिक लोग ऐसे होते हैं जो असल में नेता का भाषण नहीं, बल्कि हेलीकॉप्टर देखने की उत्सुकता में पहुंचते हैं। जैसे ही आसमान में दूर से टर्र-टर्र की आवाज सुनाई देती है, सभी के चेहरे खिल उठते हैं। बच्चे, बूढ़े और महिलाएं तक आसमान की ओर देख कर एक साथ बोल उठते हैं आ गलउ रे हेलीकॉप्टरवा। हेलीकॉप्टर नीचे उतरने लगता है तो लोगों में उत्साह और बढ़ जाता है। सभा स्थल पर पहुंचे लोग नेताजी से ज्यादा हेलीकॉप्टर के चारों ओर जमा हो जाते हैं। काफी संख्या में लोग जमीन पर बैठकर उसे निहारते रहते हैं, तो कुछ मोबाइल निकालकर वीडियो बनाने लगते हैं। कई लोग हेलीकॉप्टर को देखकर आपस में चर्चा शुरू कर देते हैं। कोई कहता है देखहीं तो सीटवा कइसन है, तो कोई बोलता है बाप रे बाप, डयना कतना बड़ा है। वहीं बुजुर्ग राजेंद्र प्रसाद कहते है कि चकवा तो एकदम राजा वाला लग रहा है। सभा में मौजूद कई लोग हेलीकॉप्टर की कीमत पर भी अंदाजे लगाने लगते हैं। एक व्यक्ति कहता है ई तो पांच लाख के आसपास होई। तभी दूसरा जवाब देता है ना भाई सात लाख से कम में ई न मिलई, पास ही खड़ा तीसरा व्यक्ति तुरंत जोड़ता है। अरे सात लाख में ट्रैक्टरवा न आवे ई तो हेलीकाप्टरवा है। करोड़ों रुपये होई। पूरा माहौल में एक अलग चहल-पहल देखने को मिलता है। वहीं नेताजी मंच से जनता को संबोधन कर रहे होते है। लेकिन कई लोगों का ध्यान भाषण की ओर तनिक भी नहीं जाता। वे या तो हेलीकॉप्टर के आसपास घूमते रहते है या फिर उसकी तस्वीरें खींचने में व्यस्त रहते है। छोटे बच्चे तो मानों किसी मेले में आ गए हो। उसकी आंखों में हेलीकॉप्टर को लेकर कौतूहल साफ झलकता है। कुछ लोगों लिए यह होलीकाप्टर दर्शन चुनावी माहौल की सबसे बड़ी घटना होती है। कई लोग तो मजाक में कहते हैं कि भाषण बाद में पहले हेलीकॉप्टर देख लेवे दे। इस बार के चुनाव में नेताओं की सभाओं से अधिक चर्चा गांवों में हेलीकॉप्टर की हो रही है। राजनीतिक दलों के लिए यह प्रचार का साधन जरूर है। लेकिन ग्रामीणों के लिए यह अब भी आश्चर्य और उत्साह का प्रतीक है। हवा में उड़ता चकवा उन्हें आधुनिक राजनीति का नहीं बल्कि सपनों को प्रतीक है। जहां वे हर बार सोचते है कब हमरो इलाका इस तरह के विकास से उड़ान भरेगा।

# सर्दियों में आपकी सेहत



इन सर्दियों में यदि आप अपनी सेहत बनाने की सोच रहे हैं तो सबसे पहले पेट साफ करने की जरूरत है। पेट में कब्ज रहेगा तो कितने ही पौष्टिक पदार्थों का सेवन करें, लाभ नहीं होगा। भोजन समय पर तथा चबा-चबाकर खाना चाहिए, ताकि पाचन शक्ति ठीक बनी रहे, फिर पौष्टिक आहार या औषधि का सेवन करना चाहिए। आचार्य चरक ने कहा है कि पुरुष के शरीर में वीर्य तथा स्त्री के शरीर में ओज होना चाहिए, तभी चेहरे पर चमक व कांति नजर आती है और शरीर पुष्ट दिखता है। हम यहाँ कुछ ऐसे पौष्टिक पदार्थों की जानकारी दे रहे हैं, जिन्हें किशोरावस्था से लेकर युवावस्था तक के लोग सेवन कर लाभ उठा सकते हैं और बलवान बन सकते हैं-

- सोते समय एक गिलास मीठे गुनगुने गर्म दूध में एक चम्मच शुद्ध घी डालकर पीना चाहिए।
- दूध की मलाई तथा पिसी मिश्री जरूरत के अनुसार मिलाकर खाना चाहिए, यह अत्यंत शक्तिवर्द्धक है।
- एक बादाम को पत्थर पर घिसकर दूध में मिलाकर पीना चाहिए, इससे अपार बल मिलता है। बादाम को घिसकर ही उपयोग में लें।
- छाछ से निकाला गया ताजा माखन तथा मिश्री मिलाकर खाना चाहिए, ऊपर से पानी बिलकुल न पिएँ।
- 50 ग्राम उड़द की दाल आधा लीटर दूध में पकाकर खीर बनाकर खाने से अपार बल प्राप्त होता है। य ह खीर पूरे शरीर को पुष्ट करती है।
- प्रातः एक पाव दूध तथा दो-तीन केले साथ में खाने से बल मिलता है, कांति बढ़ती है।



- एक चम्मच असगंध चूर्ण तथा एक चम्मच मिश्री मिलाकर गुनगुने एक पाव दूर के साथ प्रातः व रात को सेवन करें, रात को सेवन के बाद कुल्ला कर सो जाएँ। 40 दिन में परिवर्तन नजर आने लगेगा।
- सफेद मूसली या धोली मूसली का पावडर, जो स्वयं कूटकर बनाया हो, एक चम्मच तथा पिसी मिश्री एक चम्मच लेकर सुबह व रात को सोने से पहले गुनगुने एक पाव दूध के साथ लें। यह अत्यंत शक्तिवर्धक है।
- सुबह-शाम भोजन के बाद सेवफल, अनार, केले या जो भी मौसमी फल हों, खाएँ।
- सुबह एक पाव ठंडे दूध में एक बड़ा चम्मच शहद मिलाकर पीने से खून साफ होता है, शरीर में खून की वृद्धि होती है।
- प्याज का रस 2 चम्मच, शहद 1 चम्मच, घी चौथाई चम्मच मिलाकर सेवन करें और स्वयं शक्ति का चमत्कार देखें। यह नुस्खा यौन शक्ति बढ़ाने में अचूक है। ऊपर वर्णित नुस्खे स्त्री-पुरुष दोनों के लिए समान हैं। इन्हें अनुकूल मात्रा में उचित विधि से सुबह-रात को सेवन करना चाहिए।
- भोजन में घी, दूध, चावल, उड़द, नारियल, मलाई, मक्खन, शहद, मौसमी फल, हलवा, हरी साग-भाजी, टमाटर, गाजर, आँवला आदि का सेवन करना चाहिए।
- सर्दियों में बादाम का हलवा, दूध में पकाया हुआ छुहारा, मीठा अनार, प्याज का रस, नारियल की गिरी और दूध की खीर, उड़द दाल का लड्डू, गन्ना रस, सौंठ और काली मिर्च तथा मैथी का लड्डू बहुत फायदेमंद है। योग्य वैद्य की सलाह अवश्य लेनी चाहिए, ताकि अपने शरीर के अनुकूल पथ्य-अपथ्य का चयन किया जा सके।
- चिकनाईयुक्त, मधुर, लवण और अम्ल रस वाले पदार्थ का सेवन करके अपना स्वास्थ्य बनाए रखें। बासी, दुर्गंधयुक्त, अधिक चटपटे मसालेदार खानपान से बचना ही श्रेयस्कर है।
- ठीक समय पर, चबा-चबाकर प्रसन्नतापूर्वक भोजन करना चाहिए। भोजन के पूर्व नीबू पानी और भोजन के पश्चात छाछ पीना लाभदायक होता है।
- इस ऋतु में रूखे, कटु-तिक्त-कषाय, अति शीतल और वात प्रधान भोज्य पदार्थ न खाएँ । अन्यथा जोड़ों के दर्द, गठिया और सायटिका से पीड़ित हो सकते हैं। इसी प्रकार अधिक खटाई से भी बचें, ताकि खाँसी-सर्दी, जुकाम, नजला आदि से बचाव हो सके। नीबू और ताजा दही वर्जित नहीं है।
- शीतऋतु में अधिक देर तक भूखे न रहें, क्योंकि जठराग्नि की प्रबलता के कारण यथासमय भोजन नहीं करने से यह अग्नि शरीर की धातुओं को जला डालती है, जिससे जीवन-शक्ति का क्षय होता है।
- सेहत बनाने के लिए प्रतिदिन स्नान भी जरूरी है। कुछ लोग ठंड के डर से कई दिन तक नहाते नहीं, यह उचित नहीं। पानी कुनकुना कर लेना चाहिए। अत्यधिक ठंडा और अधिक गर्म पानी नुकसान पहुँचाता है।
- मल-मूत्र विसर्जन में आलस्य नहीं करना चाहिए। रात को सिर ढँककर सोना भी उचित नहीं होता।

# स्वस्थ रहने के आसान उपाय



सुबह जल्दी उठो और 4- 6 किलोमीटर रोज टहलो। संभव हो तो शाम को भी थोड़ा टहलो। टहलते समय नाक से लम्बी- लम्बी सांसें लो तथा यह भावना करो कि टहलने से 2. टहलते समय नाक से लम्बी- लम्बी सांसें लो तथा यह भावना करो कि टहलने से आप अपने स्वास्थ्य को संवार रहे हैं।

टहलने के अलावा, दौड़ना, साइकिल चलाना, घुड़सवारी, तैरना या कोई भी खेलकूद, व्यायाम के अच्छे उपाय हैं। स्त्रियां चक्की पीसना,,रस्सीकूदना, पानी भरना, झाड़ू- पोछा लगाना आदि घर के कामों में भी अच्छा व्यायाम कर सकती हैं। रोज थोड़े समय छोटे बच्चों के साथ खेलना, 10- 15 मिनट खुलकर हंसना भी अच्छे व्यायाम के अंग हैं।

प्रातः टहलने के बाद भूख अच्छी लगती है। इस समय पौष्टिक पदार्थों का सेवन करें। अंकुरित अन्न, भीगी मूंगफली, आंवला या इससे बना कोई पदार्थ, संतरा या मौसम्मी का रस अच्छे नाश्ता का अंग होते हैं। भोजन सादा करो एवं उसे प्रसाद रूप में ग्रहण करो, शांत, प्रसन्न और निश्चिन्तता पूर्वक करो और उसे अच्छी तरह चबाचबा कर खाओ। खाते समय न बात करो और न हंसो। एकाग्र चित्त होकर भोजन करना चाहिए। भूख से कम खाओ अथवा आधा पेट खाओ, चौथाई पानी के लिए एवं चौथाई पेट हवा के लिए खाली छोड़ो।


भोजन में रोज अंकुरित अन्न अवश्य शामिल करो। अंकुरित अन्न में पौष्टिकता एवं खनिज लवण गुणात्मक मात्रा में बढ़ जाते हैं। इनमें मूंग सर्वोत्तम है। चना, अंकुरित या भीगी मूंगफली इसमें थोड़ी मेथी दाना एवं चुटकी भर- अजवायन मिला लें तो यह कई रोगों का प्रतिरोधक एवं प्रभावी ईलाज है।

मौसम की ताजा हरी सब्जी और ताजे फल खूब खाओ। जितना हो सके कच्चे खाओ अन्यथा आधी उबली/ उबली तथा कम मिर्च- मसाले, खटाई की सब्जियां खाओ। एक ग्रास रोटी के साथ चार ग्रास सब्जी के अनुपात का प्रयास रखो।

आटा चोकर समेत खाओ, सम्भव हो तो हाथ का पिसा हुआ खाओ। जौ, गेहूं, चना, सोयाबीन का मिस्सी रोटी का आटा सुपाच्य एवं पौष्टिक होता है। पौष्टिकता की दृष्टि से रोटी में हरी सब्जी, पालक, मेथी, बथुआ आदि पत्तीदार सब्जी मिलाकर बनायें / खायें। दलिया / खिचड़ी में भी पत्तीदार एवं हरी सब्जियाँ मिलाकर पौष्टिकता बढ़ाई जा सकती है। सब्जियों के सूप का नित्य सेवन पौष्टिक एवं हलके भोजन का अच्छा अंग हो सकता है। भोजन के साथ पानी कम से कम पियो। दोपहर के भोजन के घंटे भर बाद पानी पियें । भोजन यदि कड़ा और रूखा हो तो 2- 4 घूंट पानी अवश्य पियें।

प्रातः उठते ही खूब पानी पियो। दोपहर भोजन के थोड़ी देर बाद छाछ और रात को सोने के पहले उष्ण दूध अमृत समान है। दिन में कम से कम दो-तीन लीटर पानी अवश्य पियो। धूम्रपान, मादक पेय- पदार्थ (जरदा, गुटखा, सॉफ्ट ड्रिंक जैसे कोकाकोला, पेप्सी इत्यादि एवं शराब आदि) सर्वथा छोड़ दो। चाय- कॉफी आदि के स्थान पर सादा ठंडा या गुनगुना पानी, नींबू पानी, छाछ, गाजर, पालक चुकन्दर, लौकी, टमाटर इत्यादि सब्जियों का एव मौसम्मी या संतरा, पपीता इत्यादि फलों के रस का उपयोग लाभकारी होता है। डाइबीटीज (शक्कर) के रोगी को शक्कर या उससे बने पदार्थों से पूर्ण परहेज करना चाहिए। फलों में अधिक मीठे फल का सेवन कम करें। फल के रस के बजाय फल खायें। मेथी दाना और करेला मधुमेह रोग की राम बाण दवा है। मैथी दाना रोज 18/24 घंटे पानी में, जहां तक संभव हो सके मिट्टी के बर्तन में भिगोयें। दूसरे दिन सुबह नाश्ते के पहले या बाद में दानामेथी का पानी पी लें। दानामेथी अंकुरित कर सलाद में या नमक, नींबू लगाकर भी खा सकते हैं।

# एरोबिक्स यानी डांस, फन, रिदम और हेल्थ



स्वस्थ और सुंदर दिखने के नुस्खे दादी मां के पिटारे से लेकर आधुनिक साजो-सामान में बिखरे पड़े हैं। प्रत्येक समय, काल में सुंदरता का पैमाना भी परि?वर्तित हुआ है। जहाँ प्राचीन समय में गहनों से लकदक, लहराती केश राशि से सुसज्जित, सजीली-लजीली सुंदरियों का वर्चस्व था तो आज टाईट जींसधारी, लंबी, दुबली, छरहरी काया सुंदरता के मानदंड में शामिल है। प्रत्येक स्त्री अपनी सुंदरता के प्रति सजग है। अधिक चुस्त-दुरुस्त रहने के लिए डाइटिंग, योग, व्यायाम या एरोबिक्स का सहारा लेती है। बढ़ते हुए वजन या थुलथुल शरीर से चिंताग्रस्त, सदैव उदास और थका हुआ महसूस करने वाली स्त्रियां तथा जो अपनी व्यस्तता के कारण व्यायाम नहीं कर पाती या बेडौल काया के कारण योग क्लास, हेल्थ क्लब जाने में संकोच करने वाली स्त्रियों के लिए एरोबिक्स वरदान साबित हुआ है। एरोबिक्स यानी संगीत की धुन पर किए जाने वाले व्यायाम। एरोबिक्स करने के लिए कोई विशेष साजो-सामान की जरूरत नहीं होती। बस पर्याप्त स्थान हो, इस हेतु आप कमरे से फर्नीचर हटाकर स्थान बना सकती है। पॉप, रॉक, जाज संगीत का कोई कैसेट या कर्णप्रिय धुन तथा तेज लय वाला कोई भी कैसेट लेकर उसी आधार पर नृत्य करें। कैसेट लेते समय इस बात का ध्यान अवश्य रखें कि व्यायाम के समय जिन अंगों को रिद्?म पर थिरकन देना है उसके लिए सही रिद्?म और संगीत उस कैसेट में अवश्य हो। इन धुनों पर जॉगिंग, रनिंग, साइकिलिंग, तैराकी, जैसी गति में थिरकन की जाती है। इस हेतु जेनफौंडा द्वारा तैयार किए गए लयात्मक योग व्यायाम की कैसेट बाजार में उपलब्ध है। भारतीय सिने अभिनेत्री रेखा ने भी एरोबिक्स पर एक ऑडियो कैसेट माइंड एंड बॉडी तैयार किया है। इसमें योग और व्यायाम को लेकर एरोबिक्स के लिए धुन तैयार की है। अनीता राज, शिल्पा शेट्टी ने भी वीडियो कैसेट तैयार किए हैं। एरोबिक्स व्यायाम अकेले भी किए जा सकते हैं और समूह के साथ भी। समूह के साथ करने का अलग ही मजा है। सप्ताह में तीन-चार बार या समय उपलब्ध होने पर प्रतिदिन भी व्यायाम किया जा सकता है। वैसे भी अपेक्षाकृत इसमें बहुत ही कम समय लगता है। लगभग दस से बीस मिनट लगते हैं।





एरोबिक्स करने वाले लोगों का कहना है कि वे इस अनूठे नृत्य व्यायाम से तन-मन की प्रसन्नता महसूस करते हैं और शरीर पर जमी अनावश्यक चर्बी गायब हो जाती है। इन्हें करने के लिए कोई शिक्षक हो यह आवश्यक नहीं। एरोबिक्स के बारे में संगीत के रसिक तथा उद्योगपति का मानना है कि इस व्यायाम से उनमें अधिक चुस्ती-फुर्ती आती है और वे अधिक हल्का महसूस करते हैं। संगीत की सुमधुर आवाज तनाव, चिंता दूर करने में सहायक है। एरोबिक्स निश्चय ही जीवन में अनोखा बदलाव लाता है। होटलों, हेल्थ क्लबों, ब्यूटी पार्लर्स, यहां तक की कई लोगों ने निजी कक्षाएँ भी खोल ली हैं, जहां 100 रुपए से लेकर 5000 रुपए तक फीस वसूली जाती है। आप अपने स्टैंडर्ड के अनुसार इन कक्षाओं में शामिल हो सकते हैं या घर में ही मुफ्त में इसका आनंद उठा सकते हैं।


## लाभदायक है सर्दियों में सिंघाड़े का सेवन



सर्दियां शुरू होते ही बाजार में सिंघाड़े आसानी से प्राप्त हो जाते है और यह खाने में बहुत स्वादिष्ट होते है। सिंघाड़ा हमारी सेहत के लिए बहुत लाभदायक होता है इसमें पाएं जानें वाले पौष्टिक तत्व हमारी शरीर को तंदरूस्त रखने में मदद करते है। सिंघाड़े में वैसे तो विटामिन बी,फाइबर और भी कई पौष्टिक तत्त्व पाएं जाते है पर विटामिन ए और सी भरपूर मात्रा में पाए जाते है जो हमारी त्वचा को सुंदर बनाने में मदद करते है। हमारे शरीर को भी शक्ति प्रदान करता है।

- सिंघाड़े का सेवन करने से त्वचा में चमक तो आती ही है और त्वचा निखारने में भी मदद करता है।
- कच्चे सिंघाड़े का सेवन करने से शरीर में खून की मात्रा बढ़ जाती है।
- सर्दियों में सिंघाड़े का सेवन करना काफी लाभदायक होता है ,सिंघाड़े खाने से त्वचा तो निखरती ही है और साथ ही खुश्की की समस्या भी दूर हो जाती है।
- सिंघाड़े का सेवन करने से त्वचा संबंधी सभी रोगों से छुटकारा मिलता है जैसे धूप की अल्ट्रावायलेट किरणों से भी त्वचा की रक्षा करता है।
- सिंघाड़े का सेवन करने से गले में होने वाली खराश से राहत मिलती है और खांसी से भी छुटकारा मिलता है।
- सिंघाड़े का सेवन करने से हमें कई रोगों से राहत मिलती है जैसे पीलिया के रोगियों के लिए भी काफी फायदेमंद होता है।
- सिंघाड़े खाने से त्वचा पर पड़ने वाली झुर्रियों से भी राहत मिलती है।

## औषधीय गुणों से भरपूर अजवायन



- अजीर्ण की शिकायत होने पर अजवायन का तेल तथा अर्क शीघ्र लाभ देते हैं।
- उदर शूल होने पर भी अजवायन का अर्क या तेल दें।
- दांत दर्द करते हों तो अजवायन को धीरे-धीरे चबाएं। चबाते समय दबाव कम डालें। रस निगल जाएं।
- मुंह से दुर्गंध आती हो तो भी अजवायन चबाया करें।
- सर्दी का बुखार परेशान करता हो तो अजवायन को गुड़ के साथ खाया करें। 5-6 दिनों में पूर्ण ठीक हो जाएंगे।
- जिन्हें सूतिका बुखार हो जाए, वह अजवायन का सेवन करें।
- प्रसूता नारियों को अजवायन खिलाने पर उनकी भूख खुल जाती है। उनकी पाचन शक्ति में वृद्धि होने लगती है।
- वायु गोला की शिकायत होने पर अजवायन एक चम्मच, काला नमक चौथाई चम्मच, पीस-छानकर ताजा पानी से लें।
- बार-बार पेशाब की शिकायत होने पर अजवायन तथा तिल मिलाकर रोगी को खिलाएं।
- गुर्दे का दर्द हो तो गुड़, पिसी कच्ची अजवायन, दोनों एक समान मात्रा में लें। मात्रा एक चम्मच, दिन में 4 बार।
- शरीर में शक्ति संचार करने के लिए यह चूर्ण, दिन में 2 बार, आधा चम्मच एक समय, ताजा पानी से दें।
- फोड़ा-फुंसी की सूजन होने पर नींबू के रस में अजवायन पीसकर दिन में 2 बार लेप करें।

## घर के कामकाज से कम होता है तनाव

अगर आप तनाव के दौर से गुजर रहे हैं तो घरेलू कामकाज कीजिए। महज 20 मिनट का घरेलू काम आपको राहत देगा। आपका तनाव भागेगा और मानसिक रूप से आप स्वस्थ महसूस करेंगे। ब्रिटेन के अनुसंधानकर्ताओं का मानना है कि सप्ताह में कम से कम एक बार घरेलू कामकाज जैसी शारीरिक गतिविधियों के जरिये तनाव को कम किया जा सकता है। इसमें साफ-सफाई, बाग-बगीचे की देखभाल, मकान का रखरखाव आदि भी शामिल हैं। इस निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए लंदन के यूनिवर्सिटी कॉलेज के मार्क हेमर के नेतृत्व में एक अध्ययन किया गया। उन्होंने अपने अध्ययन में 20000 लोगों को शामिल किया और उनकी दिमागी हालत को जानने का प्रयास किया।

यूं तो नियमित कसरत को मानसिक स्वास्थ्य के लिए बढ़िया माना जाता है, लेकिन विशेषज्ञ कभी इस बात पर राजी नहीं हो सके कि किस तरह की और कितनी कसरत करना चाहिए।



# भारतीय टीम ने चौथे टी20 में ऑस्ट्रेलिया को 48 रनों से हराया

**-सीरीज में 2-1 की बढ़त हासिल की**

**-प्लेयर ऑफ द मैच : अक्षर पटेल**

**गोल्ड कोस्ट (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम ने चौथे टी20 मैच में मेजबान ऑस्ट्रेलिया को 48 रनों से हराकर पांच मैचों की टी20 सीरीज में 2-1 से बढ़त हासिल की है। इस मैच में भारतीय टीम ने मेजबान ऑस्ट्रेलियाई टीम को जीत के लिए 168 रनों का लक्ष्य दिया जिसका पीछा करते हुए मेजबान टीम 18.2 ओवर में 119 रन ही बना पायी। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मिचेल मार्श ने सबसे अधिक 30 रन बनाए जबकि मैथ्यू शॉर्ट 25 रन बनाकर आउट हुए। मार्कस स्टोइनिस ने 17 रन जबकि टिम डेविड ने 14 रन बनाये। भारतीय टीम की कोर से वॉशिंगटन सुंदर ने 3 विकेट लिए जबकि अक्षर पटेल और शिवम दुबे ने 2-2 विकेट लिए। वहीं अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह और वरुण चक्रवर्ती को एक एक विकेट मिला। इस सीरीज का पहला मैच बारिश के कारण नहीं हो पाया था। वहीं अंतिम मैच 8 नवंबर को गाबा मैदान में खेला जाएगा। अब देखना है कि भारतीय टीम उसे जीतकर सीरीज अपने नाम कर पाती है या नहीं। बहरहाल सीरीज हारने का खतरा अब समाप्त हो गया है।

इससे पहले शुभमन गिल के 46 रनों की सहायता से भारतीय क्रिकेट टीम ने मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टी20 मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट पर 167 रन बनाए। इस मैच में मेजबान टीम ने टॉस जीतकर भारतीय टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। भारतीय टीम की ओर से आक्रामक सलामी बल्लेबाज। अभिषेक शर्मा और शुभमन ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 56 रन बनाये। अभिषेक 28 रन बनाकर पेवेलियन लौटे। इसके बाद शुभमन ने स्कोर आगे बढ़ाया। शुभमन ने अपनी पारी में 4 चौके और एक छक्का लगाया। वहीं कप्तान सूर्यकुमार यादव ने दो छक्के लगाकर 20 रन बनाये। वहीं शिवम दुबे ने 18 गेंदों में एक चौके और एक छक्के की सहायता से 22 रन बनाए। वहीं अंत में अक्षर पटेल ने तेजी से खेलते हुए 11 गेंदों में एक छक्का और एक चौका लकाकर 21 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से नाथन एलिस और एडम ज़म्पा ने तीन-तीन विकेट लिए। इस मैच में मेजबान टीम ने चार बदलाव करते हुए स्पिनर जम्पा, ऑलराउंडर मैक्सवेल, फिलिप और ड्वार्शियस को शामिल किया। वहीं भारतीय टीम ने कोई बदलाव नहीं किया।



# ईडी ने रैना और शिखर की 11.14 करोड़ की संपत्ति जब्त की



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ऑनलाइन सट्टेबाजी और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामलों के कारण पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना और शिखर धवन की 11.14 करोड़ रुपये की संपत्तियां अस्थायी रूप से जब्त कर ली हैं। इनमें रैना के 6.64 करोड़ के म्यूचुअल फंड निवेश और धवन की 4.5 करोड़ की अचल संपत्ति शामिल हैं। यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग निरोधक कानून (पीएलएलए) 2002 के तहत की गई है।

ये मामला कई राज्यों की पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर के बाद उठा था। जिनमें एक अवैध सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म और उसके सहयोगी ब्रांड्स के खिलाफ धोखाधड़ी, अवैध लेनदेन और ऑनलाइन जुए को बढ़ावा देने के आरोप थे। इन एफआईआर के आधार पर ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज कर जब जांच शुरू की तो शुरुआती जांच में ही करोड़ों रुपये के संदिग्ध ट्रांजैक्शन और विदेशी खातों से जुड़े दस्तावेज मिले.

ईडी की जांच में सामने आया कि ये प्लेटफॉर्म बिना किसी वैध अनुमति के ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुए का कारोबार कर रहे थे। यह प्लेटफॉर्म सोशल मीडिया, ऑनलाइन वीडियो और समाचार पोर्टलों पर सोरोगेट विज्ञापन दिखाकर लोगों को अपनी ओर आकर्षित करते थे। रकम एकत्र करने के लिए हजारों म्यूल अकाउंट्स बनाए गए, जिनमें देशभर के लोगों के नाम पर पैसे जमा किए जाते थे। इन खातों के जरिये रकम विभिन्न पेमेंट गेटवे के माध्यम से विदेशी खातों तक पहुंचाई जाती थी जिससे पैसा कहां से आया ये छुपाया जा सके। ईडी की जांच में पता चला कि दोनों खिलाड़ियों ने विदेशी कंपनियों के साथ करार किये थे। जो सीधे या परोक्ष रूप से अवैध सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म और उसकी सहयोगी कंपनियों से जुड़े थे। इन डील्स के बदले खिलाड़ियों को जो भुगतान किया गया, वह विदेश से किया गया जिससे कि ये लगे कि उन्हें प्रमोशन के लिए रकम मिली है पर ईडी के अनुसार ये रकम दरअसल अवैध सट्टेबाजी से कमाए गए पैसे से जुड़ी थी। इससे यह साबित हुआ कि खिलाड़ियों ने ऐसे प्रमोशन में भाग लिया जो मनी लॉन्ड्रिंग के दायरे में आते हैं.

इसी को देखते हुए ईडी ने चार पेमेंट गेटवे पर छापे मारकर 4 करोड़ रुपये से अधिक की राशि फ्रीज की है और 60 से ज्यादा बैंक खातों को सील कर दिया। है. जांच में अब तक 1000 करोड़ रुपये की रकम सामने आई है। ईडी के अनुसार अभी कई और हस्तियां भी जांच के दाये में आ सकती हैं। ईडी ने जनता को आगाह किया है कि वे किसी भी तरह की ऑनलाइन सट्टेबाजी, संदिग्ध लिंक या स्कीमों से दूर रहें।

# दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ सीरीज के लिए विराट और रोहित को नहीं मिली भारत ए टीम में जगह



**मुम्बई (एजेंसी)।** अनुभवी बल्लेबाजों विराट कोहली और रोहित शर्मा को दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए भारत ए टीम में शामिल नहीं किया गया है। इस सीरीज के लिए भारत ए टीम की कप्तानी तिलक वर्मा जबकि उपकप्तानी ऋतुराज गायकवाड़ को दी गयी है। टीम में अधिकतर युवाओं को ही जगह दी गयी है।

इस सीरीज के तीनों मैच राजकोट में 13 नवंबर, 16 नवंबर और 19 नवंबर को खेले जाएंगे। रोहित और विराट को इस सीरीज में अवसर नहीं दिये जाने से दोनो को ही झटका लगा है क्योंकि इससे इनके पास अभ्यास का अच्छा अवसर था। वैसे भी अब ये दोनो एकदिवसीय प्रारुप में ही खेलते हैं।

रोहित और कोहली दोनों ने ही टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय से से संन्यास ले लिया है। दोनों अब सिर्फ ओडीआई ही खेल रहे हैं।

दोनों को किस कारण से टीम में शामिल नहीं किया गया, ये स्पष्ट नहीं है। ये भी हो सकता है कि दोनों दिग्गज स्वयं ही भारत ए की तरफ से खेलने के इच्छुक न रहें हों। ये भी हो सकता है कि टीम प्रबंधन इन दोनों दिग्गजों के प्रदर्शन को लेकर आश्वस्त हो कि ये बिना अभ्यास के भी रन बना सकते हैं। इसलिए युवाओं और नई प्रतिभाओं को ही अवसर दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया दौरे रोहित ने लंबे ब्रेक के बाद भी शानदार प्रदर्शन किया था।

वहीं सीरीज के शुरुआती दोनों मैचों में विराट कोहली खाता तक नहीं खोल पाए थे पर अंतिम मैच में उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी की थी। तीसरे एकदिवसीय में विराट और रोहत ने शानदार साझेदारी कर टीम को जीत दिलायी थी।

**भारत ए टीम**

तिलक वर्मा (कप्तान), ऋतुराज गायकवाड़ (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, रियान पराग, ईशान किशन (विकेटकीपर), आयुष बदोनी, निशांत सिंधु, विपराज निगम, मानव सुथार, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, खलील अहमद, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर)।

# गुजरात ने लॉरा और यूपी ने दीप्ति को किया रिलीज, डब्ल्यूपीएल नीलामी से पहले ये खिलाड़ी हुए रिटेन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गुजरात जायंट्स ने लॉरा वुलफार्ट को रिटेन न करने का बड़ा फैसला लिया है क्योंकि सभी 5 टीमों ने WPL नीलामी से पहले अपने खिलाड़ियों को रिटेन करने की पुष्टि कर दी है। वुलफार्ट हाल ही में संपन्न हुए एकदिवसीय विश्व कप में शीर्ष स्कोरर रहीं और दक्षिण अफ्रीका को फाइनल तक पहुंचाया, लेकिन नियमों के अनुसार केवल दो विदेशी खिलाड़ियों को ही रिटेन किया जा सकता है, इसलिए जायंट्स ने बेथ मूनी और एश्ले गार्डनर की ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी को चुना।



रिपोर्ट के अनुसार वुलफार्ट के अलावा, एक और बड़ा नाम जिसे रिटेन नहीं किया गया है, वह हैं भारत की शीर्ष ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा। विश्व कप विजेता ने फाइनल में शानदार प्रदर्शन किया और उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी चुना गया।

दीप्ति ने 2024 में WPL में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार भी जीता था। उम्मीद के मुताबिक, हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, ऋचा घोष और जेमिमा रोड्रिग्स जैसी अन्य बड़ी भारतीय स्टार खिलाड़ियों को उनकी संबंधित टीमों ने रिटेन किया है।

**रिटेन किए गए खिलाड़ियों की सूची**

**मुंबई इंडियंस:** हरमनप्रीत कौर, अमनजोत कौर, हेली मैथ्यूज, नैट-स्किवर ब्रंट, जी. कमलिनी

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** स्मृति मंधाना, ऋचा घोष, एलिस पेरी, श्रेयंका पाटिल

**गुजरात जायंट्स :** एश्ले गार्डनर, बेथ मूनी

**यूपी वारियर्स :** श्वेता सहरावत

**दिल्ली कैपिटल्स :** एनाबेल सदरलैंड, मारिजान काप, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, निकी प्रसाद

# टी20 विश्व कप 2026 फाइनल की मेजबानी करेगा अहमदाबाद, पांच स्थल टूर्नामेंट की मेजबानी की दौड़ में

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप के आयोजन स्थलों की सूची में अहमदाबाद, दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई और मुंबई को जगह दी है। फाइनल अहमदाबाद में खेला जाएगा। एकदिवसीय विश्व कप 2023 का भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच फाइनल भी अहमदाबाद में खेला गया था जो एक लाख से अधिक दर्शकों की क्षमता के साथ दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम है। विश्व कप 2023 भारत में 10 स्थलों पर खेला गया था। टी20 विश्व कप का श्रीलंका सह मेजबान होगा जो भारत के साथ इंतजाम के तहत पाकिस्तान के लिए तटस्थ स्थल होगा। श्रीलंका में कोलंबो सहित तीन स्थलों पर मुकाबलों का आयोजन होगा। भारत स्वदेश में होने वाले विश्व कप में गत चैंपियन के रूप में उतरेगा। टीम ने पिछले साल जून में बारबडोस में पिछले टी20 विश्व कप का खिताब जीता था। पाकिस्तान अगर फाइनल में पहुंचता है तो खिताबी मुकाबला श्रीलंका में होगा। आईसीसी, बीसीसीआई और पीसीबी के बीच समझौते के तहत 2027 तक भारत और पाकिस्तान के सभी मैच तटस्थ स्थल पर होंगे।

# जिम्बाब्वे के सीन विलियम्स को नशे की लत भारी पड़ी, टीम से भी बाहर हुए

हरारे (एजेंसी)। जिम्बाब्वे के दिग्गज क्रिकेटर सीन विलियम्स को नशे की लत के कारण टीम से बाहर कर दिया गया है। जिम्बाब्वे की ओर से 273 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले सीन विलियम्स के नाम पर अब जिम्बाब्वे क्रिकेट बोर्ड (जेडसी) विचार नहीं करेगा। इसके साथ ही उनका केन्द्रीय अनुबंध भी रिन्यू नहीं होगा। वहीं जेडसी ने कहा कि वह नशे की लत से जूझ रहे हैं। 39 वर्षीय सीन विलियम्स ने 20 साल से ज्यादा के अंतरराष्ट्रीय करियर में जिम्बाब्वे के लिए सभी प्रारूपों में 273 मैच खेले हैं पर जिम्बाब्वे क्रिकेट ने पुष्टि की है कि उनका अनुबंध 2025 के बाद आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। विलियम्स ने हाल ही में पुरुष टी20 विश्व कप अफ्रीका क्वालीफायर से पहले निजी कारणों से टीम से नाम वापस ले लिया था। बोर्ड ने कहा कि जब उन्होंने उनकी अनुपलब्धता का कारण जानने के लिए एक आंतरिक जांच की थी तो विलियम्स ने बोर्ड को बताया कि वह नशीली दवाओं की आदत से परिशान हैं और पुनर्वास केंद्र में भर्ती हुए हैं। गौरतलब है कि साल 2005 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण के बाद से ही विलियम्स ने जिम्बाब्वे के लिए सभी प्रारूपों में 8000 से अधिक रन बनाए हैं। एकदिवसीय में उन्होंने 37.53 की औसत से 5217 रन बनाए, जिसमें आठ शतक और 37 अर्धशतक शामिल हैं।

# आईपीएल 2026 सत्र में भी धोनी खेलेंगे : कासी विश्वनाथ



चेन्नई। आईपीएल टीम चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के मुख्य कार्यकारी कासी विश्वनाथ ने कहा है कि आईपीएल 2026 सत्र में भी महेन्द्र सिंह धोनी के खेलने की संभावनाएं हैं। इसी के साथ ही धोनी के आईपीएल से संन्यास की अटकलों पर भी विराम लग गया है। उन्होंने साफ कर दिया है कि धोनी अब भी खेल में बने रहना चाहते हैं। गौरतलब है कि हाल ही में एक यूट्यूब चैनल पर जब प्रशंसकों ने कासी से धोनी के भविष्य को लेकर सवाल किया, तो उन्होंने कहा कि वह अभी आईपीएल से संन्यास नहीं ले रहे। वहीं जब उनसे पूछा गया कि धोनी आखिर कब संन्यास लेंगे, तो उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा, मैं उनसे पूछकर बताता हूं। आईपीएल का पिछला सत्र सीएसके और धोनी के लिए काफी खराब रहा था। टीम 14 में से केवल 4 मैच ही जीत पायी थी और पहली बार अंक तालिका में सबसे नीचे रही। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के सत्र में ही चोटिल होने के बाद धोनी को एक बार फिर कप्तानी संभालनी पड़ी थी हालांकि उनके कमान संभालने के बाद भी टीम का प्रदर्शन सुधर नहीं पाया। वहीं कासी ने कहा, हम जीतने की पूरी कोशिश करेंगे। यह तय नहीं कि ट्रॉफी मिलेगी पर हमारी तैयारी पूरी है। हम इस बार अपनी ओर से कोई कमी नहीं रखना चाहते हैं। धोनी की कप्तानी में सीएसके ने अब तक पांच आईपीएल खिताब जीते हैं।

# अभिषेक की निडर बल्लेबाजी पर युवराज बोले, गंभीर-सूर्यकुमार ने दिया गैरी कर्स्टन जैसा माहौल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय ऑलराउंडर युवराज सिंह ने अपने खेल के दिनों और युवा बाएँ हाथ के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के उदय के बीच तुलना की है और उस सपोर्ट सिस्टम की तारीफ की है जो इस युवा खिलाड़ी को आज़ादी और आक्रामकता के साथ बल्लेबाज़ी करने में मदद करता है। 2011 विश्व कप विजेता ने कहा कि अभिषेक का निडर रवैया मुख्य कोच गौतम गंभीर और कप्तान सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व वाले भारत के मौजूदा नेतृत्व समूह के मज़बूत समर्थन का नतीजा है।



युवराज ने बताया कि यह माहौल उन्हें उस माहौल की याद दिलाता है जिसने कोच गैरी कर्स्टन के नेतृत्व में उनके करियर को आकार देने में मदद की थी। युवराज ने कहा कि मुझे लगता है कि निडरता कोच और कप्तान के सहयोग से भी आती है। जब कोच और कप्तान आपको खुलकर खेलने की अनुमति देते हैं, तो आप खुद को बेहतर ढंग से व्यक्त कर पाते हैं। गैरी कर्स्टन के कोच रहते हुए मैंने भी यही अनुभव किया था–उन्होंने हमेशा मुझसे कहा था कि अगर मैं अपना स्वाभाविक खेल खेलूँगा, तो मैं भारत को जीत की स्थिति में पहुँचा दूँगा। युवराज ने आगे कहा कि यही मानसिकता अब अभिषेक में भी आ रही है। उन्होंने बताया कि गौतम और सूर्यकुमार ने उसे जो आत्मविश्वास दिया है–कि अगर वह अपना खेल खेलता है, तो भारत दस में से छह बार जीतेगा–वही उसे सफल होने में मदद कर रहा है। इस अनुभवी खिलाड़ी का मानना है कि भरोसे की इस संस्कृति ने भारत के सीमित ओवरों के क्रिकेट को बदल दिया है, जिससे खिलाड़ियों को प्रभावशाली प्रदर्शन के पीछे भागते हुए असफल होने की आज़ादी मिली है। उन्होंने यह भी कहा कि इसी दृष्टिकोण ने कर्स्टन के नेतृत्व में भारत के स्वर्णिम युग को परिभाषित किया, और गंभीर और सूर्यकुमार अब अभिषेक शर्मा के नेतृत्व वाली नई पीढ़ी में उसी निडर ऊर्जा को बढ़ावा दे रहे हैं।

# आईपीएल 2026 सत्र में क्लासेन को रिलीज कर सकती है सनराइजर्स

**चेन्नई (एजेंसी)।** आईपीएल टीम सनराइजर्स हैदराबाद अब आईपीएल के 2026 सत्र में हेनरिक क्लासेन सहित कुछ ऐसे क्रिकेटरों को रिलीज करेगी। जिनको मोटी रकम देकर रखा गया था। क्लासेन को सनराइज़र्स हैदराबाद ने पिछले साल पूरे 23 करोड़ रुपए में रिटेन कर सबको हैरान कर दिया था। अब 2026 सत्र की तैयारी में लगी सनराइजर्स क्लासेन जैसे स्टार खिलाड़ियों को बाहर कर उनकी जगह अच्छा प्रदर्शन कर रहे युवा खिलाड़ियों को शामिल करेगी। क्लासेन को बाहर करने से टीम के करीब 23 करोड़ रुपये बचेंगे।

इस पूर्व दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी को आईपीएल 2025 से पहले 23 करोड़ रुपये की भारी-भरकम कीमत पर रिटेन किया गया था, जिससे वह सबसे महंगे रिटेन खिलाड़ी बन गए थे। क्लासेन ने पिछले कुछ वर्षों में टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन किया था पर टीम इसके बाद भी उनको रखने के मूड में नहीं है। उनको बाहर करने से 23 करोड़ बचेंगे और ये रकम नीलामी राशि में जुड़ जाएगी। वहीं कई पूर्व दिग्गजों का मानना है कि अगर टीम आईपीएल 2026 की नीलामी से पहले क्लासेन को रिलीज़ करने का फैसला करती है, तो यह एक अच्छा कदम होगा। इससे टीम के पास बची हुई रकम से बेहतर गेंदबाज शामिल करने का अवसर रहेगा। इसके अलावा टीम मध्यक्रम के लिए बल्लेबाज भी रख पायेगी।

नीलामी में 23 करोड़ रुपये ज़्यादा लेकर जाने से उन्हें ज़रूरी कमियों को पूरा करने का एक अच्छा मौका मिलता है। टीम के लिए एक अच्छा गेंदबाज़ी आक्रमण तैयार करना और अपने मध्यक्रम को बेहतर करना फायदेमंद रहेगा। इसके अलावा वह क्लासेन को कम कीमत में भी खरीद सकती है। इस क्रिकेटर ने हर सत्र में टीम की ओर से 400 से अधिक रन बनाये हैं।


# अंडर 19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप का प्रारुप नहीं बदलेगा : आईसीसी




दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा है कि अभी अंडर 19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप का प्रारुप नहीं बदलेगा। अभी तक जिस प्रकार से 50-50 ओवर का गेम अंडर 19 विश्व कप में होता आया है वही आगे भी चलेगा। वहीं इससे पहले एसोसिएट सदस्यों ने इसे टी20 प्रारुप का करने की मांग की थी पर आईसीसी ने उसे खारिज कर दिया है। आईसीसी की चीफ एग्जीक्यूटिव कमिटी (सीईसी) ने कहा कि अभी किसी बदलाव की जरुरत नहीं है। दुबई में आईसीसी की बैठक में ये फैसला हुआ। एक रिपोर्ट के अनुसार मुख्य कार्यकारी समिति ने यह फैसला किया कि अंडर-19 विश्व कप एकदिवसीय प्रारूप में ही खेला जाएगा। वहीं सहयोगी सदस्यों की ओर से यह मांग की गई थी कि जूनियर विश्व कप महिला वर्ग की तरह ही टी20 प्रारूप में खेला जाए पर सीईसी इस पर सहमत नहीं हुई। अंडर 19 विश्व कप को लेकर आईसीसी के पूर्ण सदस्य यथास्थिति बनाए रखने के पक्ष में थे। टूर्नामेंट के पिछले 18 संस्करण 50 ओवरों के रहे हैं और 19वां संस्करण अगले साल नामीबिया और जिम्बाब्वे में खेला जाएगा, जो एकदिवसीय प्रारुप में ही होगा। एसोसिएट सदस्यों के साथ समस्या ये है कि उनके पास खिलाड़ियों का पूल नहीं होता है और सुविधाएं भी उतनी बेहतर नहीं हैं। इसके अलावा एकदिवसीय क्रिकेट में समय भी ज्यादा लगता है। शायद इसी से बचने के लिए कई सदस्य देश टी20 प्रारुप की मांग कर रहे थे, जिसे आईसीसी ने खारिज कर दिया है।

# अर्जेंटीना फुटबॉल टीम के कोच स्कालोनी बोले, टीम में अच्छे नये खिलाड़ियों को भी जगह देंगे

ब्यूनस आयर्स। अर्जेंटीना फुटबॉल टीम के कोच लियोनेल स्कालोनी ने कहा है कि वह 2026 में होने वाले विश्वकप के लिए टीम तैयार कर रहे हैं। स्कालोनी ने कहा कि टीम में कुछ अच्छे नये खिलाड़ियों को भी अब भी जगह देने के लिए वह तैयार है। स्कालोनी ने बताया है कि वह मैत्री मैचों के जरिये अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा में संयुक्त रुप से होने वाले विश्व कप के लिए खिलाड़ियों को परखेंगे। स्कालोनी ने कहा, जाहिर है कि हम नए खिलाड़ियों को मौका देने की कोशिश करेंगे, यह देखने के लिए कि क्या वे टीम में शामिल किये जा सकते हैं। इन मुकाबलों में अलग-अलग खिलाड़ियों को आजमाया जाएगा। स्कालोनी ने स्वीकारा है कि अधिकांश विश्व कप टीम पहले ही तय हो चुकी है, लेकिन उन्होंने बताया कि अंतिम समय में कुछ बदलाव हो सकते हैं। उन्होंने कहा, आप नहीं कहा सकते कि कब बदलाव हो सकते हैं। भले ही हमारे पास एक मजबूत टीम है पर हमें नहीं पता आगे क्या हो सकता है। पिछले विश्व कप का अनुभव हमारे पास है, जब कुछ खिलाड़ी चोटिल होने के कारण अंतिक समय में बाहर हो गए थे। यह सही है कि टीम का अधिकांश हिस्सा तय है, लेकिन हम आने वाली किसी भी तरह के हालात के लिए तैयार रहना चाहते हैं। नए खिलाड़ी अब टीम में शामिल हुए हैं। अगर हमें लगेगा कि जरूरत है, तो आगे भी नए खिलाड़ियों को मौका दिया जाएगा। अर्जेंटीना ने साउथ अमेरिकन क्वालीफाइंग ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल करने के साथ ही पहले ही विश्वकप के लिए अपनी जगह बना ली है। स्कालोनी ने कहा कि उनकी टीम विश्व कप से पहले होने वाले सभी मुकाबलों को गंभीरता से लेगी।



# त्वचा कैंसर से पीड़ित क्लार्क बोले, नियमित रुप से जांच करायें सभी लोग

**-अब तब मेरे चेहरे पर सात जगह सर्जरी हुई**



**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पूर्व क्रिकेटर कप्तान माइकल क्लार्क आजकल त्वचा के कैंसर से पीड़ित हैं। क्लार्क ने बीमारी के दर्द को बताते हुए कहा कि उनके चेहरे से अब तक 7 जगह सर्जरी से कैंसर कारक बेसल सेल्स निकाले गए हैं। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ साल में इलाज के दौरान उनके चेहरे और शरीर से कई मेलानोमा और अन्य प्रकार के कैंसर हटाए गये हैं। क्लार्क को पहली बार 2006 में त्वचा कैंसर का पता चला था और तभी से वह नियमित रूप से अपने विशेषज्ञ से मिलते रहे हैं। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर साझा करते हुए लोगों को अपनी त्वचा की जांच कराने की सलाह दी, जिससे कि इस बीमारी का पता समय से पहले ही लग जाये।

क्लार्क ने एक शो में कहा कि उन्होंने हाल ही में अपनी नाक से एक और कैंसरयुक्त घाव हटवाया है। उन्होंने कहा, 'लगभग चार सप्ताह पहले मेरी नाक से एक निकाला गया था, और मैं हर छह महीने में अपने त्वचा रोग विशेषज्ञ से मिलता हूं। अब तक मेरे चेहरे पर सात से अधिक जगहों पर सर्जरी हुई है।' क्लार्क के मुताबिक, वह नियमित रूप से सनस्पॉट को फ्रीज करवाते हैं और किसी भी बेसल सेल्स को तुरंत कटवा देते हैं जिससे कि बीमारी आगे न फैले।

पिछले साल क्लार्क ने अपनी नाक की सर्जरी के बाद की तस्वीर साझा की थी। उन्होंने लिखा, 'आज मेरी नाक से एक और निकाला गया। यह सबको याद दिलाने के लिए है कि अपनी त्वचा की जांच करवाएं। रोकथाम इलाज से बेहतर है, लेकिन जल्दी पहचान भी उतनी ही ज़रूरी है।' उन्होंने अपने डॉक्टर का आभार जताया कि उन्होंने कैंसर को शुरुआती चरण में ही पकड़ लिया। यह पोस्ट सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से साझा की गई और कई लोगों ने उनकी ईमानदारी की सराहना की।

क्लार्क ने बताया कि उनकी बीमारी का बसे बड़ा कारण क्रिकेट के दौरान धूप में बिताए गए लंबे घंटे हैं। उन्होंने कहा, 'सोचिए भारत या ऑस्ट्रेलिया में पूरे दिन फील्डिंग करना, आठ घंटे तक तेज धूप में रहना। हम अक्सर बैगी ग्रीन कैप पहनते थे, जिससे चेहरे और कानों पर सीधी धूप पड़ती थी। छोटी आस्तीन वाली शर्ट पहनने से बाहों पर भी असर होता था।' उन्होंने यह भी बताया कि क्रिकेटरों के लिए स्किन कैंसर का खतरा आम है और इसीलिए नियमित जांच बहुत जरुरी है। क्लार्क अकेले नहीं हैं जिन्होंने त्वचा कैंसर का सामना किया। उनसे पहले रिची बेनो, सैम बिलिंग्स, एंडी फ्लावर और लॉरेन चीटल जैसे दिग्गज खिलाड़ी भी इस बीमारी से पीड़ित रहे हैं। इन खिलाड़ियों की कहानियों ने दुनिया भर में क्रिकेट समुदाय में जागरूकता बढ़ाने में मदद की है। क्लार्क का क्रिकेट करियर बेहद सफल रहा। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए 115 टेस्ट, 245 वनडे और 34 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले, जिसमें उन्होंने कुल मिलाकर 17,000 से अधिक रन बनाए। उनकी कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया ने 2015 का एकदिवसीय विश्व कप जीता था।

# बिहार के लोगों को देश में अपनी भागीदारी समझनी होगी: प्रियंका गांधी

## -चम्पारण वही धरती है, जहां के लोगों ने महात्मा गांधी को रास्ता दिखाया



**मोतिहारी (एजेंसी)।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने गुरुवार को पूर्वी चंपारण जिले के गोविंदगंज विधानसभा में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए एनडीए पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह वही चम्पारण की धरती है, जहां के लोगों ने महात्मा गांधी को रास्ता दिखाया। इस क्षेत्र से महात्मा गांधी ने सत्याग्रह शुरू किया, लेकिन आज इस क्षेत्र की परिस्थिति क्या है? प्रियंका ने कहा कि हम कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता हैं, जिनको महात्मा गांधी ने रास्ता दिखाया और उन्हें रास्ता दिखाने वाले आपके पूर्वज थे। बिहार के लोगों को इस देश में अपनी भागीदारी समझनी होगी। आपको समझना पड़ेगा कि इस देश को बनाने वाले आपके पूर्वज हैं। जब यहां रास्ता तक नहीं था, उस समय आपके पूर्वज ब्रिटिश साम्राज्य से लड़ाई लड़ रहे थे। उन्होंने कहा कि कल तक यहां के विकास तेजी से हो रहे थे, लेकिन आज स्थिति बदल गई है। आज यहां तीन साल में 27 पुल गिरे हैं। लोग रोजी-रोटी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। रोजगार के लिए पलायन कर रहे हैं। प्रियंका ने कहा कि बीजेपी के बड़े नेता यहां आते हैं, लेकिन कभी यहां के लोगों से पलायन के कारणों के बारे में नहीं पूछते। आज यहां के शिक्षित लोग मजदूरी कर रहे हैं। पहले किसानी से भी काम चल जाता था, लेकिन इसके लिए सरकार से जो मदद मिलनी चाहिए थी, वह नहीं मिल रही है। पहले इस इलाके में चीनी मिल होती थीं, लेकिन आज वे ठप हैं। आज यहां के किसानों को ईख (गन्ना) बेचने के लिए यूपी जाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि आज उद्योग बंद हैं। छोटे व्यापार से भी कमाई हो जाती थी, लेकिन आज वह भी नहीं हो रही है। अब बचा क्या है? आज भ्रष्टाचार चरम पर है। छोटे कार्यों के लिए भी पैसा देना पड़ता है। आज कोई खुशी से त्योहार नहीं मनाता। अस्पतालों की स्थिति भी बदतर है। उन्होंने कहा कि महिलाएं आज संघर्ष कर रही हैं, लेकिन किसी ने उन्हें नहीं समझा। आज जब चुनाव आया तो पैसे भेजे जा रहे हैं। 20 साल से यह सरकार चल रही है, लेकिन कभी रोजगार के लिए नहीं पूछा। बिहार के लोग आज भी देश का निर्माण कर रहे हैं, लेकिन सरकार ने कभी सम्मान नहीं दिया। बीजेपी यहां के सीएम का भी सम्मान नहीं करती है। आज स्थिति यह है कि वे मंचों पर भी यहां के सीएम को नहीं आने देते। प्रियंका गांधी ने लोगों का आह्वान करते हुए कहा कि आप ऐसी सरकार बनाएं जो आपके अधिकार के लिए सोचे।

## राहुल गांधी के मानहानि मामले की सुनवाई टली, अगली सुनवाई 17 नवंबर को

**सुल्तानपुर (एजेंसी)।** यूपी के सुल्तानपुर जिले की एमपी-एमएलए कोर्ट में रायबरेली सांसद राहुल गांधी के मानहानि मामले की सुनवाई गुरुवार को स्थगित हो गई। राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने बताया कि एक अधिवक्ता के निधन के कारण आज कोर्ट में कंडोलेंस था। अब इस मामले की अगली सुनवाई 17 नवंबर को होगी। यह मामला वर्ष 2018 का है। कोतवाली देहात के हनुमानगंज निवासी भाजपा नेता विजय मिश्रा ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था।



विजय मिश्रा का आरोप है कि 2018 में कर्नाटक चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष और वर्तमान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी की थी। पांच साल तक चली अदालती कार्यवाही के दौरान राहुल गांधी के पेश न होने पर दिसंबर 2023 में तत्कालीन जज ने उनके खिलाफ वारंट जारी किया था। इसके बाद, फरवरी 2024 में राहुल गांधी ने कोर्ट में आत्मसमर्पण किया। विशेष मजिस्ट्रेट ने उन्हें 25-25 हजार रुपये के दो मुचलकों पर जमानत दी। 26 जुलाई 2024 को राहुल गांधी ने कोर्ट में अपना बयान दर्ज कराया, जिसमें उन्होंने खुद को निर्दोष बताया और इसे राजनीतिक साजिश करार दिया। इसके बाद कोर्ट ने वादी को साक्ष्य प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था तब से लगातार गवाह पेश किए जा रहे हैं। अब तक केवल एक गवाह से जिरह पूरी हो पाई है जबकि दूसरे गवाह से जिरह शुरू हुई है। अक्सर हड़ताल और गवाहों के अनुपस्थित रहने के कारण कार्यवाही में देरी हो रही है।

## मुंबई में मोनोरेल ट्रेन डिरेल होकर हवा में लटकी, कर्मचारी घायल

मुंबई (एजेंसी)। वडाला डिपो में विगत सुबह मुंबई मोनोरेल का ट्रायल रन हो रहा था, तभी एक बड़ा हादसा हो गया। दरअसल एक ट्रेन डिरेल होकर हवा में लटक गई, जिससे ट्रेन कैप्टन समेत तीन कर्मचारी घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, हादसा बुधवार सुबह करीब 9-30 बजे हुआ, जब ट्रेन को एक गाइडवे बीम से दूसरे बीम पर शिफ्ट किया जा रहा था। उसी दौरान संतुलन बिगड़ने से ट्रेन का इंजन पटरी से उतर गया और दो बीम के बीच हवा में लटक गया। मोनोरेल संचालित करने वाली महा मुंबई मेट्रो ऑपरेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने मीडिया को बताया कि ट्रेन खाली थी और उसमें कोई यात्री नहीं था। हादसे में ट्रेन का निचला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो फुटेज में ट्रेन झुकी हुई नजर आ रही है। घटना के बाद राहत टीमों ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई शुरू की और शाम तक भारी क्रेन की मदद से ट्रेन को सुरक्षित हटाया गया। इस मामले की जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

## जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल में बर्फबारी से पारा पहुंचा माइनस पर

नई दिल्ली (एजेंसी)। हिमालयी राज्यों जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में सीजन की पहली बर्फबारी से पहाड़ सफेद चादर में लिपटे नजर आ रहे हैं। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में गुलमर्ग व्हाइट वंडरलैंड बन गया है, जहां पर्यटकों की खासी भीड़ भी उमड़ रही है। उत्तराखंड में बद्रीनाथ और केदारनाथ धाम बर्फ से ढंक गए हैं। वहीं, हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों लाहौल-स्पीति, किन्नौर और कुल्लू में भी बर्फबारी शुरु हो गई है। इसके चलते तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार, ताबो में माइनस 2.2 डिग्री, कुकुमसेरी में माइनस 1.8 डिग्री और केलांग में 0.4 डिग्री तक पारा लुढ़क गया है। पहाड़ी राज्यों में हुई बर्फबारी का असर अब मैदानी इलाकों में भी महसूस किया जा रहा है। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, पंजाब और झारखंड में ठंडी हवाओं के कारण तापमान 3 डिग्री तक नीचे चला गया है। इसी बीच मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले तीन दिनों में उत्तर भारत के कई राज्यों में ठंड और बढ़ेगी।

## अब्दुल्ला आजम को सुप्रीम कोर्ट से झटका, एफआईआर रद्द करने से इंकार

नई दिल्ली (एजेंसी)। सपा नेता आजम खान के बेटे अब्दुल्ला आजम खान से जुड़े एक कानूनी मामले से जुड़ी है। सुप्रीम कोर्ट ने अब्दुल्ला आजम खान को पासपोर्ट हासिल करने के लिए फर्जी दस्तावेजों के इस्तेमाल के आरोप में दर्ज एफआईआर (एफआईआर) को रद्द करने से इंकार किया है। सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है। जस्टिस सुंदरेश ने कहा कि ट्रायल कोर्ट पर यकीन करना चाहिए और जब ट्रायल पूरा हो गया है, तब कोर्ट दखल नहीं दे सकती है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भी इसी आधार पर अब्दुल्ला आजम खान की अर्जी खारिज कर दी थी कि केस में पूरा ट्रायल हो चुका है। यह एफआईआर रामपुर की सिविल लाइन थाना पुलिस ने दर्ज की थी। आरोप है कि अब्दुल्ला ने फर्जी दस्तावेजों का सहारा लेकर पासपोर्ट बनवाया। पासपोर्ट में जन्म तिथि 30 सितंबर 1990 दर्ज है, जबकि स्कूल रिकॉर्ड के अनुसार वास्तविक जन्म तिथि 1 जनवरी 1993 है। बताया गया है कि दो पैन कार्ड मामले में भी इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अब्दुल्ला की याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें उन्होंने रामपुर एमपी-एमएलए कोर्ट में चल रहे ट्रायल को रद्द करने की मांग की थी। बात दें कि अब्दुल्ला को पासपोर्ट से जुड़े फर्जी दस्तावेज मामले में सुप्रीम कोर्ट से कोई राहत नहीं मिली है, और मामला अब ट्रायल कोर्ट के निर्णय के अधीन रहेगा।

## एयर इंडिया की चेक-इन प्रणाली में आई बाधा, कई उड़ाने देरी से उड़ी

नई दिल्ली (एजेंसी)। एयर इंडिया की चेक-इन प्रणाली बुधवार को दिल्ली और कुछ अन्य हवाई अड्डों पर बाधित रही, जिससे कई उड़ानों के प्रस्थान में देरी हुई। चेक-इन प्रणाली में यह समस्या तृतीय पक्ष की नेटवर्क कनेक्टिविटी में आई खराबी के कारण उत्पन्न हुई थी। टाटा समूह की एयरलाइन ने पोस्ट में कहा कि अब चेक-इन प्रणाली को बहाल कर दिया गया है लेकिन स्थिति सामान्य होने तक कुछ उड़ानों में थोड़ी देरी हो सकती है। एयर इंडिया ने एक्स पर कहा कि कुछ हवाई अड्डों पर हमारी चेक-इन प्रणाली को प्रभावित करने वाली नेटवर्क कनेक्टिविटी समस्या के कारण उड़ानों के प्रस्थान में देरी हुई, लेकिन अब प्रणाली को बहाल कर दी गई है। सूत्रों के मुताबिक दिल्ली हवाई अड्डे के टर्मिनल टी2 और टी3 पर चेक-इन प्रणाली करीब 70 मिनट तक बंद रहा, जो दोपहर 3.40 बजे से 4.50 बजे के बीच प्रभावित रहा। एयर इंडिया ने यात्रियों से अनुरोध किया कि वे यात्रा से पहले एयरलाइन की वेबसाइट पर अपनी उड़ान की स्थिति अवश्य जांच लें और हवाई अड्डा पहुंचने के लिए कुछ अतिरिक्त समय लेकर चलें। एयरलाइन ने यह स्पष्ट नहीं किया कि इस समस्या से कौन-कौन हवाई अड्डे प्रभावित हुए हैं।

## बंगाल में एसआईआर के डर से एक और शख्स ने की आत्महत्या

### -देश से बाहर कर देने का सता रहा था डर

नई दिल्ली (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी एसआईआर (सामान्य शब्दों में वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन) को लेकर घमासान मचा हुआ है। अब दक्षिण 24 परगना जिले में एक व्यक्ति ने मतदाता सूची से नाम हटने के डर से आत्महत्या की है। मृतक सफीकुल गाजी पिछले कुछ महीनों से भांगड़ में ससुराल में रह रहे थे।

परिजनों ने बताया कि वे विशेष गहन पुनरीक्षण शुरू होने के बाद दहशत में थे। गाजी को डर था कि उनके पास वैध पहचान पत्र न होने के कारण उन्हें देश से बाहर किया जाएगा। तृणमूल कांग्रेस ने इस एसआईआर को लेकर 8वीं आत्महत्या बताकर भाजपा पर भय फैलाने का आरोप लगाया। टीएमसी सांसद ममता बाला ठाकुर के नेतृत्व में मातुआ समुदाय के गुट ने बांग्लादेश से आए सभी शरणार्थियों को बिना शर्त नागरिकता देने की मांग पर ठाकुरनगर में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की। भाजपा नेता शंतनु ठाकुर ने इस घटनाक्रम को वोट राजनीति बताया, जबकि टीएमसी सीएए का विरोध जारी रखे हुए है।

## आरएसएस मामले में अदालत से झटके पर झटका खा रही सिद्धारमैया सरकार



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक उच्च न्यायालय से कांग्रेस की सिद्धारमैया सरकार को एक कानूनी झटका लगा है। कर्नाटक सरकार ने 18 अक्टूबर को आदेश जारी किया था, जिसके तहत किसी भी निजी संस्था या समूह को सरकारी जमीन या इमारत पर कार्यक्रम या सभा आयोजित करने से पहले सरकार/प्रशासन से अनुमति लेनी होगी। दरअसल यह आदेश राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के जुलूस और कार्यक्रमों से पहले जारी किया गया था। इस सरकारी आदेश को पुनश्चेतना सेवा समस्ते और कुछ अन्य याचिकाकर्ताओं ने उच्च न्यायालय में चुनौती दी। उनका तर्क था कि यह आदेश नागरिकों के शांतिपूर्ण तरीके से एकत्र होने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार का उल्लंघन करता है। इस मामले में सुनवाई करते हुए जस्टिस एम. नागप्रसन्ना की सिंगल बेंच ने सरकारी आदेश पर रोक लगा दी। उन्होंने कहा कि यह आदेश नागरिकों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है और सरकार सिर्फ एक आदेश से मौलिक अधिकार खत्म नहीं कर सकती, जब तक कि इसके लिए कोई कानून न बनाया गया हो। इसके बाद सिद्धारमैया सरकार ने इस रोक को हटाने के लिए हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच (जस्टिस एसजी पंडित और गीता केबी की बेंच) में अपील की। लेकिन डिवीजन बेंच ने गुरुवार को कर्नाटक सरकार की अपील खारिज कर दी। अदालत ने कर्नाटक सरकार से कहा कि अगर वह राहत चाहती है, तब वह सीधे डिवीजन बेंच में आने के बजाय, पहले सिंगल जज के सामने वापस जाकर उस अंतरिम आदेश को हटाने के लिए आवेदन दे सकती है। सरकार ने यह भी मांग की थी कि रोक केवल उन याचिकाकर्ताओं पर ही लागू होनी चाहिए जिन्होंने आदेश के खिलाफ याचिका दायर की थी, लेकिन अदालत ने इस मांग को भी ठुकरा कर सिंगल जज के सामने रखने को कहा।

# रजत जयंती पर हुआ उत्तराखंड विधानसभा का विशेष सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

## -सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच सदन में हुई तीखी बहस, तो लगे खूब ठहाके



**उत्तरकाशी (एजेंसी)।** उत्तराखंड राज्य की रजत जयंती पर विधानसभा का विशेष सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। तीसरे दिन सदन में कई बार विधायकों में बहस देखने को मिली तो कई बार सदन में ठहाके भी गूंजे। कपकोट से बीजेपी विधायक सुरेश गड़िया जब अपनी बात रखने खड़े हुए तो संसदीय कार्य मंत्री ने अपनी ही पार्टी के विधायक पर चुटकी लेते हुए कहा कि उनकी तो दाढ़ी के बाल भी नहीं फूटे। इस बात से सदन में कांग्रेसी विधायक भी ठहाके लगाते नजर आए।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कपकोट विधायक सुरेश गड़िया को लेकर सदन में सत्ता पक्ष और विपक्षी सदस्यों ने खूब चुटकियां लीं, उन्होंने बोलना शुरू भी नहीं किया था कि विपक्षी विधायकों ने उनकी हौसला अफजाई शुरू कर दी। संसदीय कार्य मंत्री ने इस पर चुटकी लेते हुए कहा कि उन्हें बोलने दो, तुम तो रोज दाढ़ी बनाते हो, उनके तो अभी बाल भी नहीं आए हैं। इस पर सदन ठहाकों से गूंज उठा। हालांकि गड़िया ने जब बोलना शुरू किया विपक्षी सदस्यों ने भी मेजें बजाकर उनका समर्थन किया।

बता दें विशेष सत्र में बुधवार को भू-कानून, डेमोग्राफी चेंज पर बहस तब और दिलचस्प हो गई जब कांग्रेस विधायक प्रीतम सिंह और बीजेपी विधायक मुन्ना सिंह चौहान आमने-सामने हो गए। जौनसार बावर की सियासत में कट्टर प्रतिद्वंद्वी माने जाने वाले दोनों नेताओं के बीच तीखी बहस से सदन का माहौल काफी गर्मा गया था। दरअसल 25 साल के उत्तराखंड में विकास के कामों और ज्वलंत मुद्दों पर सदन में चर्चा हो रही थी। चकराता विधायक प्रीतम अपनी बात रख रहे थे और मुन्ना बार-बार उठकर उनकी बात को काट रहे थे। डेमोग्राफिक चेंज और अवैध लोगों को हटाने के मामले में मुन्ना सिंह ने कहा कि बनभूलपुरा में जब अवैध लोगों को हटाया गया था, तो कांग्रेस सुप्रीम कोर्ट चली गई। इस पर कांग्रेस के तमाम विधायकों ने कड़ा एतराज जताया और मुन्ना सिंह को घेरा।

मामला में बार-बार टोकने से प्रीतम भी गुस्से में आ गए। मुन्ना ने फिर टोका तो प्रीतम गुस्से में बोल पड़े- क्या दिक्कत है, बार-बार इस तरह बीच में बोल रहे हो। इस पर मुन्ना सिंह ने भी जवाब में कहा कि मुझे धमकाने की कोशिश मत करना। धमकाना मत। दोनों के बीच कुछ देर गर्मागर्मी चलती रही। आखिर में विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने दोनों को शांत कराया।

## दिल्ली के प्रदूषण पर थरुर का तंज... जैसे-जैसे नवंबर का महीना चढ़ेगा, फेफड़ों पर परफॉरमेंस का बोझ बढ़ेगा!

नई दिल्ली (एजेंसी)। मशहूर कांग्रेस नेता शशि थरूर ने दिल्ली में प्रदूषण की स्थिति पर केंद्र और दिल्ली सरकार पर हमला वाला है। उन्होंने तंज कसते हुए लिखा, जैसे-जैसे नवंबर का महीना चढ़ेगा, फेफड़ों पर परफॉरमेंस का बोझ बढ़ेगा! कांग्रेस नेता थरूर ने दिल्ली में पलूशन के स्तर को दिखाती हुई एक तस्वीर शेयर की, जिसमें एक्यूआई के आंकड़ों को दिखाया गया था। शेयर की गई तस्वीर में एक्यूआई लेवल 371 दिखाई दे रहा है, जो कि हजार्ड केटेगरी में रेड दिखाई दे रहा है। उन्होंने पोस्ट में लिखा जैसे-जैसे नवंबर का महीना चढ़ेगा, फेफड़ों पर परफॉरमेंस का बोझ बढ़ेगा! उनके ट्वीट पर कई लोगों के रीट्वीट आए हैं। अरविंद नामक यूजर ने लिखा, कमजोर फेफड़े वालों के लिए डॉक्टरों की सलाह है कि वे चार छह सप्ताह के लिए दिल्ली छोड़ दें। कृपया फेफड़ों पर परफॉर्मेंस का बोझ नहीं डालें। एक यूजर ने अखरोट की तस्वीर शेयर करते हुए तंज कर लिखा, मेरे फेफड़ा का कुछ इलाज बताए। ये अन्य यूजर ने मजाकिया लहजे में समर्थन करते हुए लिखा बिलकुल! एक अन्य यूजर ने दिल्ली सरकार पर हमलावर होकर लिखा, सरकार ने मरने के लिए छोड़ दिया है जनता को? बाहर के देशों में 100-150 पर ही नेशनल इमरजेंसी लग जाती है, ताकि प्रदूषण को ख़त्म करने का प्रयास किया जा सके। भारत में कहीं चुनाव चल रहे हैं, तब प्रदूषण को ख़त्म करना अभी महत्वपूर्ण नहीं है।

# दिल्ली की निचली अदालतों में 15.6 लाख केस पेंडिंग... 700 से कुछ अधिक जज



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में निचली अदालतों में जाने वाले ज़्यादातर लोगों के लिए न्याय के लिए सालों का इंतजार एक कड़वी सच्चाई है। कई रिपोर्ट से पता चलता है कि केस बढ़ते जा रहे हैं। इसकी वजह है कि बढ़ते ज्यूडिशियल बैकलॉग से पेंडेंसी और बढ़ रही है। नेशनल ज्यूडिशियल डेटा ग्रिड (एनजीडीजी) के डेटा के मुताबिक दिल्ली की निचली अदालतों में 15.6 लाख केस पेंडिंग हैं। इसमें 13.5 लाख क्रिमिनल और 2.18 लाख सिविल केस हैं।

दिल्ली की निचली अदालतों में 700 से कुछ अधिक जज हैं। इसका अर्थ है कि हर जज औसतन 2,200 केसों की पेंडेंसी से निपट रहा है। इसमें सबसे बड़ा और अहम सवाल है कि दिल्ली एनसीटी में इतने अधिक पेंडिंग मामलों के पीछे क्या वजह है। वह भी तब, जब यहां की आबादी करीब 3 करोड़ है।

रिपोर्ट के अनुसार जितने केस निपटाए जा रहे हैं, उनकी संख्या तेजी से बढ़ रही है, जबकि जजों की संख्या करीब उतनी ही है। 2018 में 3.78 लाख केस निपटाए गए थे, जबकि 2024 में यह आंकड़ा बढ़कर 7.96 लाख हो गया। हालांकि, तभी नए केस आने की संख्या भी दोगुनी से अधिक हो गई, जो 4.84 लाख से बढ़कर 10.2 लाख हो गई।

अधिकतर पेंडिंग केस हाल ही में शुरू किए गए हैं। सभी पेंडिंग केस में से दो-तिहाई केस 2023 से 2025 के बीच शुरू किए गए हैं। बाकी 94 प्रतिशत केस 2018 के बाद से शुरू किए गए हैं। 2017 से पहले के सालों के केस सभी पेंडिंग केस का सिर्फ 6 प्रतिशत हैं। दिल्ली के दो सबसे पुराने केस 1969 के हैं।

रिपोर्ट के अनुसार हर दिन, दिल्ली में लगभग 700 जज करीब 28,000 मामलों की सुनवाई करते हैं। इसका मतलब है कि हर जज औसतन 40 मामलों की सुनवाई करता है। कुछ जजों के पास 10,000 से अधिक मामले पेंडिंग हैं और वे हर दिन 150 से अधिक मामलों की सुनवाई करते हैं। वहीं, कुछ जजों के पास सिर्फ 60 मामले पेंडिंग हैं और वे हर दिन सिर्फ चार से पांच मामलों की सुनवाई करते हैं।

ऐसा अलग-अलग कोर्ट में सौंपे गए मामलों के नेचर की वजह से है। जो कोर्ट सिर्फ चेक बाउंस के मामले सुनते हैं, वे रोजाना औसतन 120 से अधिक मामले सुन रहे हैं। कानून के मुताबिक, इसतरह के मामलों को छह महीने में निपटा देना चाहिए। हालांकि, बहुत अधिक मामले पेंडिंग होने की वजह से, दो सुनवाई के बीच एक साल का अंतर होता है।

# बुर्का पहने मतदाताओं की कड़ी जांच की जाए... केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह की अपील



**पटना (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बुर्का पहने मतदाताओं की कड़ी जांच की मांग की, ताकि वोटिंग के दौरान किसी भी प्रकार की धांधली न हो सके। उन्होंने कहा कि यह पाकिस्तान या बांग्लादेश नहीं है। ये भारत है। और भारत में शरिया कानून लागू नहीं होगा। उन्होंने भारत को एक धर्मनिरपेक्ष (सेक्युलर) देश बताया, जहां चुनाव आयोग के नियमों के मुताबिक पहचान की जांच जरूरी है। केंद्रीय मंत्री सिंह ने तर्क दिया कि जब बुर्का पहने महिलाएं आधार कार्ड बनवाने, एयरपोर्ट जाने, रिजर्वेशन कराने, या सरकारी योजनाओं का लाभ लेने जाती हैं, तब वे अपना चेहरा दिखाती हैं, इसलिए वोटिंग के दौरान भी पहचान की जांच होनी चाहिए।

उन्होंने बुर्के में फर्जी मतदान का पता लगाने के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के इस्तेमाल पर भी ज़ोर दिया।

वहीं केंद्रीय मंत्री और एलजेपी (राम विलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने गिरिराज सिंह के बयान पर प्रतिक्रिया देकर बेवजह हिंदू-मुस्लिम मुद्दा बनाने की कोशिश बताया। उन्होंने सभी मतदाताओं से वोट डालने और लोकतंत्र के इस उत्सव में हिस्सा लेने की अपील की। उन्होंने बिहार की जनता से अपील की कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर मतदान करे ताकि बिहार के विकास के लिए फिर से एनडीए सरकार बन सके। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के वोट चोरी के आरोपों पर, केंद्रीय मंत्री पासवान ने कहा कि अगर कांग्रेस को अपने दावों पर भरोसा है, तब उन्हें कोर्ट जाना चाहिए, न कि चुनाव आयोग की प्रक्रियाओं पर सवाल उठाना चाहिए।

बिहार चुनाव में पहले चरण की 121 सीटों पर मतदान जारी हैं। वोटिंग सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। मतदान के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं और कुल 45,341 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। 3.75 करोड़ से ज्यादा मतदाता 1,314 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करने वाले है।

# खस्ताहाल सरकार: चुनावी सीजन में लाड़ली, लक्ष्मी, बहिन की बल्ले-बल्ले

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आधी आबादी को अपने पक्ष में करने का आसान तरीका राजनैतिक दलों ने अपनाया है। यही वजह है कि चुनावी सीजन में महिलाओं की बल्ले-बल्ले हो रही है। एक नई रिपोर्ट के अनुसार, अब तक 12 राज्यों ने महिलाओं के लिए बिना शर्त नकद हस्तांतरण योजनाएं शुरू की हैं, जबकि दो साल पहले यानी 2022-23 में ऐसे राज्यों की संख्या मात्र दो थी। पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च की इस ताजा अध्ययन रिपोर्ट के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष (2025-26) में ये 12 राज्य मिलकर 1,68,050 करोड़ रुपये खर्च करेंगे- जो देश के सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 0.5 प्रतिशत है। दो साल पहले यह आंकड़ा 0.2प्रतिशत से भी कम था।

रिपोर्ट में कहा गया है कि जिन राज्यों में आने वाले वर्ष में विधानसभा चुनाव होने हैं, वहां इन योजनाओं पर खर्च में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है। असम में पिछले वित्त वर्ष की तुलना में इन योजनाओं के लिए 31प्रतिशत अधिक राशि आवंटित की गई है। पश्चिम बंगाल में यह वृद्धि 15 प्रतिशत रही है। झारखंड सरकार ने अक्टूबर 2024 में मुख्यमंत्री मायन सम्मान योजना के तहत मासिक राशि 1,000 से बढ़ाकर 2,500 रुपये कर दी। हालांकि, आर्थिक दबाव बढ़ने पर कुछ राज्यों को लाभ राशि घटानी भी पड़ी है। उदाहरण के लिए, महाराष्ट्र सरकार ने अप्रैल 2025 में मुख्यमंत्री लाडकी बहिन योजना की राशि 1,500 से घटाकर 500 रुपये कर दी, खासकर उन महिलाओं के लिए जो पहले से किसानों हेतु चल रही किसी अन्य प्रत्यक्ष लाभ योजना के तहत 1,000 रुपये प्राप्त कर रही थीं। भारतीय रिजर्व बैंक ने पहले ही राज्यों को चेतावनी दी है कि बढ़ती सब्सिडियों, कृषि ऋण माफी और नकद हस्तांतरण योजनाओं से राज्यों की वित्तीय स्थिति पर दबाव बढ़ रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, 12 राज्यों में से छह राज्यों ने वर्ष 2025-26 के लिए राजस्व घाटे का अनुमान लगाया है।

रिपोर्ट यह भी कहती है कि यदि नकद हस्तांतरण योजनाओं के खर्च को हटाकर देखा जाए, तो इन राज्यों की राजस्व स्थिति बेहतर दिखती है। उदाहरण के लिए - कर्नाटक का राजस्व संतुलन 0.3 प्रतिशत अधिशेष से घटकर 0.6 प्रतिशत घाटे में पहुंच जाता है। मध्य प्रदेश में यह अधिशेष 1.1 प्रतिशत से घटकर सिर्फ 0.4 प्रतिशत रह जाता है। चाहे कर्नाटक की 'गृह लक्ष्मी, मध्य प्रदेश की लाड़ली बहना, महाराष्ट्र की 'लाडकी बहिन'या बिहार की 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' हो, लगभग हर राजनीतिक दल अब महिलाओं को नकद सहायता के रूप में राहत देने की कोशिश कर रहा है। इन योजनाओं का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना बताया जाता है, लेकिन राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि ये योजनाएं चुनाव से पहले



महिलाओं तक सीधी पहुंच बनाने का आसान और असरदार तरीका बन चुकी हैं।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 7903538992, 9570107019, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902